@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
मंगलवार, 9 जुलाई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 233 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## मॉस्को में प्रधानमंत्री मोदी का भव्य स्वागत

**सिम्मी कौर बब्बर**

मॉस्को, 8 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 जुलाई से 9 जुलाई तक रूस की यात्रा पर हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को आमंत्रित किया है। दोनों नेता 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर बात होगी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी रक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने पर बातचीत होगी। रूस के दौरे के बाद प्रधानमंत्री मोदी ऑस्ट्रिया भी जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस की राजधानी मॉस्को में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ मुलाकात की। भारतीय समुदाय के सभी लोग मॉस्को स्थित कार्लटन होटल में पीम मोदी से मिलने आए थे। रूस पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें साझा कीं। प्रधानमंत्री ने लिखा, 'मॉस्को पहुंच चुका हूं। उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और भी अधिक मजबूत होगा। रूस-मॉस्को के बीच मजबूत संबंधों से दोनों देशों की जनता का फायदा मिलेगा।' रुस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मंटुरोव, पीएम मोदी को अपनी



कार से होटल ले गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस की राजधानी मॉस्को पहुंच गए हैं। एक बैठक के बाद वे राष्ट्रपति पुतिन के साथ रात्रिभोज में शामिल होंगे। मॉस्को पहुंचने पर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पीएम मोदी 22वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के अनुसार आज पीएम मोदी, रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ एक बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद दोनों नेता रात्रिभोज करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस और ऑस्ट्रिया के तीन दिवसीय दौरे के लिए रवाना हो गए। इस दौरे से पहले पीएम मोदी ने भारत-रूस के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले दस वर्षों में आगे बढ़ी है। मॉस्को दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हूं। रूस के अलावा पीएम मोदी ऑस्ट्रिया दौरे पर भी जाएंगे। उन्होंने ऑस्ट्रिया को भारत का दृढ़ और विश्वसनीय भागीदार बताया। पीएम मोदी ने कहा, हम लोकतंत्र के आदर्शों को साझा करते हैं। मैं नए क्षेत्रों में हमारी साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने की आशा करता हूं।

## अलमारी के पीछे आतंकी अड्डा, सुरंगनुमा बंकर से रची साजिश

जम्मू कश्मीर, 8 जुलाई। जम्मू कश्मीर के जिला कुलगाम में दो जगह चली मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह आतंकवादियों को ढेर कर दिया। मारे गए आतंकियों के ठिकाने से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि एक घर में बनी अलमारी के भीतर आतंकियों ने गुप्त ठिकाना बना रखा था। बाहर से इस ठिकाने को इस तरह से छिपाकर रखा था कि पता ही न चल पाए कि यहां कोई बंकर है भी या नहीं। इस वीडियो के सामने आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां भी सकते में हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस और सुरक्षाबलों की जांच के बाद इस आतंकी ठिकाने का पर्दाफाश हुआ है। कुलगाम मुठभेड़ पर दक्षिण कश्मीर के डीआईजी जावेद अहमद मट्टू ने कहा, 6 जुलाई को शुरू हुआ संयुक्त अभियान 7 जुलाई को समाप्त हुआ, 2 आतंकवादी मारे गए। कुलगाम में शनिवार को दो जगहों पर मुठभेड़ हुई, जो रविवार को दूसरे दिन भी जारी रही। जिले के चिन्नीगाम फ्रिसल में सुरक्षाबलों ने चार और मुदरघम में दो दहशतगर्दों का सफाया किया। हालांकि इस ऑपरेशन के दौरान दो जवान भी बलिदान हुए। आतंकियों के पास से तीन एके -47 राइफल, एक पिस्तौल व गोला-बारूद बरामद किया गया है। मारे गए दहशतगर्द हिजबुल मुजाहिदीन व लश्कर-ए-ताइबा के सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ( टीआरएफ ) से जुड़े हुए थे। मारे गए आतंकियों की शिनाख्त यावर बशीर निवासी कैमोह, जाहिद अहमद डार निवासी यारीपोरा, तौहीद अहमद राथर निवासी, शकील अहमद वानी निवासी कुलगाम के रूप में हुई है।

## जब तक मैं मुख्यमंत्री हूं, किसी को छूट नहीं मिलेगी: शिंदे

मुंबई, 8 जुलाई। महाराष्ट्र के मुंबई में हिट एंड रन मामले में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वे राज्य में इस तरह की घटनाओं को लेकर बेहद चिंतित हैं। सीएम शिंदे ने कहा कि शक्तिशाली और प्रभावशाली लोग व्यवस्था में हेरफेर करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि आम लोगों का जीवन उनके लिए बहुत कीमती है। इसी के साथ उन्होंने राज्य पुलिस विभाग को इन मामलों को गंभीरता से संभालने के निर्देश दिए। सीएम शिंदे ने कहा, मैं महाराष्ट्र में बढ़ते हिट एंड रन मामलों के लिए चिंतित हूं। कुछ शक्तिशाली और प्रभावशाली लोग व्यवस्था में हेरफेर करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा का दुरुपयोग करते हैं। आम लोगों का जीवन मेरे लिए बहुत कीमती है। मैंने राज्य पुलिस विभाग को इन मामलों को गंभीरता से संभालने का निर्देश दिया है। उन्हें न्याय सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है। हम हिट एंड रन मामलों के अपराधियों के लिए सख्त कानून और कठोर दंड लागू कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जब तक मैं राज्य का मुख्यमंत्री हूं, चाहे किसी को भी, चाहे वह अमीर हो, प्रभावशाली हो, या नौकरशाहों या मंत्रियों की संतान हो, किसी भी पार्टी से जुड़ा हो, इन मामलों में छूट नहीं मिलेगी। मैं किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं करूंगा। मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार को एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई। कार मिहिर शाह चला रहा था। पुलिस को शक है कि मिहिर घटना के समय नशे में था। आरोपी अभी फरार है। उसे ढूंढने के लिए लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया है। पुलिस ने बताया कि मिहिर शाह ने बीती रात जुहू के एक बार में शराब पी थी। घर जाते समय उसने चालक से उसे लॉन्ग ड्राइव पर ले जाने को कहा।

## मणिपुर को जरूरत है कि पीएम यहां आएं और जनता की आवाज सुनें: राहुल गांधी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

इंफाल, 8 जुलाई। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी सोमवार को मणिपुर दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। वे मणिपुर के लोगों से मिलने राहत शिविर भी पहुंचे। शाम को उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मैं तीसरी बार यहां आया हूं। मैंने सोचना था कि ग्राउंड पर काफी सुधार होगा, लेकिन मुझे यह देखकर निराशा हुई कि स्थिति अभी भी वैसी नहीं है, जैसी होनी चाहिए। मैंने शिविरों का दौरा किया और वहां लोगों से उनका दर्द सुना। मैं प्रधानमंत्री से अनुरोध करना चाहता हूं कि मणिपुर को जरूरत है कि पीएम यहां आए और यहां जो हो रहा है उसे समझे और जनता की आवाज सुनें। यहां के लोग और पूरा देश चाहता है कि वह यहां आए। राहुल गांधी ने कहा कि मैं जो भी कर सकता हूं, करने के लिए तैयार हूं। कांग्रेस पार्टी यहां शांति वापस लाने के लिए जो भी कर सकती है, करने के लिए तैयार है। हमने राज्यपाल से बातचीत की और हमने राज्यपाल से कहा कि हम हर संभव तरीके से



मदद करना चाहेंगे, हमने अपनी नाराजगी भी व्यक्त की और कहा कि हम यहां हुई प्रगति से खुश नहीं हैं। मैं इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहता, यह मेरा इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं समझता हूं कि पूरा मणिपुर दर्द में है, पीड़ित है और उसे जल्द से जल्द इस पीड़ा से बाहर निकलने की जरूरत है। मैं सभी से शांति के बारे में सोचने, भाईचारे के बारे में सोचने की अपील करता हूं। हिंसा और नफरत से कोई समाधान नहीं निकलने वाला है। इसलिए अगर हम शांति के बारे में सोचना शुरू कर सकते हैं, प्यार के बारे में सोचना शुरू कर सकते हैं, तो यह मणिपुर के लिए एक बहुत बड़ा कदम होगा। राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और मैं उपलब्ध हैं, जब भी आप चाहें मैं यहां आ सकता हूं। मुझे यहां आकर खुशी होगी और मैं आपकी बातें सुनकर खुश हूं और विपक्ष के नेता के रूप में आपकी मदद करने की कोशिश करूंगा। भारत सरकार और हर कोई जो खुद को देशभक्त मानता है, उसे आगे आना चाहिए और यहां के लोगों को गले लगाना चाहिए। मणिपुर के लोगों से बात करें और मणिपुर में शांति लाएं। राहुल ने कहा कि मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री यहां आएं, मणिपुर के लोगों की बात सुनें और मणिपुर में क्या हो रहा है, इसे समझने की कोशिश करें।

## पहले से तय था प्रलय आना: भोले बाबा

हाथरस, 8 जुलाई। सत्संग हादसे की जांच के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में गठित न्यायिक जांच आयोग के सामने रविवार को 4 घंटे में 34 प्रत्यक्षदर्शियों ने बयान दर्ज कराए। ज्यादातर गवाहों ने भगदड़ में 121 मौतों का कारण बाबा की बाबा की चरण रज लेने की होड़ और सेवादार व सुरक्षाकर्मियों की लापरवाही को बताया। सिकंदराराऊ के ब्रजबिहारी कौशिक ने कहा कि वह भगदड़ की घटना के दौरान वह मौके पर ही मौजूद थे। सत्संग समाप्त होने के बाद जब बाबा मंच से जाने लगे, तभी भीड़ उनके पीछे-पीछे दौड़ने लगी। इस दौरान वहां भगदड़ मच गई। जब हम लोगों ने भीड़ को ऐसा करने और भगदड़ से लोगों को बचाने का प्रयास किया तो वहां तैनात बाबा के सुरक्षाकर्मियों ने हम लोगों जाने नहीं दिया और रोक लिया। कौशल प्रताप सिंह और ओमवीर सिंह राना ने बताया कि बाबा के पैर छूने और फूलों को लूटने के लिए लगी होड़ के चलते भीड़ अनियंत्रित हो गई और वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। यही हादसे की वजह बनी। वहीं, हादसे में एक और आरोपी राम प्रकाश शाक्य को पुलिस ने रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया। रिमांड मजिस्ट्रेट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले घटना के मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर व अन्य आरोपी संजू यादव को शनिवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। एक और ऑडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें बाबा के दो भक्त आपस में मोबाइल पर बातें कर रहे हैं। उनकी बातचीत की यह रिकार्डिंग है। जिसमें एक भक्त कह रहा है कि पहले से तय था यह प्रलय आना।

## चिदंबरम के बयान पर फिर से बरसे उपराष्ट्रपति धनखड़

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 8 जुलाई। देश में 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम) लागू हो गए हैं। इसे लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के पार्ट टाइमर वाले बयान के बाद राजनीति गरमाई हुई है। दरअसल चिदंबरम ने कहा था कि तीन नए आपराधिक कानूनों का मसौदा अंशकालिक (पार्ट-टाइमर) लोगों ने तैयार किया था। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिदंबरम पर फिर से निशाना साधा है। उनका कहना है कि संसद के सदस्य विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लिए बिना अपनी सहमति दर्ज करा रहे हैं। यह दूसरी बार है, जब उपराष्ट्रपति ने चिदंबरम पर निशाना साधा है। राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए धनखड़ ने चिदंबरम का नाम लिए बिना कहा, 'उन्होंने राज्यसभा में कुछ भी नहीं कहा जबकि वे उस समिति के सदस्य रह चुके हैं। अगर समिति में शामिल कोई सदस्य, समिति के समक्ष अपनी बात रखता है तो समिति



द्वारा इस पर विचार किया जा सकता है। उस सदस्य के पास सदन की कार्यवाही में अपनी बात रखने का एक बड़ा अवसर होता है। धनखड़ ने आगे कहा, 'आप अपने संवैधानिक कर्तव्य को नहीं निभा रहे, आप चर्चा में शामिल नहीं हो रहे, आप अपनी बातों को आगे नहीं बढ़ा रहे। फिर आप सदन के बाहर आकर कुछ अलग ही बयान देते हैं। इस तरह से आप अपना अधिकार खो देते हैं।' धनखड़ ने चिदंबरम का नाम ने लेते हुए इस बात पर जोर दिया कि कुछ सदस्य सदन की कार्यवाही में हिस्सा न लेकर और चुप रहकर अपनी सहमति जता रहे हैं। आपको बता दें कि शनिवार को कांग्रेस नेता पी.चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों पर कड़ा प्रहार किया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसे अहम विधेयक को विधि आयोग के पास भेजा जाना चाहिए था और समिति के अंशकालिक (पार्ट टाइमर) सदस्यों को इसका मसौदा तैयार नहीं करना चाहिए था।

## न्यायालय ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

प्रयागराज, 8 जुलाई। जिला न्यायालय ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्र ने वाद दायर किया था। जिसके आधार पर कोर्ट ने आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। अब नोटिस जारी कर कांग्रेस नेता से जवाब मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी। बता दें कि जयराम रमेश ने एक जून को एक बयान जारी कर कहा था कि गृहमंत्री अमित शाह जिला कलेक्टर्स को फोन पर धमकी दे रहे हैं। परिणाम भाजपा के पक्ष में लाने के लिए वह 150 से अधिक कलेक्टर्स को फोन कर चुके हैं।


## प्रशांत किशोर के पास गए तो लालू की पार्टी कार्रवाई करेगी

पटना, 8 जुलाई। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की पार्टी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल की ओर से जारी किए गए पत्र का राज से पर्दा नहीं पा रहा। अब राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने जगदानंद सिंह ने आपलोग मामले को घुमाकर पेश कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। स्पष्ट कहा कि अगर इस मामले में ज्यादा सवाल पूछेंगे तो मैं उठकर चला जाउंगा। दरअसल, राजद की ओर से जनसुराज और प्रशांत किशोर को लेकर एक पत्र जारी किया गया था। इसमें राजद का नाम लिखा हुआ था और इसपर जगदानंद सिंह के हस्ताक्षर थे। पत्र में राजद कार्यकर्ताओं, नेताओं से अपील की गयी है कि वह राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की प्रस्तावित पार्टी जन सुराज में शामिल नहीं हो। इस पत्र में जन सुराज को भारतीय जनता पार्टी की बी टीम तक कह दिया गया था। उसके बाद से बिहार की सियासत गरमा गई। बता दें कि सोमवार को राजद कार्यालय में लंबे अरसे के बाद जगदानंद सिंह ने बाढ़ के मुद्दों पर बातें की। उन्होंने नीतीश सरकार पर भी निशाना साधा। बाढ़ पर उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार जिम्मेदार पद पर हैं। उन्हें इस मामले को देखना चाहिए। सबको यह जानकारी है कि बाढ नेपाल में है, और नदियां बिहार से गुजरते हुए सारी पानी को लेकर जाती हैं। गंडक और कोसी दो बडी नदियां हैं। दोनों का डिस्चार्ज आठ लाख क्यूसेक से ऊपर होता है। खतरे की संभावना बन गयी है। जगदानंद सिंह ने कहा कि हमारे तटबंध आठ लाख क्यूसेक पानी से बचाने के लायक हैं, लेकिन हमारे बचाने का औजार जो हमारे तटबंध हैं, उसे बचाने की जिम्मेदारी सरकार की है।

## कमलेश को जिताओ, विधायक के साथ सीएम पाओ: मुख्यमंत्री सुक्खू

**सौरभ शर्मा**

देहरागोपीपुर (कांगड़ा), 8 जुलाई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि देहरा का चुनाव देहरा के सम्मान की लड़ाई है और पूर्व विधायक होशियार सिंह को जनता सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर को जिताएं और विधायक के साथ मुख्यमंत्री भी पाएं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का अगला राज्य स्तरीय कार्यक्रम देहरा में मनाया जाएगा और इस कार्यक्रम से पहले पौंग बांध विस्थापितों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक ने साढ़े छह साल में देहरा की किसी समस्या के लिए धरना नहीं दिया, लेकिन अपना इस्तीफा स्वीकार कराने के लिए वह विधानसभा के बाहर धरने पर बैठ गए और कोर्ट भी गए, क्योंकि उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर एक चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश रची, जो असफल रही। उन्होंने कहा कि इस बार होशियार सिंह की होशियारी नहीं चलेगी और वह देहरा की जनता को झूठ बोल कर गुमराह नहीं कर पाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि होशियार सिंह छह साल तक वह अपने क्षेत्र का विकास कराने में



असफल रहे। क्षेत्र के विकास के लिए मिलने वाली विधायक निधि से वह अपने फाइव स्टार रिजॉर्ट के लिए एक करोड़ का रास्ता बनवा रहे हैं। सरकारी फंड का दुरुपयोग कर रिजॉर्ट के लिए डंगे लगाए जा रहे हैं, जबकि देहरा की सड़कों का बुरा हाल है। होशियार सिंह को देहरा की जनता की नहीं, अपने रिजॉर्ट की चिंता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने धनबल की राजनीति को नकार कर कांग्रेस के विधायकों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी है। अब कांग्रेस की संख्या में तीन और बढ़ने वाली है और 13 जुलाई को कांग्रेस के विधायक 41 हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर की जनता विकास को चुनेगी और होशियार सिंह का पैसा किसी काम नहीं आएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व विधायक भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिके हैं और देहरा की जनता के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा कि देहरा के सम्मान की लड़ाई में भाजपा के ईमानदार कार्यकर्ता भी कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर का साथ देंगे और होशियार सिंह को जमीन दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर दिन में सपने देख रहे हैं और मुख्यमंत्री बनने की उनकी हसरत कभी पूरी नहीं होगी। जनता को ठगने के लिए वह बार-बार भाजपा सरकार बनने के झूठे दावे कर रहे हैं और अब जनता भी उनका मजाक बना रही है।

## कुलपति नियुक्ति समिति के प्रमुख होंगे पूर्व मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित

नई दिल्ली, 8 जुलाई। भारत के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित को पश्चिम बंगाल में राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति की निगरानी के लिए खोज-सह-चयन समिति का प्रमुख सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नियुक्त किया। टीएमसी और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के साथ विवाद चल रहा है कि राज्य के विश्वविद्यालयों को संचालित कैसे किया जाए? पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और सत्तारूढ़ टीएमसी सरकार के बीच राज्य के विद्यालयों के संचालन को लेकर विवाद है। राज्यपाल राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति भी है। सोमवार को इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने निर्देश दिया कि एक समिति का गठन किया जाए। जिसके पूर्व मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित प्रमुख होंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि दो सप्ताह के भीतर समिति गठित की जाए। राज्य सरकार और राज्यपाल कार्यालय दोनों ही पैनल के गठन पर सहमत हो गए। समिति में न्यायमूर्ति ललित के अलावा पांच सदस्य शामिल होंगे। ये प्रत्येक विश्वविद्यालय में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए वर्णानुक्रम में तीन नामों का एक पैनल तैयार करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पूरी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए निर्धारित समय अवधि तीन महीने है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित समिति की सिफारिशें मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने कहा, यदि मुख्यमंत्री को कोई उम्मीदवार अनुपयुक्त लगता है, तो सहायक सामग्री और टिप्पणियां दो सप्ताह के भीतर कुलाधिपति (राज्यपाल) को भेज दी जाएंगी। समिति का पारिश्रमिक राज्य द्वारा वहन किया जाएगा। पूर्व सीजेआई ललित को समिति की प्रत्येक प्रभावी बैठक के लिए तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए गठित खोज समिति में सदस्यों की संख्या तीन से बढ़ाकर पांच करने के लिए एक संशोधन विधेयक पारित किया था। भाजपा ने पश्चिम बंगाल विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक, 2023 का विरोध करते हुए आरोप लगाया था कि नई खोज समिति कुलपतियों की नियुक्ति पर सत्तारूढ़ पार्टी के नियंत्रण को और बढ़ाएगी।

## यह तो साफ है कि पेपर लीक हुआ, परीक्षा में धांधली पर सुप्रीम टिप्पणी

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 8 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। याचिका में पांच मई को हुई परीक्षा रद्द करने, एनटीए को दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने और अनियमितताओं के संबंध में कोर्ट की निगरानी में जांच किए जाने की मांग की गई। कुछ याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट से दोबारा परीक्षा कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि कसूरवार और बेकसूरों की पहचान करना संभव नहीं है। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए को परीक्षा रद्द करने से रोकने की मांग वाली गुजरात के 50 से अधिक सफल परीक्षार्थियों की याचिका पर भी सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने कहा, एक बात तो साफ है कि प्रश्न-पत्र लीक हुआ है। सवाल यह है कि इसकी पहुंच कितनी व्यापक है? पेपर लीक होना एक स्वीकार्य तथ्य है। लीक की प्रकृति कुछ ऐसी है, जिसका हम पता लगा रहे हैं। आप केवल इसलिए पूरी परीक्षा रद्द नहीं कर सकते, क्योंकि दो छात्र धांधली में शामिल थे। इसलिए हमें लीक की प्रकृति के बारे में सावधान रहना चाहिए। दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले हमें लीक की सीमा के बारे में जानना होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि हम 23 लाख छात्रों के मामले को सुन रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि केंद्र और एनटीए ने इस गड़बड़ी से किन-किन छात्रों को फायदा पहुंचा? यह जानने के लिए क्या कार्रवाई की? सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से पूछा कि लीक होने के कारण कितने छात्रों के परिणाम रोके गए। कोर्ट ने पूछा कि ये छात्र कहां हैं? भौगोलिक तौर पर ये छात्र कहां कहां हैं? क्या हम अभी भी गलत काम करने वालों का



पता लगा रहे हैं और क्या हम लाभार्थियों की पहचान कर भी पाएं हैं? सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि परीक्षा को दोबारा से कराना सबसे आखिरी विकल्प होना चाहिए। मामले में जो कुछ भी हुआ, उसकी जांच देश भर के विशेषज्ञों की एक बहु-अनुशासनात्मक समिति से कराई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम पढ़ाई-लिखाई की सबसे प्रतिष्ठित शाखा से निपट रहे हैं। हर मध्यम वर्ग का व्यक्ति चाहता है कि उनके बच्चे या तो चिकित्सा या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करें। यह मानते हुए कि हम परीक्षा रद्द नहीं करने जा रहे हैं। हम ऐसे लोगों की पहचान कैसे करेंगे, जिन्हें इस धांधली का फायदा हुआ है। क्या हम काउंसलिंग होने देंगे और अब तक क्या हुआ है? सुप्रीम कोर्ट ने साइबर फोरेंसिक यूनिट को शामिल करने, एआई का उपयोग करके गलत काम करने वालों की संख्या का पता लगाने और उनके लिए फिर से परीक्षा की संभावना तलाशने के बारे में पूछा। कोर्ट ने सीबीआई को जांच की स्थिति बताते हुए रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह बताए कि प्रश्नपत्र पहली बार कब लीक हुआ। वह प्रश्नपत्र लीक होने की घटना और 5 मई को परीक्षा आयोजित होने के बीच की समय अवधि के बारे में भी बताए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 11 जुलाई की तारीख तय की। देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा नीट-यूजी आयोजित की जाती है।

## नाइजीरियाई राष्ट्रपति टीनूबू बने इकोवास के अध्यक्ष

**एजेंसी**

**अबुजा।** नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू को पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) के अध्यक्ष के रूप में फिर से चुना गया है। नाइजीरिया की समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि श्री टीनुबू को पहली बार नौ जुलाई 2023 को गिनी-बिसाऊ में इस पद के लिए चुना गया था।



## अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी के निदेशक मिस्र का दौरा करेंगे

**काहिरा।** अमेरिकी केंद्रीय खुफिया एजेंसी के निदेशक विलियम बर्न्स गाजा पट्टी में युद्ध विराम और बंधकों की अदला-बदली पर बातचीत में शामिल होने के लिए एक सप्ताह के भीतर मिस्र की राजधानी काहिरा का दौरा करने की योजना बना रहे हैं। मिस्र के प्रसारक अल काहेरा न्यूज ने एक उच्च पदस्थ सूत्र के हवाले से बताया कि युद्ध विराम वार्ता को फिर से शुरू करने के लिए कुछ घंटों के भीतर एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल के भी मिस्र की राजधानी में पहुंचने की उम्मीद है।



## इराक में दो कार दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर में हुई दो कार दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और अन्य छह घायल हो गए। यह जानकारी एक पुलिस सूत्र ने दी। मेजर अला अल-सादी ने सिन्हुआ से कहा कि एक दुर्घटना में, असावधानी और तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण बगदाद और उत्तरी शहर किरकुक के बीच मुख्य सड़क पर कार पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। अल-सादी ने कहा कि एक अलग दुर्घटना में, किरकुक के दक्षिण में एक सड़क पर दो कारों की टक्कर में एक सैनिक की मौत हो गई और तीन सैनिकों सहित छह लोग घायल हो गए। योजना मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल-ज़हरा अल-हिंदवी ने पिछले महीने कहा था कि मंत्रालय की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 2023 में 11,552 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 3,019 लोगों की मौत हुई, मुख्य रूप से यातायात नियमों में लापरवाही करने और बिगड़ती सड़क की स्थिति के कारण ये दुर्घटना और मौतें हुईं।




## जापान द्वीप समूह में 6.3 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** जापान के पश्चिमी ओगासावारा द्वीप समूह में सोमवार सुबह 6.3 तीव्रता का भूकंप आया। स्थानीय मौसम एजेंसी ने यह जानकारी दी। जापानी मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 5:02 बजे आया, जिसकी तीव्रता ओगासावारा गांव में जापानी भूकंपीय तीव्रता पैमाने 7 पर 3 मापी गई। भूकंप का केंद्र पश्चिमी ओगासावरा द्वीप समूह में 530 किलोमीटर की गहराई में 27.1 डिग्री उत्तर अक्षांश और 139.0 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था। भूकंप से सुनामी की कोई चेतावनी नहीं दी गई है, किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

## फ्रांस के न्यू पॉपुलर फ्रंट ने जीता चुनाव

**पेरिस।** फ्रांस के गृह मंत्रालय ने कहा कि वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन ने फ्रांस में संसदीय चुनाव में जीत प्राप्त करते हुए 577 सदस्यीय नेशनल असेंबली में 182 सीटें हासिल की हैं। दूसरे स्थान पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन रही, जिसे 168 सीटें प्राप्त हुई। दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी ने संसदीय चुनावों में तीसरा स्थान प्राप्त किया और देश की संसद के निचले सदन में 143 सीटें हासिल कीं। रिपब्लिकन पार्टी ने 45 सीटें प्राप्त की, जबकि बाकी पार्टियों को कुल मिलाकर 39 सीटें प्राप्त हुईं।




## हंगरी के प्रधानमंत्री ओरबान अचानक पहुंचे चीन, राष्ट्रपति जिनपिंग से की मुलाकात

**एजेंसी**

**बीजिंग।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान रूस और यूक्रेन की यात्रा के बाद अचानक चीन पहुंचे और राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने यह जानकारी दी। ओरबान यूक्रेन में शांति समझौते की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए चीन पहुंचे हैं। ओरबान की यह यात्रा पिछले सप्ताह यूक्रेन और रूस की इसी तरह की अघोषित यात्रा के कुछ ही दिनों बाद हो रही है, जहां उन्होंने प्रस्ताव दिया कि यूक्रेन, रूस के साथ तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत होने पर विचार करे। यूक्रेन और यूरोपीय संघ ने रूस की यात्रा को लेकर ओरबान की आलोचना की है।

ओरबान ने कहा, ''दोनों युद्धरत देशों से बात करने वाले देशों की संख्या कम होती जा रही है। हंगरी धीरे-धीरे यूरोप में इकलौता ऐसा देश बनकर उभर रहा है, जो हर किसी से बात कर सकता है।' हंगरी ने महीने की शुरुआत में यूरोपीय संघ की छह महीने की क्रमिक अध्यक्षता संभाली थी। इस दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया था कि ओरबान यूरोपीय परिषद के शीर्ष प्रतिनिधि के तौर पर मॉस्को आए थे। यूरोपीय परिषद के कई शीर्ष अधिकारियों ने पुतिन की बात को खारिज किया था और कहा था कि ओरबान को द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के अलावा कुछ भी करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। यूरोपीय संघ में पुतिन के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले ओरबान ने यूक्रेन की सहायता करने और युद्ध के लिए मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने के यूरोपीय संघ के प्रयासों को नियमित रूप से अवरुद्ध, विलंबित या कमजोर किया है। वह लंबे समय से यूक्रेन में शत्रुता समाप्त करने की वकालत करते रहे हैं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि इसका देश की क्षेत्रीय अखंडता या भविष्य की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ेगा।



## गाजा में इजरायली हमले में कई फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी**

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी के गाजा शहर के पूर्वी इलाकों में इजरायली हमलों में दर्जनों फिलिस्तीनी मारे गए या घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों ने सोमवार को सिन्हुआ से कहा कि रविवार को बमबारी के कारण बच्चों सहित कई घायलों को उत्तरी गाजा के कमाल अदवान अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह गोलाबारी तब हुई जब इजरायली सेना ने तुफ़ा, दाराज और अन्य क्षेत्रों के निवासियों को तुरंत गाजा शहर के पश्चिमी भाग में आश्रयों में जाने का निर्देश दिया।

इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय अद्राई ने रविवार को एक बयान में कहा कि तुफ़ा, ओल्ड टाउन, दाराज और अन्य क्षेत्रों के सभी निवासियों और विस्थापित व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे अपनी सुरक्षा के लिए तुरंत पश्चिमी गाजा शहर में स्थापित आश्रयों में चले जाएं। उत्तरी गाजा में इंडोनेशियाई अस्पताल के निदेशक मारवान सुल्तान ने गाजा शहर में बैपटिस्ट अस्पताल को खाली कराने के बाद अस्पताल के विभागों में आपातकाल की स्थिति घोषित की। इससे पहले 28 जून को, इजरायली सेना ने तुफ्फा और दाराज से सटे शेजैया इलाके में जमीनी अभियान शुरू करने की घोषणा की थी।

उल्लेखनीय है कि इजरायल ने सात अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के उत्पात का बदला लेने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू किया है, जिसके दौरान, लगभग 1,200 लोग मारे गए और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया।



## कराची में हुए आतंकी हमले में अधिकारी की मौत

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में हुए एक आतंकवादी हमले में आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) का एक अधिकारी मारा गया। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने दी। सीटीडी के उप महानिरीक्षक आसिफ ऐजाज शेख ने रविवार को मीडिया से कहा कि मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात आतंकवादियों ने सीटीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी पर उस समय गोलियां बरसा दीं, जब वह कराची के करीमाबाद इलाके में अपने दोस्त से मिलने गए थे, जिससे वह और एक सुरक्षा गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। सीटीडी अधिकारी ने कहा कि घायल सीटीडी अधिकारी ने नजदीकी अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हमले के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। पुलिस ने कहा कि यह सीटीडी कर्मियों पर एक लक्षित हमला था और उनके बुलेट-प्रूफ वाहन से बाहर आने के बाद हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं।



## मेरिका के डेट्रॉयट में हुई गोलीबारी में दो की मौत, 19 घायल

**एजेंसी**

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के डेट्रॉइट शहर में सुबह हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गए। यह जानकारी मिशिगन राज्य पुलिस द्वारा प्रदान की गई। जांच में डेट्रॉइट पुलिस विभाग की सहायता कर रही राज्य पुलिस ने रविवार को एक ट्वीट में कहा कि घटना के लिए अभी तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पीड़ितों को सेंट जॉन अस्पताल ले जाया गया है। डेट्रायट में एक जून को भी गोलीबारी हुई थी जब 100 से ज्यादा लोग एक ब्लॉक पार्टी में शामिल थे और चार लोगों को गोली मार दी गई।



## एनर्जी बोट चैलेंज में भारतीय टीम ने लगाई पुरस्कारों की हैट्रिक, मोंटे कार्लो में किया शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** भारतीय प्रतिभागियों की टीम सी शक्ति ने 11वें मोनाको एनर्जी बोट चैलेंज में इतिहास रच दिया। प्रतिभागियों ने इनोवेशन, डिजाइन व कम्युनिकेशन पुरस्कार जीते। भारतीय टीम का यह अबतक का सबसे बेहतर प्रदर्शन था, जिसमें उसने लगातार तीसरे साल कम्युनिकेशन पुरस्कार हासिल किया।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद टीम सी शक्ति के रोशन ने कहा, हमने इस साल तीन पुरस्कार जीते। यह अब तक का हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। हालांकि, हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन अगले साल और मजबूत वापसी करने के लिए दृढ़ हैं। कोयंबटूर के कुमारगुरु कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग की स्नातक छात्रा व टीम की एक अन्य सदस्य हेमलता ने कहा, हम तीसरी बार एमईबीसी में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय टीम हैं।

**यूरोप को पछाड़ा**

इस साल डिजाइन व इनोवेशन पुरस्कार जीतना विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इन श्रेणियों में भारतीय टीम ने यूरोप में पछाड़ा, जहां नावें संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। मोनाको एनर्जी बोट चैलेंज में एनर्जी श्रेणी में 18, सोलर में 13 तथा ओपन सी श्रेणी में 15 टीमें शामिल हुईं। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद छात्र बेहद उत्सहित नजर आए।

## पैसों की कमी के कारण नहीं करा पाया बेटी का इलाज, 15 दिन की मासूम को पिता ने जिंदा ही दफनाया

**एजेंसी**

**थारूशाह।** पाकिस्तान में आर्थिक संकट का दौर बना हुआ है। इस बीच थारूशाह से एक बेहद ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल, पैसों की कमी के कारण पिता अपनी बेटी का इलाज नहीं करा पा रहा था, जिसके कारण उसने अपनी 15 दिन की बेटी को जिंदा ही दफना दिया। पुलिस ने आरोपी पिता की पहचान तैयब के तौर पर की है। आरोपी पिता ने वित्तीय तंगी का हवाला देते हुए आरोप को स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि वह नवजात को दफनाने से पहले उसे एक बोरे में रखा था। तैयब के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि अदालत के निर्देश के अनुसार, बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम प्रक्रियाओं के माध्यम से फॉरेंसिक जांच के लिए खोला जाएगा। एक अन्य घटना में लाहौर के डिफेंस बी इलाके में एक पति और पत्नी ने 13 वर्षीय घरेलू नौकरानी के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपियों ने नौकरानी के कपड़े उतारे और उसके साथ मारपीट भी की। पीड़िता की मां ने आरोपी हसम के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इस घटना के संबंध में पुलिस ने हसम को हिरासत में लिया। उसकी पत्नी को पकड़ने की कोशिश जारी है। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता तहरीम के साथ लगातार शारीरिक शोषण किया गया। चोरी के संदेह पर उसके कपड़े उतारे गए और उसके साथ मारपीट भी की गई। पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी बेटी के हाथ और नाक में फ्रैक्चर हो गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कैंट ने आश्वासन दिया कि इस घटना में शामिल सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।



## पादरी ने सबको खड़े होने के लिए कहा, पर मंच पर ही बैठे रह गए राष्ट्रपति जो बाइडन, स्वास्थ्य पर फिर उठे सवाल

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** पेंसिल्वेनिया में एक अभियान में जब पादरी ने सभी को खड़ा होने के लिए कहा तो जो बिडेन लगभग 25 सेकेंड तक अचेत अवस्था में बैठे रहे। इस दिनों वैसे ही उनको अयोग्य बताकर राष्ट्रपति की दौड़ से बाहर निकालने की मांग भी बढ़ रही है।

अमेरिका के राष्ट्रपति पद की बहस में जो बाइडन की डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद से ही उनके पद की रेस से बाहर होने की मांग उठने लगी। मंच पर वैसे पर तो जो बाइडेन अक्सर कुछ न कुछ गलतियां करते रहे हैं। कभी वे स्तब्ध रह गए, गलत भी बोले फिर एक जगह बस देखते ही रह गए।

अब हाल ही में नॉर्थवेस्ट फिलाडेल्फिया में माउंट एरी चर्च ऑफ गॉड इन क्राइस्ट में बाइडेन का स्वागत किया गया। चर्च में उन्होंने भाषण दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य अमेरिका को फिर से एकजुट करना है। उन्होंने कहा कि मैं यह काम लंबे समय से कर रहा हूं। और अगर ईमानदारी से कहूं तो मैं अमेरिका के भविष्य का लेकर पहले कभी आशावादी नहीं रहा। अगर हम साथ मिलकर काम करें। हमें अमेरिका में सम्मान और उम्मीद वापस लानी होगी। इस बीच अजीब घटना यह हुई कि जब फिलाडेल्फिया के एक चर्च में जो बाइडेन तब भी बैठे रहे जब पादरी ने सभी को खड़े होने के लिए कहा। लगभग 25 सेकेंड तक वे कुसी पर बैठे रहे। वहीं पुरानी बहस के बाद उन्होंने कहा था कि उनका पीछे हटने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा मैं चुनाव लड रहा हूं मैं, डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार हूं, कोई भी मुझे बाहर नहीं धकेल रहा, मै नहीं जा रहा हूं। उनके वीडियो के कमेंट में कई यूजर ने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। एक यूजर ने कहा कि ये भी पता नहीं चल पा रहा है कि उन्हें खड़ा होना चाहिए या नहीं। उनके पास परमाणु कोड हैं? यहां तक कि एक डेमोक्रेट को भी यहां समस्या होगी। एक यूजर ने कहा कि उन्हें मनोभ्रंश और पक्षपात है। वह सेवा करने के लिए अयोग्य हैं। एक यूजर ने लिखा कि वे पूरी तरह से खो गए हैं।



## सुलावेसी द्वीप में बारिश से आई आपदा, सोने की खदान में भूस्खलन से कई लोग मिट्टी में दबे; 12 की मौत

**एजेंसी**

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर कई दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से बड़ा हादसा सामने आया है। यहां सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश की वजह से एक अवैध सोने की खदान में भूस्खलन हो गया। भूस्खलन की वजह से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 18 लोगों का फिलहाल कुछ पता नहीं लगा।

**इतने लोगों को जिंदा बचाया**

स्थानीय बचाव एजेंसी बसरनास के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि गोरोनटालो प्रांत के सुमावा जिले में रविवार सुबह हुए भूस्खलन में खनिकों और अवैध खदान के पास रहने वाले निवासियों की मौत हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे में मिट्टी के नीचे दबे पांच लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। हालांकि, बचाव दल सोमवार को 18 लापता लोगों की तलाश कर रहा है।

**बचाव अभियान में आ रही मुसीबत** :हेरियांतो ने बताया, 'हमने लापता लोगों की तलाश के लिए राष्ट्रीय बचाव दल, पुलिस और सैन्यकर्मियों समेत 164 कर्मचारियों को तैनात किया है। वहीं, बचाव कर्मचारियों को भूस्खलन स्थल तक पहुंचने के लिए करीब 20 किलोमीटर यानी 12.43 मील का रास्ता तय करना पड़ रहा है। यहां सड़क पर कीचड़ और क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से बचाव अभियान में मुसीबत आ रही है।'

**कुछ घर भी तबाह**

उन्होंने कहा कि लोगों को बचाने के लिए अगर संभव हो सका तो एक्सवेटर का भी इस्तेमाल करेंगे। एजेंसी की माने तो भूस्खलन से कुछ घर भी तबाह हो गए हैं। इंडोनेशिया की आपदा एजेंसी (बीएनपीबी) ने कहा कि भूस्खलन से कई घर और एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। उसने निवासियों तो चेतावनी दी है कि सोमवार और मंगलवार को गोरोनटालो प्रांत के कुछ इलाकों में अभी भी बारिश हो सकती है और लोगों से सतर्क रहने को कहा है।

**पहले भी हो चुका है भूस्खलन**

दक्षिण सुलावेसी में अप्रैल में एक भूस्खलन में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह घटना भी भारी बारिश के चलते ही हुई थी। वहीं, इंडोनेशिया के पश्चिम सुमात्रा प्रांत में मई में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ और मिट्टी खिसकने से 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।



## नाटो शिखर सम्मेलन में यूक्रेन के लिए मजबूत समर्थन पेश करेगा अमेरिका, बाइडन कर सकते हैं कई बड़े एलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इस सप्ताह नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आयोजित नाटो शिखर सम्मेलन में यूक्रेन के लिए अमेरिका अपना मजबूत समर्थन पेश करेगा। इसके अलावा यूरोपीय देशों के लिए सैन्य राजनीतिक और वित्तीय समर्थन बढ़ाने के लिए अमेरिका द्वारा महत्वपूर्ण नई घोषणाएं करने की संभावना है। बता दें कि इस साल मार्च में स्वीडन को नाटो के सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। इसी के साथ यह सम्मेलन नाटो की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ को भी चिह्नित करेगा। वर्तमान में यह 32 देशों का एक मजबूत गठबंधन है।

एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने कहा, 'यह वास्तव में यूरो-अटलांटिक की सुरक्षा के लिए आवश्यक रहा है। यह अमेरिका और हमारे सहयोगियों के लिए आ रहे खतरों को रोकता है।' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के कुछ ही दिन बाद नाटो शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारी ने कहा, 'इससे पुतिन को एक कड़ा संदेश जाएगा कि अगर उन्हें ऐसा लगता है कि वे यूक्रेन का समर्थन करने वाले देशों को मात दे सकते हैं, तो वह गलत हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'हम दुनिया को यह संदेश देने जा रहे हैं कि हम एकजूट होकर लोकतांत्रिक मूल्यों के समर्थन में खड़े हैं।'

**वॉशिंगटन में शुरू होगा शिखर सम्मेलन**

वॉशिंगटन में नाटो शिखर सम्मेलन मंगलवार को शुरू होगा। राष्ट्रपति बाइडन सभी नेताओं का स्वागत करेंगे। 10 जुलाई को राष्ट्रपति बाइडन नाटो के 32 सहयोगियों की बैठक में सबसे नए सदस्य के रूप में स्वीडन का स्वागत करेंगे। इसके बाद शाम में वह नाटो के सभी नेताओं को व्हाइट हाउस में डिनर के लिए आमंत्रित करेंगे।



**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## चुनाव में वामपंथी गठबंधन के आगे निकलते ही भड़की हिंसा, कहीं आग का मंजर कहीं सड़कों पर भागते दिखे लोग

**एजेसी**

**पेरिस।** फ्रांस में संसदीय चुनाव के दूसरे चरण के लिए वोटिंग हुई। चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना जारी है। शुरुआती रुझानों के सामने आते ही पूरे देश में हिंसा भड़क उठी। दरअसल, रुझानों में वामपंथी गठबंधन आगे निकल गया है। वहीं, फ्रांस की पहली कट्टर दक्षिणपंथी सरकार बनाने की मरीन ली पेन के सपने को झटका लगा है। ऐसे में यहां नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने दंगा भड़का दिया। यहां प्रदर्शनकारियों को सड़कों पर भागते, आग जलाते और उपद्रव करते हुए देखा गया। इन दंगों को रोकने के लिए बड़ी संख्या में दंगा रोधी पुलिस की तैनाती की गई है।

**इसलिए मध्यावधि में हुए चुनाव**

गौरतलब है, फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था, लेकिन यूरोपीय संघ में नौ जून को अपनी पार्टी रेनेसां की बड़ी हार के बाद राष्ट्रपति मैक्रों ने समय पूर्व संसद भंग कर बड़ा जोखिम लिया है। 30 जून को पहले दौर के चुनाव में मरीन ली पेन की नेशनल रैली को अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली थी। उनकी पार्टी को सबसे ज्यादा 35.15 प्रतिशत वोट मिले, जबकि 27.99 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे नंबर पर वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) गठबंधन रहा। मैक्रों की रेनेसां पार्टी सिर्फ 20.76 फीसदी वोट हासिल कर सकी। दूसरे दौर के लिए सिर्फ वही प्रत्याशी मैदान में हैं, जिन्हें पहले चरण में 12.5 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले हैं।

**देश में हिंसा भड़की**

देश में भड़की हिंसा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में नकाबपोश प्रदर्शनकारी को सड़कों पर दौड़ते, आग जलाते, उपद्रव करते और शहर में अशांति फैलाते हुए देखा जा सकता है। इन लोगों को तितर-बितर करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस भी मौजूद रही।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव परिणामों ने फ्रांसीसी राजनीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखा। यहां उस समय सियासी उथल-पुथल मच गई, जब वामपंथी गठबंधन बहुमत का दावा करने के लिए तैयार था। इससे पेरिस में जश्न और हिंसा का मिलाजुला माहौल देखने को मिला।

**एनएफपी को सबसे ज्यादा बहुमत**

चुनाव बाद आए शुरुआती रुझानों में एनएफपी को सबसे ज्यादा बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया। वहीं, इमैनुअल मैक्रों की सत्तारूढ़ पार्टी दूसरे और दक्षिणपंथी नेशनल रैली तीसरे स्थान पर रह सकती है। चुनावी रुझानों के बाद प्रधानमंत्री अट्टल ने इस्तीफा देते हुए कहा था कि यदि उनका इस्तीफा अस्वीकार कर दिया जाता है तो वह अपना उत्तराधिकारी नियुक्त होने तक अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए पद पर बने रहेंगे, क्योंकि पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होने वाले हैं।

**इसलिए जुटे लोग**

इस खबर की खुशी में हजारों लोग पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में एकत्र हुए, जिससे प्रधानमंत्री इमैनुएल मैक्रों के मध्यमार्गी गुट, जिसे दूसरा स्थान मिला था, के मुकाबले गठबंधन को मिले व्यापक समर्थन का पता चला। वहीं, इस उलटफेर से कंजर्वेटिव हैरान रह गए क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि मरीन ले पेन की नेशनल रैली सत्ता पर कब्जा कर लेगी। गुस्साए लोग पेरिस की सड़कों पर उतर आए हैं। वहीं पुलिस अधिकारी भीड़ को नियंत्रित करने में जुटे। इतना ही नहीं अधिकारियों ने झड़पों के बीच आंसू गैस के गोले भी छोड़े।

# दिल्ली में घरेलू विवाद पर पत्नी को चाकू से गोदा, बाद में खुद की भी ले ली जान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पीतमपुरा इलाके में घरेलू विवाद में पति पर आरोप है कि उसने अपनी पत्नी को चाकू से गोद दिया। महिला को जब पड़ोसी बचाने आया तो उसे भी चाकू मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद पति ने खुद ही गला रेतकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मौर्या एनक्लेव थाना पुलिस ने तीनों को घायल अवस्था में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला के पति को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला और उसके पड़ोसी की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस इस बाबत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर घटना के बाकी संभावित कारणों की भी जांच कर रही है। नॉर्थ वेस्ट जिले की एडिशनल डिप्टी संध्या स्वामी के मुताबिक, मृतक युवक की पहचान अंताब के रूप में हुई है। उसकी पत्नी सीमा की हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि पड़ोसी राजन की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने अंताब के शव पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक सीमा की हालत क्रिटिकल बनी हुई थी। उनका ऑपरेशन चल रहा था। पुलिस ने बताया कि अंताब अपनी पत्नी सीमा और चार बच्चों के साथ पीतमपुरा जीपी ब्लॉक की झुग्गी में रहते थे। वह मजदूरी कर परिवार चलाते थे। मगर कुछ समय से वह बेरोजगार थे।

# नोएडा का निठारी कांड: सुप्रीम कोर्ट ने सीरियल किलर सुरेंद्र कोली को नोटिस किया जारी, अब बचना नामुमकिन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश का चर्चित निठारी कांड एक बार फिर चर्चा में आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार और सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुरेंद्र कोली नोटिस जारी किया है। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने निठारी कांड के मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को बरी कर दिया था। जिसके बाद यूपी सरकार और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में इस फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 8 जुलाई यानी सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए पहले से लंबित सभी मामलों को अपने साथ मिलाकर सुरेंद्र कोली नोटिस जारी किया है। यूपी सरकार और सीबीआई की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए एसजी तुषार मेहता ने कहा, 'वह एक सीरियल किलर है। वह छोटी बच्चियों को बहला-फुसलाकर अपने जाल में फंसाता था। उन्हें मारता था। उन्हें पकाता था। ट्रायल कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने इसे पलट दिया। यह वाकई भयावह है।' अब मामले की अगली सुनवाई की तारीख सामने नहीं आई है। माना जा रहा है कि सीबीआई और योगी सरकार के इस कदम से सुरेंद्र कोली की मुश्किलें बढ़ेंगी।

# गाजियाबाद के विकास भवन में आग से हड़कंप : फाइलें जलने का अंदेशा, फायर बिग्रेड ने आग पर पाया काबू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित विकास भवन में आग लग गई। आग की खबर से कलेक्ट्रेट में हड़कंप मच गया। आग में कुछ फाइलें और अन्य सामान जलने का अंदेशा है, हालांकि नुकसान की अभी पुष्टि नहीं हुई है। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है।

# साफ करते हुए चला तमंचा, जन्मदिन पर किशोर की छाती में लगी गोली

**मोदीनगर।** मोदीनगर थानाक्षेत्र के रोरी गांव में किशोर कमरे में बैठा तमंचा साफ कर रहा था। अचानक तमंचे से चली गोली। गोली 18 वर्षीय सूरज की छाती में लगी है। परिजनों ने उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस का कहना है कि प्रथमदृष्टया यह एक हादसा प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# ब्लू लाइन और रेड लाइन मेट्रो के दोनों ओर 500 मीटर तक विकसित होगा ट्रांजिट क्षेत्र

**ग़ाज़ियाबाद।** ग़ाज़ियाबाद शहर के निवासियों के लिए बड़ी ख़बर है। ख़ासतौर से ब्लू लाइन मेट्रो और रेड लाइट मेट्रो जिन इलाकों से होकर गुज़र रही है, उन इलाकों को बड़ा फ़ायदा होने वाला है। उत्तर प्रदेश सरकार के टॉप अधिकारियों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) को मेट्रो कॉरिडोर के साथ 500 मीटर के दायरे में ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) क्षेत्र विकसित करने का निर्देश दिया है। जीडीए के अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार से अधिसूचना जारी होने के बाद टीओडी क्षेत्रों को परिभाषित किया जाएगा और मसौदा प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2031 में शामिल किया जाएगा। जीडीए के मास्टर प्लान 2031 को आने वाले महीनों में अंतिम मंजूरी मिलने की संभावना है, जिसके बाद यह मौजूदा मास्टर प्लान 2021 की जगह ले लेगा। टीओडी क्षेत्र आवासीय, वाणिज्यिक और अन्य प्रकार गतिविधियों वाला मिश्रित भूमि उपयोग वाला इलाका होगा। अब देशभर में टीओडी की अवधारणा तेजी से बढ़ रही है। इसका उद्देश्य जीवंत, स्थायी और रहने योग्य इलाकों का निर्माण करना है, जो आमतौर पर उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेन प्रणालियों के आसपास केंद्रित होते हैं।

# पीएम का रूस और ऑस्ट्रिया का तीन दिवसीय दौरा

## मोदी बोले-पुतिन के साथ द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के लिए तैयार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए। अपनी यात्रा के पहले चरण में, पीएम मोदी भारत और रूस के बीच 22वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मास्को में होंगे। रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि वह अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए उत्सुक हैं।

अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए, पीएम मोदी ने कहा, 'अगले तीन दिनों में मैं रूस और ऑस्ट्रिया में रहूंगा। ये यात्राएं इन देशों के साथ संबंधों को गहरा करने का एक शानदार अवसर होंगी। मैं इन देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करूंगा।

रवाना होने से पहले पीएम ने कहा, 'भारत और रूस के बीच




विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले दस वर्षों में आगे बढ़ी है, जिसमें ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और लोगों से लोगों का आदान-प्रदान शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर दृष्टिकोण साझा करने के लिए तैयार हूं। हम एक शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए एक सहायक भूमिका निभाना चाहते हैं। यह यात्रा मुझे रूस में भारतीय समुदाय से मिलने का अवसर भी प्रदान करेगी।'

राष्ट्रपति पुतिन प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में एक रात्रिभोज का आयोजन करेंगे।

मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। उसके बाद वह मास्को में प्रदर्शनी स्थल पर रोसाटॉम मंडप का दौरा करेंगे। इन मुलाकातों के बाद दोनों नेताओं के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी।

प्रधानमंत्री मंगलवार दोपहर को मास्को से वियना के लिए रवाना होंगे। ऑस्ट्रिया में, प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलन और चांसलर कार्ल नेहमर से मुलाकात करेंगे।

# ग्रामीण को बिना रीडिंग के थमाया 39 हजार रुपये का बिल

**एजेंसी**

**नोएडा।** बिजली निगम की लापरवाही से ग्रामीण उपभोक्ता इन दिनों काफी परेशान चल रहे हैं। निगम ने जेवर क्षेत्र के खाजपुर गांव में रहने वाले एक उपभोक्ता को बिना रीडिंग के करीब 39 हजार रुपये का बिल थमा दिया। जबकि पुराना हैबतुपर निवासी एक ग्रामीण 14 यूनिट बिजली का 672 रुपये का बिल थमा दिया गया है। बिल देखकर दोनों उपभोक्ता परेशान हो गए। उन्होंने इसकी शिकायत निगम के वरिष्ठ अधिकारियों और सोशल मीडिया अकाउंट पर की है।

**बिल देखकर चकराया दिमाग**

खाजपुर गांव के रहने वाले ग्रामीण का कहना है कि बिजली निगम ने बिना रीडिंग के उन्हें 39 हजार रुपये का बिल दिया। वह इस बिल को लेकर कई बार बिजली निगम में शिकायत कर चुके हैं। अभी तक समाधान नहीं हो पाया है। इसी वजह से उन्होंने पूरे मामले की शिकायत ऑनलाइन की है। वहीं दूसरा मामला इटाहारा विद्युत वितरण खंड के पुराना हैबतपुर गांव में सामने आया है। जहां उपभोक्ता नसीम अख्तर ने मामले की शिकायत इटाहारा विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता से की। इस पर कोई सटीक आश्वासन न मिलने पर उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी शिकायत की। वहां उन्होंने बताया कि उनका महज 14 यूनिट बिजली का बिल 672 रुपये बना दिया गया। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र में शिकायत पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे अगले माह बिल ठीक होने की बात कहकर गलत बिल जमा कराने का प्रयास किया गया।

# दिल्ली के वसंत कुंज में पार्क बचाने की मुहिम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली के पॉश इलाके वसंत कुंज के इकलौते विकसित पार्क को बचाने के लिए स्थानीय लोग आगे आए हैं। इलाके के करीब 500 रेसिडेंट्स ने विवेकानंद पार्क को बचाने के लिए कैंडल लाइट मार्च निकाला और लंबे संघर्ष का ऐलान किया। गंगा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष एन एस मोर के प्रयासों के बाद बने इस पार्क में गंगा , यमुना , सरस्वती और नर्मदा चारों सोसाइटी के रेसिडेंट्स योग , घूमने टहलने और आराम करने के लिए आते हैं। इसके साथ ही महिलाएं और बच्चे सुबह शाम इस पार्क का लाभ उठाते हैं।

**डीडीए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का करना चाहता है निर्माण**

सालों से उपेक्षा का शिकार रहे डीडीए के इस पार्क को विकसित करने में गंगा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने कड़ी मेहनत की और बच्चों के खेलने के लिए झूले,वॉकिंग ट्रैक, लाइट्स, डेकोरेशन स्थापित करने में अच्छी धनराशि भी खर्च की लेकिन अब डीडीए का कहना है कि वह इस स्थल पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण करेगा।

**इलाके में पहले से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मौजूद**

स्थानीय रेसिडेंट्स का कहना है इस जगह से महज 300 मीटर की दूरी पर 15 साल पहले बने नर्मदा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पूरी तरह से जर्जर पड़ा है। इसकी एक भी दुकान न तो बिकी है और न ही किराये पर उठ पाई है। उनका कहना है कि करोड़ों रूपये से बना यह नर्मदा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पूरी तरह खंडहर बन चुका है, तो ऐसे में एक नया शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मह सरकारी धन की बर्बादी होगी।

# एलजी ने 5000 शिक्षकों का ट्रांसफर ऑर्डर रोका, आतिशी ने कहा, 'षड्यंत्र फेल हो गया'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली में 5000 शिक्षकों के ट्रांसफर के आदेश पर एलजी ने रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए 'षड्यंत्र' नाकाम होने पर खुशी जताई है।

अपने एक्स हैंडल पर आतिशी ने बीजेपी को इसका जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा, 'दिल्ली के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को बधाई! 2 जुलाई को 5000 से ज़्यादा शिक्षकों के ट्रांसफ़र के ऑर्डर को वापस ले लिया गया है। भाजपा ने दिल्ली की शिक्षा क्रांति को रोकने के लिए एलजी साहब के माध्यम से हज़ारों शिक्षकों के ट्रांसफ़र करवा दिए थे। परंतु दिल्ली वालों के संघर्ष के कारण, यह षड्यंत्र फेल हो गया। केजरीवाल सरकार दिल्ली के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहें इसके लिए हमें कितनी भी लड़ाई लड़नी पड़े।' उपराज्यपाल ने राज्यपाल को विभिन्न सरकारी स्कूल शिक्षक संघों से कई ज्ञापन प्राप्त हुए थे और आज राज निवास में उनके



यह सुझाव दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद दिया। इस दल में राजधानी के कई सांसद भी शामिल थे। राजभवन ने सिलसिलेवार ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। कहा, 'उप प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।? इसमें कहा गया है, 'एलजी वी.के. सक्सेना, जो सरकारी कर्मचारियों के लिए बेहतर सेवा शर्तों के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं ने मुख्य सचिव और शिक्षा निदेशालय को शिक्षकों से संबंधित हाल के स्थानांतरण आदेशों पर सहानुभूतिपूर्ण, समग्र और निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी है।÷ इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया है कि अंतरिम अवधि के लिए आदेशों को स्थगित रखा जाए। पिछले महीने दिल्ली शिक्षा विभाग की ओर पांच हजार शिक्षकों के ट्रांसफर का आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के तहत उन शिक्षकों का ट्रांसफर किया जाना था जो एक ही स्कूल में पिछले 10 साल से काम कर रहे थे। निदेशालय को तबादलों को आगे न बढ़ाने के लिखित निर्देश जारी करने वाली आतिशी ने गुरुवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार से तत्काल तबादलों को रोकने को कहा था। उनका आरोप था कि इस प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा, 'यह आदेश पूरी तरह से गलत और शिक्षा विरोधी है।'

# आतिशी के नेतृत्व में कालकाजी विधानसभा में हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को और ग्रीन बनाने की मुहिम के तहत केजरीवाल सरकार ने इस साल शहर भर में 65 लाख पौधे लगाने का निर्णय लिया है। इसके तहत शहर भर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पौधारोपण के इस अभियान में कालकाजी विधानसभा के लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कालकाजी विधायक और कैबिनेट मंत्री आतिशी के नेतृत्व में कालकाजी में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कालकाजी विधानसभा में योगा पार्क, पॉकेट-ए सुखदेव विहार; तिकोना पार्क, एच ब्लॉक, कालकाजी; श्याम सुंदर पार्क, सी ब्लॉक, कालकाजी; इनर सर्किल पार्क बी-ब्लॉक कालकाजी और जी-ब्लॉक पार्क कालकाजी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही आने वाले दिनों में कालकाजी के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। इस अवसर पर आतिशी ने भी आम, आंवला, अशोक सहित कई प्रकार के पौधे लगाए। लोगों को संबोधित करते हुए आतिशी ने कहा, पर्यावरण का



संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी साथ मिलकर ही अपने शहर को साफ-सुंदर और हरा भरा बना सकते हैं। इसलिए सभी को प्रण लेना चाहिए कि वो पेड़-पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दें और एक साफ़-सुथरी हरी-भरी दिल्ली के निर्माण में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि इस साल दिल्ली में अप्रत्याशित गर्मी पड़ी। तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और पूरी दिल्ली को हीटवेव के साथ तपती गर्मी का सामना करना पड़ा। ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो, इसके लिए सबसे कारगर उपाय पौधारोपण ही है। हम जितने पेड़-पौधे लगायेंगे, हमारा पर्यावरण उतना ही बेहतर बनेगा और ऐसी अप्रत्याशित गर्मी की स्थिति पैदा नहीं होगी। आगे उन्होंने कहा कि इस दिशा में केजरीवाल सरकार दिल्ली में हरियाली और बढ़ाने के लिए इस साल शहर में 65 लाख पौधे लगवा रही है। शहर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लोग उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील करते हुए कहा कि पौधारोपण की इस मुहिम में लोग दिल्ली सरकार के साथ आकर इसे एक जनआंदोलन बनाएं और ज़्यादा से ज़्यादा पौधे लगाकर अपनी दिल्ली की और ज़्यादा ग्रीन बनाएं।

# मुंडका हाट स्टेशन से नजफगढ़ सप्लीमेंट्री ड्रेन के बीच 4.5 किमी लंबी ड्रेन का होगा निर्माण

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** किराड़ी क्षेत्र में होने वाले जलजमाव को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यहां जलजमाव की समस्या को दूर करने के लिए केजरीवाल सरकार नजफगढ़ सप्लीमेंट्री ड्रेन और मुंडका हाट रेलवे स्टेशन के बीच 4.5 किमी लंबी ड्रेन का निर्माण कराएगी।

यहां 4.5 किमी लंबी मुख्य ड्रेन के निर्माण से लोगों को बरसात के दिनों में होने वाले जलजमाव से राहत मिलेगी। ड्रेन के बनने से तेज बरसात में भी तेज़ी से जल-निकासी हो सकेगी और इससे किराड़ी विधानसभा के कई कालोनियों को राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि तेज बरसात के दौरान किराड़ी विधानसभा के कई हिस्सों में नालियों के ओवरफ़्लो होने से बरसात के पानी की निकासी में समय लगता है और जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती है। इस समस्या को लेकर लोग परेशान थे, जिसका संज्ञान लेते हुए दिल्ली सरकार ने नजफगढ़ सप्लीमेंट्री ड्रेन और मुंडका हाट रेलवे स्टेशन के बीच 4.5 किमी कालोनियों से तेज़ी से पानी की निकासी हो सकेगी।

ड्रेन का निर्माण रेलवे लाइन के साथ होना है। इस बाबत दिल्ली

# बसपा प्रदेशाध्यक्ष की हत्या के बाद चेन्नई पुलिस कमिश्नर का तबादला

चेन्नई, 8 जुलाई। तमिलनाडु बहुजन समाज पार्टी के प्रमुख के आर्मस्ट्रॉन्ग की चेन्नई में उनके घर के सामने हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के बाद चेन्नई के पुलिस कमिश्नर का तबादला कर दिया गया है। उनके स्थान पर वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ए अरुण को तैनाती दी गई है। तमिलनाडु के बसपा प्रमुख की शुक्रवार को हत्या कर दी गई। बाइक सवार छह लोगों ने उनके घर के पास ही उनकी हत्या कर दी। इस मामले में अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह पिछले साल गैंगस्टर अर्कोट सुरेश की हत्या से जुड़ा बदला लेने के लिए की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि अर्कोट सुरेश के परिवार को संदेह है कि आर्मस्ट्रॉन्ग ने ही हत्या की साजिश रची थी। शुक्रवार को हुई इस घटना के बाद वर्तमान चेन्नई पुलिस कमिश्नर का तबादला कर दिया गया है। एनडीआरएफ और सीआईएसएफ में रहे चुके आईपीएस अधिकारी संदीप राय राठौर की जगह वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ए अरुण को नियुक्त किया जाएगा। अरुण कुमार वर्तमान में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था हैं। वहीं संदीप राय राठौर को अब पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, चेन्नई का डीजीपी नियुक्त किया है। अरुण की जगह डेविडसन देवसिरवथम को राज्य डीजीपी कानून और व्यवस्था नियुक्त किया है। आर्मस्ट्रॉन्ग की हत्या के बाद बीएसपी सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को यहां अपने पार्टी सहयोगी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**Name Change**

I, hitherto known as BHAWNA D/o ANANT PRAKASHANAND residing at House No. C-92-93, Gandhi Vihar, North West Delhi - 110009 have changed my name and shall hereafter be known as SANT GAUTAM PURI.

**Name Change**

I, No-14851528X, Rank-HAV/CLK (SD) Name- NARESH BHARDWAJ S/o SH. PRAKASH CHAND R/o VILL-SEO, PO-NASWAL, TEH-GHUMARWIN, DISTT-BILASPUR, HIMACHAL PRADESH -174021 have changed my mother's name from MEERAN DEVI to MEERA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 08/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I PRAMILA GUPTA D/O GYAN CHAND GOYAL, AND W/O MUKESH KUMAR GUPTA, R/O E145 FIRST FLOOR, KALKA JI, NEW DELHI 110019,HAVE CHANGE MY NAME TO PROMILA JINDAL, FOR ALL PURPOSE.

**Name Change**

I, RAJ KUMAR S/o BALBIR SINGH R/o B-65, HAIBATPURA GOPAL NAGAR, NAJAFGARH, SOUTH WEST DELHI-110043 have changed the name of my minor Son DHAN RAJ aged 15 years and he shall hereafter be known as DHEERAJ.

**Name Change**

I Rekha W/o Rajesh Mundhra R/o Flat No. 902, T-12 Maxcity Ramprastha Greens, Vaishali, Ghaziabad, Uttarpradesh - 201010 have changed my name to Rekha Mundhra for all future purposes.

**Name Change**

I, GHANSHYAM SINGH S/O RAJAWARAM residing at 79 PATPARGANJ VILLAGE BEHIND JAIN MANDIR PATPARGANJ DELHI-110091 have changed my name to GHANSHYAM KUMAR permanently

**Name Change**

I KAMRUDDIN KHAN S/O FAKIR MOHAMMAD R/O M-114 FOURTH FLOOR BACK SIDE ABUL FAZAL, ENCLAVE PART-1 JAMIA NAGAR OKHLA DELHI-110025 HAVE CHANGE MY NAME TO KAMARUDDIN KHAN FOR ALL PURPOSE.

**Name Change**

I Rekha Rathi W/o Rajesh Mundhra R/o Flat No. 902, T-12 Maxcity Ramprastha Greens, Vaishali, Ghaziabad, Uttarpradesh - 201010 have changed my name to Rekha Mundhra for all future purposes.

**Name Change**

I, hitherto known as SHASHI RAJ alias VIKASH KUMAR S/o LAGANDEV RAY, Permanent R/o Kripal Tola Fatwah, Patna, Bihar - 803201, and Present R/o B1/254 3rd Floor New Moti Nagar, Ramesh Nagar, West Delhi, Delhi - 110015 have changed my name and shall hereafter be known as SHASHI RAJ.

**Name Change**

I, hitherto Known as RAJU GUPTA alias CHANDER BHAN S/o HIRA LAL residing at 25, BG - Block, East Shalimar Bagh, North West Delhi, Delhi - 110088 have changed my name and shall hereafter be known as CHANDER BHAN.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमति **इन्दू अरोडा** (INDU ARORA) पत्नी **विमल कुमार**, निवासी **मकान नं. के–2/12, मॉडल टाऊन–2, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली –110009**, ने अपनें पुत्र **वरूण अरोडा** (VARUN ARORA) और पुत्रवधू **हिन्ना अरोडा** (HEENA ARORA) के साथ संबंध–विच्छेद कर लिया है। पुत्र एवं पुत्रवधू की शादी के बाद से घर में कोई सामंजस्य न रहने और लगातार उनके आपसी कलह व झगड़े होने के परिणामस्वरूप वो दोनों मेरे मुवक्किल को वित्तीय, चिकित्सा व्यय और अन्य कर्तव्य प्रदान करने में विफल रहें हैं।

अब, मेरे मुवक्किल ने अपने प्रति, उन दोंनों के अभद्र व शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण उन्हें अपनी सभी चल–अचल सम्पंत्ति से बेदखल कर दिया है।

यदि कोई भी व्यक्ति/संस्थान, मेरे मुवक्किल के पुत्र एवं पुत्रवधू से भविष्य में किसी भी प्रकार का लेन–देन करता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं उसी व्यक्ति/संस्थान की होगी, मेरे मुवक्किल या उनके परिवार के अन्य किसी भी सदस्य की जिम्मेदारीं नहीं होगी।

**GURDIP SINGH DUA**
**(Advocate) Enrolment No. D/235/1977**

**Name Change**

I, RAJENDERI DEVI Wife of JC-682487A NB SUB GYAN SINGH R/o VILL-DANDU, PO-PENGHORE, TEH-KUMHER, DISTT-BHARATPUR, RAJASTHAN-321202 have changed my name from RAJENDERI DEVI to RAJENDRI DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 08/07/2024 before Notary Public, Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल श्री तहसीन पुत्र श्री स्वर्गीय खलील अहमद मकान नंबर H. No–E/193, गाली न॰,6. चाँद बाग करावल नगर, नार्थ ईस्ट दिल्ली–110094 ने अपने पुत्र दानिश उम्र 32 वर्ष से उनके गलत आचरण के कारण अपने संबंध विच्छेद कर लिये है व उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पती से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कार्य के लिए मेरे मुवक्किल तहसीन जिम्मेदार नहीं होंगे यदि कोई व्यक्ति उनसे किसी भी प्रकार का लेन–देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

**HEENA (ADVOCATE)**
Ch No F-714 Lawyers
Block KKD Court, Delhi 110032

**(BEDAKHAL)**

That I, IRSHAD AHMED and my wife SAHAISTA PARVEEN declare as under that I disowned my Son`s MOHD ZAID and his wife FARAH from my all movable/immovable/Patrick properties/assets for wrong behaviour. Hereafter I shall not be held responsible for any kind of acts done by him in money or transaction and any illegal/legal and property purpose in future. That he debarred from entering my premises situated at H NO-331-19/3, THIRD FLOOR, BHAGAT SINGH ROAD, CHANDAN NAGAR, VAISH EYE HOSPITAL, KRISHNA NAGAR, DELHI-110051.

**Name Change**

It is for general information that I, VINOD KUMAR S/o RADHA CHARAN R/o RZ B-32, Nihal Vihar, Nangloi, West Delhi, Delhi-110041, declare that name of mine has been wrongly written as VINOD in my minor daughter namely RADHIKA aged 13 years in her School Record. The actual name of mine is VINOD KUMAR, which may be amended accordingly.

**Name Change**

It is for general information that I, S. BHARATH-- S/O K. SRINIVASAN R/o 1F, NEETHI APARTMENTS, CGHS LTD, PATPARGANJ, I P EXTENSION, LAXMI NAGAR, DELHI-110092, declare that name of my minor son been wrongly written as B VRISHANK aged 7 years in his Birth Certificate No-MCDOLIR-2117-006867435 The actual name of my minor son is VRISHANK BHARATH, which may be amended accordingly.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform you that Sh. Jai Gopal has agreed to create mortgage the herein described property in favour of My Client AADHAR HOUSING FINANCE LIMITED, Uttam Nagar Branch, Delhi, after execution of Sale Deed in his favour. Seller(s) Namely Smt. Divya Gupta has agreed to sell their Property "First Floor, Front Side, Without Roof Rights, Property Bearing No.47/B, area measuring 62.1 Sq. Yds., Out of Khasra No. 123, 131, 132 and 146, Situated in the Revenue Estate of Village Bindapur, Delhi, Area abadi colony known as Vani Vihar, Uttam Nagar, New Delhi-110059. Hence any co- sharer(s) namely Sh. Vimal Bhatia, Sh. Roshan Lal Goyal, Smt. Gunwati Jindal, Sh. Kishan Jindal, or any previous owner(s) of the Property having any claim against/or in respect of the said property or any part thereof by way of Sale, Exchange, Mortgage (Equitable or Deposit of the Title Deeds Otherwise), Gift, Trust, Inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, Partnership, Possession, Lease. Sub-Lease. Tenancy, License, Lien, Charge, Pledge, Easement or otherwise howsoever are hereby requested to notify the same in writing to the undersigned with supporting document(s) or documentary evidence at address mentioned herein below within 7 (seven) Days from the date hereof, failing to which the claim(s), if any, of such person(s) will be considered to have been waived and/or abandoned any my client shall proceed with the disbursement of loan and creation of mortgage of the above mentioned property.

Dated : 08-07-2024
Place : Delhi

Advocate Ghanshyam Singh,
Ch. E-713 Karkardooma Courts,
Delhi-110032; Ph-8810212071

**NOTICE**

Public at large is hereby informed that our client M/s. S K S International is the owner of Entire Second Floor, without Roof Rights, Built up Property No. M-48, admeasuring 286 sq. yds., Situated at Greater Kailash Part-II, New Delhi-110048 vide Sale Deed dated 20/04/2024 executed by (1) Mr. Anup Gulati and (2) Mr. Sunil Reharilal Gulati in favour of M/s. S K S International through its Partner Mr. Surjit Singh in respect of Entire Second Floor, without Roof Rights, duly registered as Doc. No. 2024/7/I/3323, in Book No. I, Volume No. 6299, on Pages 97 to 128, Dated 20/04/2024. (SR-South Hauz Khas) Initially, Deed of Conveyance dated 05/03/1975 executed by M/s. DLF United Limited in favour of (1) Mr. B.L. Gulati, (2) Mrs. Indra Gulati, (3) Mr. Anup Gulati and (4) Mr. Sunil Gulati in respect of said property. Later, (1) Mr. B.L. Gulati, (2) Mrs. Indra Gulati, (3) Mr. Anup Gulati and (4) Mr. Sunil Gulati entered into a Collaboration Agreement dated 17/03/1990 with M/s. Bhatia Properties (P) Ltd. (Builder) for the Construction of Said Property with Basement, Ground Floor, First Floor and Second Floor, who alongwith M/s. Bhatia Properties (P) Ltd. (Confirming Party) sold Entire First Floor and Entire Basement Floor to others vide Sale Deed dated 22/10/1991, Doc. No. 6834 and Sale Deed dated 22/10/1991 Doc. No. 6835, Respectively. Unfortunately, Mr. Behari Lal Gulati expired leaving behind his last Regd. WILL dated 27/12/1993 in favour of his wife Mrs. Indira Gulati if she Predecease him then in favour of his two sons Mr. Anup Gulati and Mr. Sunil Gulati in respect of Half Shares of Ground Floor and half Share of Second Floor (Barsati Floor). Unfortunately, Mrs. Indra Gulati expired leaving behind her last Regd. WILL dated 24/07/1997 in favour of (1) Mr. Sunil Gulati (Ground Floor and Half Share of Land and Terrace) and (2) Mr. Anup Gulati (Half Share in Barsati Floor) and other Properties and Finally, Sale Deed dated 20/04/2024 executed in favour of our abovementioned client who intends to mortgage the said immovable property for bonafide requirements to HDFC BANK LTD. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.

NEW DELHI
DATE: 8/7/2024

**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**Name Change**

I, VANDANA KISHOR is legally wedded spouse of No. GS-188520A Rank- office SUPERINTENDENT, Name- NUTAN KISHOR R/o VILL-MUSHAHARNIA, PS-SONBARSA, DIST-SITAMARHI, STATE BIHAR-843330, have changed my name from VANDANA KISHOR to VANDANA KUMARI for all future purposes. Vide affidavit No IN-DL13798473460028W dated 08.07.2024 before sub divisional magistrate delhi.

**Date of Birth Change**

I, JC705167 A, RANK-SUBEDAR, MUKESH KUMAR, son of Shri Raghaw Pandey resident of Sirganesh Dutt Nagar, Bhagwanpur, Distt. Muzaffarpur, State-Bihar-842001, That I am father of "SHIVAM SIDDHARTH" his real and correct date of birth is 20.08.2003(20th day of August and Two Thousand Three). That my said son's date of birth was wrongly mentioned in my service record as 20.08.2002 instead of 20.08.2003. But his real and correct date of birth is 20.08.2003(20th day of August and Two Thousand Three)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल जय प्रकाश सैनी पुत्र स्व0 श्री खचरू राम सैनी पता मकान, नं आरजेड 683/10 बी, गली नंबर 27, साध नगर, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली 110045 ने अपने पुत्र योगेश कुमार (पियूष) के अवज्ञाकारी व नियन्त्रण में न होने के कारण अपनी चल वअचल सम्पति से बेदखल कर दिया है और अपने सारे संबंध विच्छेद कर लिये है अगर भविष्य में मेरी मुवक्किल के उपरोक्त पुत्र के साथ किसी प्रकार का कोई लेन–देन, या किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध रखता है, नैतिक, अनैतिक या कोई अपराधिक कार्य करता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा इसमें मेरी मुवक्किल व मेरी मुविक्कला के परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी

**अभिषेक यादव अधिवक्ता**
चेम्बर नं. 628, वकील चेम्बर ब्लॉक,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
मोबाइल नं. 9015526541

**PUBLIC NOTICE**

That my clients Mr. Dharamveer Singh S/o Late Sobran Singh and Babita Singh wife of Dharamveer Singh both R/o Khasra No. 243, Main 25 Futta Road, Gagan Vihar, Ghaziabad, U.P., do hereby relation break down and disown moveable and immoveable properties with their sons and daughter-in-laws namely, Karmveer Singh S/o Dharamveer Singh, Sheetal Singh wife of Karamveer Singh, and Krishnaveer Singh son of Dharamveer Singh, Reeta Singh wife of Krishnaveer Singh all address are R/o Khasra No. 243, Main 25 Futta Road, Gagan Vihar, Ghaziabad, U.P, also at Village -Dhakpura, Post- Sauj, Tehsil Kishani, Distt. Mainpuri, U.P. due to antifamily attitude act, irresponsible, dire-consequence, physically, mentally, economically harassed, beaten, and cruel behavior with my client. My clients shall not be responsible for the same and public is hereby informed and warmed accordingly. My clients shall not be responsible for their acts (civil and criminal proceedings and anyone dealing) same.

**Shailendra Kr. Singh ADVOCATE**
Ch. No.471, Patiala House Court,
New Delhi-110 001

# मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पानीपत में किया अनाथ एवं वृद्ध आश्रम का उद्घाटन

## वृद्ध व अनाथ लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम भी जाना

**एजेंसी**

**पानीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जनसेवा समिति संस्थान रोहतक की पानीपत शाखा के तत्वावधान में सौंधापुर गांव में अनाथ एवं वृद्ध आश्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह आश्रम जरूरतमंदों व असहायों की मदद में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है जो सामाजिक क्षेत्र में दूसरों के लिए सेवाभाव को लेकर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के निर्माण में संतों, महापुरुषों का महत्वपूर्ण स्थान है। सेवा के लिए ये महापुरुष हमेशा प्रेरणादायक साबित होते रहेंगे। उन्होंने संस्थान को 21 लाख रुपये की राशि अपने निजी कोष से सहायतार्थ प्रदान करने की घोषणा की व जरूरत पडऩे पर और सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 400 बेड का यह आश्रम



मानव सेवा की जीती जागती मिसाल है। यह उन लोगों के लिए बहुत ही मददगार साबित होगा जो समाज की मुख्यधारा से कट गए थे। उन्होंने संस्थान द्वारा किए गए इस पवित्र कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार के साथ समाज भी इस तरह के पुनीत कार्य को आगे बढ़ाने व जनकल्याण के लिए सदैव तत्पर रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्धजनों के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई है जिनका वर्तमान में वृद्धों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन में बढ़ोतरी करके बुजुर्गों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों का आश्रय नहीं है वे इस आश्रम का लाभ लेंगे। इस दौरान उन्होंने वृद्ध आश्रम का दौरा कर वृद्ध व अनाथ लोगों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल भी पूछा।

इस मौके पर संस्था के प्रधान सतीश गोयल ने बताया कि इस आश्रम के निर्माण पर 10 करोड़ की लागत आई है। आश्रम के निर्माण में विकास, पंचायत एवं सहकारिता राज्य मंत्री महीपाल ढांडा व राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने भी अपने ऐच्छिक कोष से 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की।

# कांग्रेस सरकार में फिर ग्लोबल सिटी बनेगा गुरुग्राम: भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**एजेंसी**

**गुरुग्राम।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने यहां धन्यवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सरकार में गुरुग्राम फिर ग्लोबल सिटी बनेगा। कांग्रेस सरकार बनने पर मेट्रो का विस्तार मानेसर तक किया जाएगा। साथ ही बहुप्रतिक्षित गुरुग्राम-फरीदाबाद मेट्रो लाइन को अमलीजामा पहनाने का काम भी कांग्रेस सरकार ही करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली मेट्रो को गुरुग्राम, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और बहादुरगढ़ तक लाने का ऐतिहासिक काम कांग्रेस ने ही किया था। उसके बाद बीजेपी के 10 साल में मेट्रो एक इंच भी आगे नहीं बढ़ी। जिस गुरुग्राम को कांग्रेस ग्लोबल सिटी के रूप में विकसित कर रही थी, उसे बीजेपी ने कूड़े के ढेर, ट्रेफिक और सीवरेज जाम की भेंट चढ़ा दिया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि आज अपराध इस कद्र बेकाबू है कि व्यापारी समेत कोई भी वर्ग खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करता। इसलिए जो गुरुग्राम निवेशकों की पहली पसंद होता था, वहां नए उद्योग व संस्थान आने बंद हो गए हैं। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान जापान के निवेश का 70 प्रतिशत गुरुग्राम और मानेसर में लगता था। लेकिन आज पहले से स्थापित उद्योग भी यहां से पलायन कर रहे हैं और कंपनियां मजदूर व कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। हेपनिंग हरियाणा जैसी इवेंटबाजी करके बीजेपी ने एकबार दावा किया था कि साढ़े पांच लाख करोड़ का निवेश आएगा, लेकिन कुल 5 हजार करोड़ का निवेश भी नहीं आ पाया।

## राज्यसभा चुनाव से कांग्रेस का भागना भाजपा के साथ हुई भूपेंद्र हुड्डा की डील को उजागर करता है - दुष्यंत चौटाला

**भिवानी।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने खुद के बेटे दीपेंद्र को लोकसभा का चुनाव जितवाने के लिए राज्यसभा की सीट भाजपा को गिफ्ट दे दी थी। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस की सांठगांठ जगजाहिर हो गई है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विपक्ष का सबसे बड़ा दल कांग्रेस आज राज्यसभा चुनाव का मैदान छोड़कर भाग रहा है, जो कि भूपेंद्र हुड्डा द्वारा रोहतक लोकसभा के बदले भाजपा को राज्यसभा की सीट देने की डील को उजागर करता है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला भिवानी और रोहतक में पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्यसभा चुनाव में कोई सामाजिक उम्मीदवार चुनाव लड़े ताकि विपक्ष की एकजुटता से हम अल्पमत में आई भाजपा सरकार को करारा जवाब दे सके। इससे पहले जेजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन में जेजेपी राष्ट्रीय डॉ अजय सिंह चौटाला ने अगले 100 दिनों को अहम बताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारी और संगठन मजबूती के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि जेजेपी कार्यकर्ता बदलाव का संकल्प लेकर विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरेंगे। उन्होंने कहा कि अगले 100 दिन कार्यकर्ताओं द्वारा की गई मेहनत रंग लाएगी और हम सब मिलकर निश्चित रूप से प्रदेश में बदलाव लेकर आएंगे। दुष्यंत चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनसंपर्क अभियान को बढ़ाए।

## सीएम नायब सिंह की पत्नी सुमन सैनी को सोनी समाज की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जींद।** सोनी समाज की मांगों को लेकर लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अगुवाई में शिष्टमण्डल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह की धर्मपत्नी सुमन सैनी को ज्ञापन सौंपा। महिला नेत्री सुमन सैनी ने ज्ञापन में लिखी मांगों को गौर से पढ़ते हुए सोनी समाज के शिष्टमण्डल को आश्वासन दिलाया कि वे हरियाणा के मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाएगीं और उचित मांगें पूरी करने की हर सम्भव कोशिश की जाएगी। सुमन सैनी ओबीसी के हितों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई घोषणाओं के लिए जींद में आयोजित आभार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने आई थी। इस दौरान सोनी समाज का शिष्ट मण्डल उनसे मिला और मुख्यमंत्री के नाम उन्हें मांगपत्र सौंपा। शिष्टमण्डल में लोक सम्पर्क अधिकारी रिटायर्ड सुरेन्द्र वर्मा के अलावा पैक्स नारनौंद के चेयरमैन राजबीर उर्फ भीरा सोनी, शमशेरसिंह सोनी, मोनू, साधूराम सोनी गांगोली, रविन्द्र आर्य, राजेन्द्र सोनी व अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। नगर परिषद जींद की चैयरपर्सन डा अनुराधा सैनी व महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य डा नीरज गोस्वामी, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सदस्य कृष्ण रोहिल्ला, शहरी मण्डल सचिव सुभाष चन्द्र सैनी नम्बरदार, मुस्लिम समाज के प्रधान डा इस्लाम, यशपालसिंह रोहिल्ला, रामपाल सैनी, बलजीत सिंह प्रजापति, रामफल रोहिल्ला, सूरतसिंह सैन, रणबीरसिंह तंवर समेत विभिन्न ओबीसी संगठनों के पदाधिकारी गण भी मौजूद रहे।

## हरित वसुंधरा आधार समिति पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का कर रही है नेक कार्य : बिशन दयाल

**नारनौल।** हरित वसुंधरा आधार समिति नारनौल पर्यावरण को लेकर मां वसुंधरा की सेवा में समर्पित है। समिति सैकड़ों पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के काम में लगी है वहीं दूसरों को भी प्रेरित कर रही है। हरित वसुंधरा आधार समिति अभी तक लगभग 5500 पौधे लगाकर उनका संरक्षण कर रही है। 6000 के करीब इको फ्रंडली बैग्स भी मुफ्त वितरित कर चुकी है। हरित वसुंधरा आधार समिति द्वारा पर्यावरण के प्रति किए जा रहे नेक कार्य के लिए सैनी सभा नारनौल के प्रधान बिशन दयाल ने समिति को प्रशंसा पत्र एवं नकद राशि देकर प्रोत्साहित भी किया।

# मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने किया अनेक योजनाओं का शिलान्यास

**एजेंसी**

**हिसार।** राज्य के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने जिले में अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उनके साथ अनेक पार्टी नेता एवं अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. बनवारी लाल जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक लेने आए थे। इससे पूर्व उन्होंने



गांव गढी में जलापूर्ति सुधार के लिए अतिरिक्त सरचंनाओं का निर्माण का शिलान्यास, गांव ढंढेरी में जलापूर्ति योजना का नवीनीकरण शिलान्यास, गांव देप्पल में जलापूर्ति योजना का नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्यों का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने गांव ढाणी मेंहदा में जलघर का शिलान्यास, गांव कुंभा में बुस्टिंग स्टेशन व जल वितरण प्रणाली के कार्य का शिलान्यास, गांव ढ़ाणी पाल में जलघर का शिलान्यास, गांव कुलाना में जलापूर्ति के लिए पानी के प्रबंध कार्यों का शिलान्यास, हिसार विधानसभा क्षेत्र 23.985 किलोमीटर लंबी 12 सडक़ों का चौड़ाकरण/सुदृढीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया।

# भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं है कांग्रेस: डा. सतीश पूनिया

## हरियाणा में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा है कि राज्य में बिखरी हुई कांग्रेस हरियाणा में भाजपा के लिए कोई चुनौती नहीं है। हरियाणा का वर्षों का इतिहास एंटी कांग्रेस रहा है। वैचारिक दृष्टि से हरियाणा की जनता ने कांग्रेस को बहुत अरसे से खारिज किया हुआ है और जनता आज भी उस पर कायम है। पूनिया ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने एक बयान जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी ने मुझे 22 दिन पहले हरियाणा की जिम्मेदारी दी थी, उम्मीदवारों का चयन हो चुका था। इतने कम समय में मैने अपनी क्षमता के हिसाब से पार्टी को विजयी बनाने के लिए जो करना था, वह करके दिखाया। पूनिया ने कहा जब उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी संभाली तब हरियाणा में विपक्ष द्वारा ऐसा माहौल तैयार किया गया था कि भाजपा की कोई सीट नहीं आएगी या फिर दो सीटों पर सिमट जाएगी।

पूनिया ने कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रतिकूलता और नकारात्मक नेरेटिव के होते हुए भी भाजपा को पांच सीटें दी। लोकसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा गढ़ी गई नकारात्मक चुनौती के मध्य पांच सीटें जीतने का श्रेय पूनिया ने हरियाणा की जनता के साथ-साथ कार्यकर्ताओं और नेताओं की एकजुटता को दिया। उन्होंने कहा



कि मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षो में देश में जो बदलाव हुए हैं उसका असर हरियाणा में भी देखने को मिला है। नीतिगत तौर पर जो नीतियां लागू हुई उसका धरातल पर लाभ हरियाणा को मिला है। केंद्र की योजनाओं में हरियाणा की रैंकिंग बेहतर रही है।

पूनिया ने कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार की चर्चा सड़कों पर होती थी, लेकिन 2014 के बाद भाजपा सरकार ने हरियाणा से भ्रष्टाचार के कलंक को मिटाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का जनमानस विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ भाजपा के साथ रहेगा। लोकसभा के परिणामों के बाद से हमने कुछ चीजें दुरूस्त की हैं और कुछ भविष्य में करने वाले हैं। हरियाणा में कार्यकर्ताओं का एक अच्छा संगठन है, हरियाणा के नेता एकजुट हैं, उसी कारण विधानसभा चुनाव में भाजपा अच्छा प्रदर्शन करते हुए बहुमत की सरकार बनाएगी।पूनिया ने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव का मिजाज लोकसभा चुनाव से अलग होता है। हरियाणा में कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति बेहतर नहीं है। जबकि भाजपा धरातल पर सभी दलों से अधिक मजबूत है। पिछले दस सालों की केंद्र और प्रदेश सरकार ने हरियाणा में जो उपलब्धियां अर्जित की है उसे ठीक तरह से जनता के बीच पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन और स्थानीय मुद्दे तथा पार्टी की रणनीतिक तैयारियों से भाजपा हरियाणा में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

## किराए के मकान में हो रहा था धर्म परिवर्तन, हिन्दू संगठनों ने किया हस्तक्षेप

**झज्जर।** बजरंग दल, अन्य सामाजिक संगठनों, पुलिस प्रशासन और सांखोल गांव के जागरूक लोगों की वजह से सेंकड़ों लोगों का धर्म परिवर्तन होने से बच गया। यह खेल कबीर बस्ती गंदे नाले वाली रोड पर एक किराए के मकान में शासन प्रशासन की अनुमति के बिना ही चलाया जा रहा था। बजरंग दल के रोहतक विभाग संयोजक बहादुरगढ़ निवासी नीरज वत्स रविवार को सांखोल गांव के पास एचएसआईआईडीसी के पार्क में पौधारोपण समारोह में भाग लेने गए थे। यहां से लौटते समय उन्हें कबीर बस्ती गंदे नाले वाले रोड के साथ एक मकान में ईसाई मिशनरी कथित प्रार्थना सभा चला रहे हैं। यह जानकारी मिलते ही वह अपने सहयोगियों और सांखोल गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ उस स्थान पर पहुंचे।

# आशा वर्कर का बेटा सुनील सहायक कमांडेंट बना

## सुनील गोदारा ने सांझा की संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानी

**एजेंसी**

**सोनीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी झंझारा, गन्नौर (सोनीपत) के लिपिक सुनील गोदारा का सहायक कमांडेंट बनने पर खुशी की लहर है। यह गर्व का क्षण है कि एक आशा वर्कर का बेटा, जिसने अनेक संघर्षों का सामना किया, अब देश की सेवा में 152वां रैंक लेकर सहायक कमांडेंट के रूप में शामिल हो गया है।

सुनील गोदारा ने बताया कि पहले भी 6 बार लेफ्टिनेंट और 4 बार फ्लाइंग ऑफिसर के साक्षात्कार में असफलताएं देखी। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और सहायक कमांडेंट की परीक्षा में चौथे और अंतिम प्रयास में सफलता हासिल की। सुनील ने अपनी प्रारंभिक गांव के सरकारी स्कूल में की इसके बाद 10वीं 12वीं की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय से प्राप्त की और ग्रेजुएशन दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कॉलेज से किया। इसके बाद, उन्होंने





मनोविज्ञान और हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर किया। उनके इस सफर में प्राचार्य राजबीर पराशर और स्कूल के स्टाफ का अहम योगदान रहा। सुनील की मां राजबाला एक आशा वर्कर हैं और पिता करितन गोदारा किसान हैं। उनकी छोटी बहन ने दिल्ली विश्वविद्यालय से वकालत की पढ़ाई पूरी की है। परिवार का समर्थन और प्रेरणा सुनील की सफलता की नींव रही। सुनील गोदारा का जन्म 5 जून 1999 को गांव पीली मंदोरी, जिला फतेहाबाद में हुआ। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद साधारण है, लेकिन उनकी मां और पिता ने अपने बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान दिया। सुनील का कहना है कि उनकी मां के संघर्ष और पिताजी के समर्थन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। सहायक कमांडेंट बनने पर सुनील का कहना है कि गरीब परिवार से आने के बावजूद मैंने कभी हार नहीं मानी। मेरी मां का संघर्ष और पिता की मेहनत ने मुझे इस मुकाम तक पहुंचाया। इस सफलता के बाद, सुनील गोदारा ने अपने माता-पिता, प्राचार्य राजबीर पराशर और स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों अनुपम रापड़िया, विनय भारद्वाज, अंकुर, सतबीर, बिजेन्दर, सुनील, सतीश, रामकरण, संजय सभी को धन्यवाद दिया। प्राचार्य और स्टाफ ने भी सुनील को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुनील की कहानी उन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है जो कठिनाइयों के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उनकी सफलता दिखाती है कि अगर दृढ़ संकल्प हो और सही मार्गदर्शन मिले तो किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है।

## सरकारी स्कूल की छुट्टी के बाद शाम को चौपाल में भी शिक्षा लेंगे विद्याथी

**एजेंसी**

**फतेहाबाद।** मानव सेवा वेलफेयर सोसाइटी भूना ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क पढ़ाई एवं कोचिंग देने का सराहनीय कदम उठाया है। सोसाइटी ने गुरु रविदास धर्मशाला वार्ड नंबर 5 व 9 में गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करवाने का काम शुरू किया गया।मानव सेवा वेलफेयर सोसाइटी भूना के प्रधान सुखविंदर बैंस ने बताया कि गरीब परिवारों के बच्चों का सरकारी स्कूल में पढ़ाई का बेस मजबूत नहीं हो रहा, इसलिए बच्चों के भविष्य को देखते हुए समिति में स्कूल के अतिरिक्त वार्ड की चौपाल में सामूहिक रूप से बच्चों को किताबें पढ़ाई जाएगी और उन्हें प्राइवेट स्कूलों के बच्चों की तरह बेस मजबूत बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में वार्ड नंबर 5 में उच्च शिक्षित अध्यापक व अध्यापिकाएं बच्चों को पढ़ाई करवा रहे है, इसलिए लोगों को अपने सभी छोटे बच्चों को समय अनुसार भेजने का काम करें। बच्चों की पढ़ाई पर जो भी खर्चा आएगा वह मानव सेवा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा किया जाएगा। प्रधान ने बनाया कि अभी फिलहाल यहां पर नर्सरी से लेकर पांचवी तक के बच्चों को शिक्षा दी जाएगी, जिसके कुछ दिनों बाद आगे की कक्षाओं के विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा। कक्षा छठी से दसवीं के विद्यार्थियों को ट्यूशन फ्री पढ़ाया जाएगा। यह गुरु रविदास धर्मशाला व बाबा राणाधीर मंदिर के नजदीक वार्ड नंबर 9 व वार्ड नंबर 5 में पढ़ाई केंद्र खोल दिए गए हैं। सोसाइटी के प्रधान सुखविंदर सिंह बैंस ने बताया कि मानव सेवा वेलफेयर सोसाइटी गरीब लोगों की मदद में लंबे समय से प्रयासरत है। सोसाइटी ने गरीब लोगों को सर्दियों के दिनों में गर्म कंबल व चप्पल- जूते इत्यादि का वितरण किया जा चुका है।

# कर्मचारियों को परेशान करने के आरोप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया सस्पेंड

## जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक में सुनी शिकायतें

**एजेंसी**

**हिसार।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी ने जिला शिक्षा मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मंत्री ने उक्त अधिकारी का अन्यत्र तबादला करने को भी लिखा है।

मंत्री डॉ. बनवारी लाल लघु सचिवालय स्थित सभागार में लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की मासिक बैठक में शिकायतें सुन रहे थे। इस संबंध में विभागीय कर्मचारियों ने शिकायत दी थी। जिला मौलिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने शिकायत दी थी कि हिसार की जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया की कार्यप्रणाली अहंकार से भरी हुई है। अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकार से कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। शिकायत पर सुनवाई करते हुए



मंत्री ने उपायुक्त व अन्य अधिकारियों से सलाह मशविरा किया और शिकायत को सही मानते हुए उसी समय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया को सस्पेंड व तबादले करने के निर्देश दिए।

डॉ. बनवारी ने बैठक में 17 मामलों की सुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त प्रदीप दहिया ने प्राप्त निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा देते हुए कहा कि शेष शिकायतों का समाधान भी समयबद्धता के साथ करवाया जाएगा। एजेंडा में रखी गई शिकायतों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में रखे जाने वाले परिवादों में व्यक्तिगत शिकायतों की बजाय व्यापक जनहित तथा सार्वजनिक समस्याओं को प्राथमिकता देना सुनिश्चित करें।

बैठक में गांव किरोड़ी निवासी भतेरी ने जहरीला स्प्रे करके फसल को खराब करने की शिकायत दी थी। पुलिस प्रशासन द्वारा मंत्री को अवगत करवाया गया कि इस मामले में एसआईटी का गठन किया जा चुका था, जिसकी रिपोर्ट आ चुकी है। यह पारिवारिक मामला है, जिसमें कोर्ट में केस विचाराधीन है। मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि कोर्ट के फैसले उपरांत आगामी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मिलिट्री स्टेशन हिसार कार्यालय से लेफ्टिनेंट स्टेशन कमांडर अधिकारी यशबीर सिंह ने अपनी शिकायत में लिखा था कि गांव भोजराज में एक प्रशिक्षण केन्द्र तक पहुंचने के मार्ग पर अतिक्रमण किया जा रहा है, जिससे सडक़ की चौडाई 27.5 फीट से घटकर 16 फीट रह गई है।

इस कारण सेना वाहनों के आवागमन में समस्या पैदा हो रही है। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल को अवगत करवाया गया कि जमीन की पैमाइश कर टेंडर लगा दिया गया है, जल्द सडक़ निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# हरियाणा के शहरी इलाकों में पद यात्रा निकालेंगी कुमारी सैलजा

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश के शहरी इलाकों में पदयात्रा निकालने का ऐलान किया है। सैलजा के इस ऐलान के बाद हरियाणा में कांग्रेस के बीच चल रही अंदरूनी लड़ाई तेज होगी। सैलजा अगर यात्रा निकालने में सफल हो जाती हैं तो यह नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट के लिए बड़ी चुनौती होगी।

चंडीगढ़ में जारी जानकारी में कुमारी सैलजा ने बताया कि यात्रा जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में शुरू होगी। इसके जरिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े व विपक्ष के नेता राहुल गांधी का संदेश हर शहरी मतदाता तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही भाजपा के 10 साल के कुशासन के बारे लोगों को विस्तार से बताया जाएगा। पद यात्रा का मुख्य लक्ष्य कांग्रेस को शहरी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के मुकाबले मजबूत करते हुए निर्णायक बढ़त दिलाना है। सैलजा के अनुसार लोकसभा चुनाव के परिणाम का अध्ययन करने पर पता चलता है कि भाजपा ने प्रदेश के



जिन 44 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बनाई, उनमें से अधिकतर शहरी हैं। विधानसभा चुनाव बिल्कुल सिर पर हैं और ऐसे में कांग्रेस को शहरी विधानसभा क्षेत्रों पर एक नई रणनीति के तहत फोकस करने की जरूरत है। इसलिए उन्होंने पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए शहरी इलाकों में पदयात्रा करने का फैसला लिया है।

सैलजा ने बताया कि जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में पद यात्रा शुरू करने की प्लानिंग तैयार की जा रही है। जल्द ही तारीख की घोषणा के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को मीडिया के माध्यम से यात्रा का रूट जारी कर दिया जाएगा। इस पदयात्रा को लेकर कुछ अहम जिम्मेदारियां भी कार्यकर्ताओं को सौंपी जानी हैं। इसके लिए कार्यकर्ता मीटिंग बुलाई जाएगी।

कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी की प्रेरणा से ही जनवरी-फरवरी महीने में प्रदेश में कांग्रेस संदेश यात्रा निकाली गई। जिसका परिणाम लोकसभा चुनाव में साफ नजर आया। लोगों ने भाजपा को आधे पर समेट दिया। कुमारी सैलजा ने कहा कि शहरी इलाकों में पार्टी इतनी कमजोर नहीं है, जितनी भाजपाई दिखाने की कोशिश करते हैं। कांग्रेस के पास शहरों में आज भी कार्यकर्ताओं की फौज है। इन्हें एकजुट करते हुए इनमें नई ऊर्जा भरने की जरूरत है।इस पद यात्रा का मुख्य फोकस शहरी विधानसभा क्षेत्र रहेंगे।

## गुरुग्राम शहर में स्वच्छता व जल निकासी को लेकर हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध: मुख्य सचिव

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुग्राम शहर में नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता व जल निकासी को लेकर प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शहर में डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने के लिए स्वच्छता वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्य सचिव गुरुग्राम में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर रहे थे। टीवीएसएन प्रसाद ने बैठक में तीन सदस्यीय कमेटी के गठन करने का निर्देश देते हुए कहा कि यह कमेटी डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने के लिए स्वच्छता वाहनों के लिए मानक तय करेगी, जिसके उपरांत नगर निगम, गुरुग्राम द्वारा एक सार्वजनिक विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसके तहत कोई भी एजेंसी, आरडब्ल्यूए, संस्था या व्यक्तिगत तौर पर कोई व्यक्ति घर-घर से कचरा एकत्रित करने के लिए निर्धारित क्षमता का वाहन चालक सहित नगर निगम को मुहैया कराएगा तो उसे कमेटी द्वारा निर्धारित दर के अनुसार मासिक आधार पर भुगतान किया जाएगा।

# फर्जी ट्रेडिंग ऐप से लगाया 30 लाख से अधिक का चूना, साइबर थाना कर रहा जांच

**एजेंसी**

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिले के नागरिकों को फर्जी ट्रेडिंग ऐप से होने वाली धोखाधड़ी से सचेत किया है। उन्होंने कहा कि इस ऑनलाइन क्राइम में पीड़ितों को सोशल मीडिया और व्हाट्सएप पर फ्री ट्रेडिंग ऐप के टिप्स और क्लासेस का झांसा दिया जाता है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने कहा कि जैसे ही नागरिक भेजें गए विज्ञापन पर क्लिक करते हैं, वो सीधे एक अज्ञात व्हाट्स ऐप ग्रुप में शामिल हो जाते हैं। इसके बाद इस फ्रॉड में शामिल लोग पीड़ितों से इस ग्रुप के माध्यम से संपर्क करते है और उन्हें फ्री ट्रेडिंग टिप्स की जानकारी देकर उन्हें स्टॉक में पैसा लगाने को कहते है। इसके कुछ दिनों बाद स्कैम में शामिल लोग पीड़ित को भेजे गए ट्रेडिंग ?प्लिकेशन्स को इंस्टॉल करने के लिए और इससे बड़ा प्रॉफिट कमाने का भी झांसा देते है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि स्कैम में शामिल लोगो द्वारा जो ट्रेडिंग ऐप्लीकेशन डाउनलोड करवाई जाती है वो सिक्योरिटीज एवं एक्सचेंज बोर्ड ऑफ़ इंडिया (सेबी) द्वारा रजिस्टर्ड नहीं होती। पीड़ित इन लोगों के द्वारा बताए गए ऐप्स पर रजिस्ट्रेशन करते है और ट्रेडिंग शुरू कर देते हैं। इन लोगों की तरफ से पीड़ितों को शेयर खरीदने के लिए बैंकों में पैसे जमा करने के लिए कहा जाता है और डिजिटल वॉलेट में फेक प्रॉफिट्स भी दिखाया जाता है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जनता को सावधान और जागरूक रहने की सलाह दी हैं। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में हिसार साइबर थाना में आई एक शिकायत में हिसार निवासी एक व्यक्ति और महिला से फर्जी ट्रेडिंग ऐप के जरिए 30 लाख 63 हजार 145 रुपए की धोखाधड़ी हुई है। किसी अनजान फोन नंबर से आए संदिग्ध लिंक्स ,व्हाट्सएप कॉल और मैसेजेस से बचें। इसके साथ ही उन्होंने साइबर से संबंधित क्राइम के मामले में लोगों को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत करने और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करने को कहा है।

## इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड को सेबी ने आईपीओ के लिए दी मंजूरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड कंपनी को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने 18 मार्च, 2024 को सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया था।कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि पूंजी बाजार नियामक सेबी ने उसके आईपीओ लाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी के 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के अंकित मूल्य वाले इस आईपीओ में 200 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने और प्रमोटर समूह तथा निवेशक-विक्रय शेयरधारकों द्वारा 44.5 लाख शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित इंटरआर्क बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड अपनी व्यापक उपस्थिति के साथ टर्नकी प्री-इंजीनियर्ड स्टील निर्माण समाधानों के मामले में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक है।

## मर्सिडीज-बेंज ने पहली छमाही में रिकॉर्ड 9,262 इकाइयों की बिक्री की

नई दिल्ली। जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज की 2024 की पहली छमाही में भारत में बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 9,262 इकाई हो गई। यह वृद्धि विभिन्न श्रेणियों में मजबूत मांग और बड़ी संख्या में मॉडलों की उपलब्धता के दम पर दर्ज की गई। कंपनी बयान के अनुसार, यह देश में उसकी अभी तक की सबसे अधिक



बिक्री वाली छमाही रही। उसने 2023 की जनवरी-जून अवधि में 8,528 इकाइयों की बिक्री की थी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने एक बयान में कहा कि उसकी योजना 2024 की दूसरी छमाही में छह नए उत्पाद पेश करने की है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष अय्यर ने कहा, '' हमने नए तथा अद्यतन उत्पाद, खुदरा क्षेत्र में बेहतर ग्राहक अनुभव के साथ ही सकारात्मक ग्राहक भावनाओं के दम पर अभी तक की सर्वश्रेष्ठ छमाही (पहली) बिक्री दर्ज की।

## लार्सन एंड टुब्रो की अक्षय ऊर्जा शाखा को पश्चिम एशिया में मिले दो ठेके

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो की अक्षय ऊर्जा शाखा को पश्चिम एशिया के एक बड़े डेवलपर से दो गीगावाट पैमाने के सौर पीवी संयंत्र बनाने के लिए दो ठेके मिले हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, '' लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) की अक्षय ऊर्जा शाखा को पश्चिम एशिया के एक अग्रणी डेवलपर से दो गीगावाट पैमाने के सौर पीवी संयंत्र बनाने के लिए बड़े ठेके मिले हैं।'' एलएंडटी ने अनुबंध के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया। उसके परियोजना वर्गीकरण के अनुसार एक बड़े ठेके का मूल्य 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के



बीच है। एलएंडटी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन ने कहा, '' ये ठेके हमारे हरित खंड में स्वागत योग्य वृद्धि हैं। हम अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों के साथ भविष्य के लिए कंपनी का निर्माण कर रहे हैं।'' लार्सन एंड टुब्रो 27 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है। यह इंजीनियरिंग, खरीद तथा निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं, उन्नत विनिर्माण व सेवाओं के कारोबार में है।

## पंजाब एंड सिंध बैंक की चालू वित्त वर्ष में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा, सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। उन्होंने कहा कि बैंक की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने बीसी नेटवर्क को दोगुना करने की है। उन्होंने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अधिक उत्पादों और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर काम कर रहा है।

# आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए हुई बजट-पूर्व परामर्श बैठकें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श को पूरा कर लिया है। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में यहां आयोजित आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट-पूर्व परामर्श बैठकें हो गई हैं। ये बैठकें वित्त मंत्रालय में 19 जून, 2024 से शुरू होकर 5 जुलाई, 2024 तक अयोजित की गईं।





वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट-पूर्व परामर्श बैठकों में व्यक्तिगत परामर्श के दौरान, 10 हितधारक समूहों के 120 से अधिक आमंत्रितों ने भाग लिया। इनमें किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों, ट्रेड यूनियनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, रोजगार और कौशल, एमएसएमई, व्यापार और सेवाएं, उद्योग, अर्थशास्त्रियों, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के साथ-साथ बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्रालय के मुताबिक सीतारमण ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में अपना बहुमूल्य सुझाव साझा करने के लिए प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 तैयार करते समय उनके सुझावों की सावधानीपूर्वक जांच की जाएगी और उन पर विचार किया जाएगा।

इन बैठकों में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और व्यय सचिव डॉ. टी.वी. सोमनाथन, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, दीपम के सचिव तुहिन के. पांडे, वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी, राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव मनोज गोविल, संबंधित मंत्रालयों के सचिव, मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई, 2024 को अपना सातवां बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। यह बजट 2047 तक 'विकसित भारत' का रास्ता तैयार करेगा। नई दिल्ली, 07 जुलाई (हि.स.)। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण बजट तैयार करने की प्रक्रिया के तहत उद्योग जगत और सामाजिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित लोगों के साथ विचार-विमर्श को पूरा कर लिया है। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में यहां आयोजित आगामी केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट-पूर्व परामर्श बैठकें हो गई हैं। ये बैठकें वित्त मंत्रालय में 19 जून, 2024 से शुरू होकर 5 जुलाई, 2024 तक अयोजित की गई। वित्त मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय बजट 2024-25 के लिए बजट-पूर्व परामर्श बैठकों में व्यक्तिगत परामर्श के दौरान, 10 हितधारक समूहों के 120 से अधिक आमंत्रितों ने भाग लिया। इनमें किसान संघों और कृषि अर्थशास्त्रियों, ट्रेड यूनियनों, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, रोजगार और कौशल, एमएसएमई, व्यापार और सेवाएं, उद्योग, अर्थशास्त्रियों, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के साथ-साथ बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्रालय के मुताबिक सीतारमण ने बजट पूर्व परामर्श बैठक में अपना बहुमूल्य सुझाव साझा करने के लिए प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पाकिस्तान को तीन साल में तेल, गैस खोज क्षेत्र में पांच अरब डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद : शरीफ

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान को अगले तीन साल में पेट्रोलियम और गैस भंडार की खोज और विकास के लिए स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से पांच अरब डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। इससे नकदी संकट से जूझ रहे देश को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत होगी और ईंधन की ऊंची कीमतों की मार झेल रहे आम आदमी को राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में तेल एवं गैस खोज और उत्पादन क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई बैठक में यह घोषणा की गई।

सरकारी समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' के अनुसार, बैठक में बताया गया कि तीन साल के दौरान पाकिस्तान में पेट्रोलियम और गैस की खोज के लिए पांच अरब डॉलर के निवेश से लगभग 240 स्थानों पर खुदाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में पाकिस्तान का घरेलू उत्पादन 70,998 बैरल और 3,131 एमएमएससीएफडी (मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट) गैस प्रतिदिन है। प्रधानमंत्री ने पेट्रोलियम और गैस खोज एवं उत्पादन कंपनियों को भी अपतटीय भंडार खोजने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, पाकिस्तान में स्थानीय स्तर पर तेल और गैस भंडार की खोज हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा



कि पाकिस्तान तेल और गैस आयात करने के लिए हर साल अरबों डॉलर खर्च करता है। शरीफ ने बैठक में कहा, स्थानीय भंडार से उत्पादन से पाकिस्तान को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत होगी और ईंधन एवं गैस आम आदमी के लिए सस्ती हो जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। वर्तमान में पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 265.61 रुपये प्रति लीटर, हाई-स्पीड डीजल की कीमत 277.45 रुपये प्रति लीटर और 'लाइट-स्पीड' डीजल की कीमत 166.86 रुपये प्रति लीटर है।

# भारत-ब्रिटेन प्रस्तावित एफटीए पर अगले दौर की बातचीत इसी महीने करेंगे

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत-ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की बातचीत इसी महीने शुरू होगी। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे। अधिकारी ने कहा कि एफटीए से जुड़े दोनों पक्ष संपर्क में हैं। दोनों के बीच अगले दौर की बातचीत इसी महीने शुरू होगी।

इससे पहले ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी एफटीए को पूरा करने के लिए तैयार हैं। दोनों नेताओं



ने पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-ब्रिटेन एफटीए को शीघ्र पूरा करने की दिशा में काम करने पर सहमति व्यक्त की है।

उल्लेखनीय है कि भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए के लिए बातचीत जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों में आम चुनाव के चलते चौदहवें दौर की वार्ता रुक गई थी।

## अप्रैल-मई में देश का कोयला आयात पांच प्रतिशत बढ़कर 5.22 करोड़ टन पर : Report

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले दो माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 5.3 प्रतिशत बढ़कर 5.22 करोड़ टन रहा है। टाटा स्टील और सेल के संयुक्त उद्यम बी2बी ई-कॉमर्स मंच 'एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड' के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल और मई माह में कोयला आयात 4.96करोड़ टन रहा था। हालांकि, मई में कोयला आयात मामूली घटकर 2.61 करोड़ टन रहा है। पिछले साल मई में यह 2.65 करोड़ टन था। मई में कोयला आयात 1.43 प्रतिशत घटा है।

एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय वर्मा ने कहा कि मानसून की शुरुआत के कारण आने वाले सप्ताहों में आयात की मांग कम रहने की संभावना है, जबकि घरेलू बाजार में उत्पादन वृद्धि अच्छी रहनी



चाहिए। इसके अलावा आपूर्ति की कमी के कारण समुद्री मार्ग से आने वाले कोकिंग कोयले के दाम चढ़ सकते हैं। इससे देश में खरीदारों की रुचि प्रभावित हो सकती है। मई में कुल कोयला आयात में गैर-कोकिंग कोयले का हिस्सा 1.75 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले साल मई में यह 1.81 करोड़ टन रहा था। कोकिंग कोयले का आयात मई में 50.3 लाख टन रहा, जो मई, 2023 में 51 लाख टन था। घरेलू कोयला उत्पादन में कोल इंडिया की हिस्सेदारी 80 प्रतिशत से अधिक है। कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हाल में कहा था कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और कोयला आयात को कम करने का प्रयास करना चाहिए।

# पांच साल में मप्र का बजट बढ़ाकर सात लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत : सीएम यादव

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश सरकार अगले पांच साल में राज्य के सालाना बजट को बढ़ाकर सात लाख रुपये तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यह बात कही है। राज्य सरकार ने तीन जुलाई को 3.65 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपना बजट पेश किया है। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास तथा महिलाओं और आदिवासियों के लिए पहल पर पर्याप्त आवंटन किया गया है। यादव ने शनिवार रात उज्जैन में सेंट्रल इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स



के एक समारोह में कहा, ''इस बार का बजट पिछले साल की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है और विकासोन्मुख है।''

उन्होंने कहा, ''राज्य को आगे ले जाने के लिए बजट में कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। अगले पांच वर्षों में राज्य का वार्षिक बजट सात लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।'' यादव ने कहा कि बजट में राज्य सरकार का विशेष ध्यान सिंचाई क्षेत्र सहित बुनियादी ढांचे पर है जिससे विकास के सकारात्मक नतीजे हासिल किए जाएं। उन्होंने कहा कि 35,000 करोड़ रुपये की चंबल-पार्वती-काली सिंध नदी को जोड़ने की परियोजना से राज्य के कई जिलों को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि राज्य में कई अन्य राजमार्ग परियोजनाओं के अलावा छह नए एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए 42,000 चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गेहूं और धान के साथ दूध की खरीद पर भी बोनस देगी।

## जोखिम भरे वायदा-विकल्प कारोबार को नियंत्रित करने के प्रस्तावों पर विचार करेगा सेबीं विशेषज्ञ समूह

**कोलकाता ।** शेयर बाजार में जोखिम भरे वायदा-विकल्प (डेरिवेटिव्स) कारोबार से छोटे निवेशकों को बचाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा गठित विशेषज्ञ समूह सात प्रस्तावों पर विचार करेगा। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विशेषज्ञ समूह इससे जुड़े नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा करेगा। उन्होंने कहा कि समूह के सदस्य निवेशक सुरक्षा को मजबूत करने और इस बाजार खंड में जोखिम में सुधार करने के लिए अल्पकालिक रणनीतियों की सिफारिश करेंगे। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया, ''विशेषज्ञ समूह वायदा और विकल्प (एफएंडओ) कारोबार में शामिल छोटे निवेशकों की सुरक्षा के लिए सात प्रस्तावों के पक्ष और विपक्ष पर विस्तार से विचार-विमर्श करेगा। हम जानते हैं कि 10 में नौ छोटे निवेशक एफएंडओ में पैसा गंवा देते हैं। इस समूह की सिफारिशों पर अंतिम निर्णय द्वितीयक बाजार सलाहकार समिति करेगी।'' विकल्प वित्तीय अनुबंध होते हैं, जो धारक को अनुबंध अवधि के भीतर किसी परिसंपत्ति को तय मूल्य पर खरीदने या बेचने का अधिकार देते हैं।

# एफएसएसएआई ने कहा कि पैकेज्ड आइटम पर नमक, चीनी, संतृप्त वसा की मात्रा मोटे अक्षरों में लिखी जाए, जनता की राय मांगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर पोषण संबंधी जानकारी लेबलिंग में संशोधन को मंजूरी दे दी है। खाद्य पदार्थों में नमक, चीनी और संतृप्त वसा की कुल मात्रा को बड़े आकार और मोटे अक्षरों में प्रदर्शित किया जाना चाहिए। खाद्य नियामक ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि उसने 'पैकेज्ड खाद्य पदार्थों के लेबल पर मोटे अक्षरों में और अपेक्षाकृत बढ़े हुए फॉन्ट आकार में कुल चीनी, नमक और संतृप्त वसा के बारे में पोषण संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।' मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, इन परिवर्तनों के बारे में निर्णय खाद्य प्राधिकरण की 44वीं बैठक में लिया गया, जिसमें एफएसएसएआई की अध्यक्ष अपूर्वा चंद्रा ने बैठक की अध्यक्षता की है।

प्रस्तावित परिवर्तन अब





सार्वजनिक डोमेन में रखे जाएंगे और नियामक आम जनता से सिफारिशें और आपत्तियां आमंत्रित करेगा। एफएसएसएआई ने कहा, ÷संशोधन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके द्वारा उपभोग किए जा रहे उत्पाद के पोषण मूल्य को बेहतर ढंग से समझने और स्वस्थ निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि इस निर्णय से न केवल उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यप्रद विकल्प अपनाने में मदद मिलेगी, बल्कि गैर-संचारी रोगों की वृद्धि को नियंत्रित करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को बढ़ावा देने में भी मदद मिलेगी। मंत्रालय ने कहा, स्पष्ट और विशिष्ट लेबलिंग आवश्यकताओं के विकास को प्राथमिकता देने से एनसीडी से निपटने के वैश्विक प्रयास में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि खाद्य नियामक झूठे और भ्रामक दावों पर अंकुश लगाने के लिए बार-बार सलाह जारी करता रहा है। इसमें ई-कॉमर्स वेबसाइटों को 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए जारी किया गया पिछला परामर्श भी शामिल है, क्योंकि इस वाक्यांश को एफएसएस अधिनियम 2006 या इसके तहत बनाए गए किसी भी विनियमन के तहत कहीं भी परिभाषित या मानकीकृत नहीं किया गया था। प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में प्रति सेवारत कुल चीनी, संतृप्त वसा और सोडियम के अनुशंसित आहार भत्ते (आरडीए) में प्रतिशत योगदान के बारे में जानकारी मोटे अक्षरों में शामिल की जाएगी।

# बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के सभी 5 स्टार होटल बिके, आसमान छूने लगा कमरों का किराया

**एजेंसी**

**मुंबई।** अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट की शादी से पहले की रस्मों को लेकर मुंबई में होटलों की बुकिंग पर बड़ा असर डाला है। होटल की कीमतों पर भी बड़ा असर देखने को मिला है। ट्रैवल और होटल वेबसाइटों के अनुसार, मुंबई के प्रमुख रियल एस्टेट केंद्र बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में दो मुख्य होटल संपत्तियां बिक चुकी हैं। बीकेसी, मुंबई का एक प्रमुख रियल एस्टेट केंद्र है, जहां शादी समारोह होना है।

एक होटल 14 जुलाई को 91,350 रुपए प्रति रात्रि की दर से कमरे की पेशकश कर रहा है, जबकि सामान्य किराया 13,000 रुपए प्रति रात्रि है। अंबानी परिवार के इस सदस्य की शादी 12 जुलाई को मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगी। हालांकि इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं



हुई है कि मेहमान कहां ठहरेंगे, लेकिन बीकेसी और आसपास के क्षेत्रों में होटलों के किराए में काफी वृद्धि हो गई है। जहां 5 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय पॉप सनसनी जस्टिन बीबर ने मनोरंजन उद्योग और खेल जगत की नामचीन हस्तियों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं आने वाले दिनों में कई और कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। 12 जुलाई से 14 जुलाई तक होने वाले भव्य विवाह समारोह में कई मशहूर हस्तियों को आमंत्रित किया गया है।

यद्यपि विवाह समारोह 12 जुलाई को होगा, लेकिन समारोह शनिवार, 13 जुलाई को शुभ आशीर्वाद के साथ जारी रहेगा, जहां उपस्थित लोगों को दिव्य आशीर्वाद प्राप्त होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अंतिम कार्यक्रम, मंगल उत्सव या विवाह समारोह, रविवार, 14 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

**ट्रैफिक पर असर**

मुंबई यातायात पुलिस ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के हाई-प्रोफाइल विवाह समारोह के मद्देनजर इन तिथियों पर बीकेसी की यात्रा करने वालों के लिए यातायात सलाह जारी की है। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर की ओर जाने वाली कई सड़कों पर 12 से 15 जुलाई तक दोपहर 1 बजे से मध्य रात्रि तक प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ÷5 जुलाई, 12 से 15 जुलाई को मुंबई के बांद्रा इलाके में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर, बीकेसी में एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस द्वारा 5 जुलाई को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, ÷लोगों को असुविधा से बचाने के लिए जियो कन्वेंशन सेंटर की ओर जाने वाली सड़क पर वाहनों के मार्ग को डायवर्ट करने की जरूरत है।

यात्रा बुकिंग वेबसाइटों पर ट्राइडेंट बीकेसी में कमरे का किराया 9 जुलाई को ?10,250 प्रति रात्रि प्लस कर, 15 जुलाई को ?16,750 प्लस कर तथा 16 जुलाई को ?13,750 प्लस कर दिखाया गया है। 10 जुलाई से 14 जुलाई तक कोई कमरा उपलब्ध नहीं था। होटल की वेबसाइट पर दिखाया गया कि इन तारीखों के लिए कमरे 'बिक चुके' हैं। ट्रैवल वेबसाइटों ने 9 जुलाई को सोफिटेल, बीकेसी में कमरे का किराया ?13000 प्लस टैक्स, 12 जुलाई को ?30150 और 13 जुलाई को ?40590, 14 जुलाई को ?91350, 15 जुलाई को ?16560 प्रति रात्रि और 16 जुलाई को ?13680 दिखाया। 10 जुलाई और 11 जुलाई को कोई बुकिंग उपलब्ध नहीं थी। 10 जुलाई से 11 जुलाई तक की बुकिंग के लिए होटल की वेबसाइट पर 'क्षमा करें, यह आवास अब हमारी वेबसाइट पर अनुरोधित तारीखों के लिए उपलब्ध नहीं है% संदेश प्रदर्शित किया गया था। हालांकि, उपरोक्त तिथियों पर अन्य पांच सितारा होटलों जैसे ग्रैंड हयात, ताज सांताक्रूज़, ताज बांद्रा, सेंट रेजिस में कमरे उपलब्ध हैं।

## एफएमसीजी कंपनियों को अप्रैल-जून तिमाही में एक अंकीय राजस्व वृद्धि की उम्मीद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। साथ ही इन कंपनियों ने एक अंक की राजस्व वृद्धि का अनुमान जताया है, जिसे ग्रामीण मांग में सुधार और स्थिर शहरी बाजार से मदद मिली है। डाबर, मैरिको और अदाणी विल्मर जैसी सूचीबद्ध एफएमसीजी कंपनियों ने अपनी ताजा तिमाही सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में मांग में क्रमिक सुधार हुआ, जो उम्मीद के मुताबिक है। घरेलू एफएमसीजी निर्माता डाबर को घरेलू बाजार में





मध्य-एकल अंक में बिक्री बढ़ने और एकीकृत राजस्व वृद्धि मध्य से उच्च एकल अंक में रहने का अनुमान है। मैरिको ने कहा कि जून तिमाही में उसका एकीकृत राजस्व उच्च एकल अंक में बढ़ा, जबकि घरेलू व्यवसाय ने क्रमिक आधार पर मामूली वृद्धि दर्ज की। अदाणी विल्मर ने भी जून तिमाही में कुल 13 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज की। कंपनी ने कहा कि उसके खाद्य और एफएमसीजी कारोबार की बिक्री सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़ी। निर्माताओं को उम्मीद है कि मार्जिन भी सालाना आधार पर बढ़ेगा। ऐसा जिंस कीमतों में नरमी और लागत-बचत पहल के चलते होगा। डाबर ने कहा कि तिमाही के दौरान जिंस कीमतें स्थिर रहीं। लागत-बचत पहल के कारण सकल मार्जिन में कुछ वृद्धि होने की संभावना है। मैरिको को भी सालाना आधार पर सकल मार्जिन में विस्तार की उम्मीद है। कंपनी सफोला, पैराशूट, हेयर एंड केयर, निहार और लिवॉन जैसे ब्रांडों का स्वामित्व रखती है। ग्रामीण बाजार की बिक्री के बारे में, डाबर ने कहा कि जून तिमाही में उसने मांग के रुझान में क्रमिक सुधार देखा और उन क्षेत्रों से वृद्धि में तेजी आई।

# तनाव और भागदौड़ की वजह से कम हो गई है एकाग्रता, तो इन 6 प्रभावी टिप्स से बढ़ाएं फोकस और कंसंट्रेशन



इन दिनों काम के बढ़ते प्रेशर और वजहों से लोग लगातार तनाव का शिकार होते जा रहे हैं। इसके अलावा दिनभर बिजी रहने की वजह से भी लोगों का दिमाग अक्सर कई विचारों से भरा रहता है। दिमाग में अलग-अलग विचारों से भरे रहने की वजह से हमारा फोकस खराब होने लगता है। ऐसे में आप इन 6 प्रभावी टिप्स की मदद से अपना फोकस और कंसंट्रेशन बढ़ा सकते हैं।

आज के डिजिटल युग में हर कोई अपना ज्यादा से ज्यादा समय स्क्रीन के सामने गुजार रहा है। बच्चों से लेकर बड़े तक हर कोई इन दिनों मोबाइल, लैपटॉप पर नजर गड़ाए दिखाई देते हैं। कम उम्र में जितना स्क्रीन का इस्तेमाल किया जाता है, इंसान उतना ही मानसिक रूप से कमजोर हो रहा है। इसके अलावा तनाव के कारण भी इंसान मानसिक रूप से अस्वस्थ होते जा रहा है। इन सभी वजहों से लोगों का फोकस कम होता जा रहा है।

कुछ ही देर में मन विचलित होना और फिर उस काम को वहीं छोड़ कर कल पर टालने की आदत ही फोकस की कमी कहलाती है। ये एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए बहुत ही नुकसानदायक चीज है। फोकस कम होने से कई काम रुक से जाते हैं और सही समय पर सफलता नहीं मिलती है। ऐसे में अपना फोकस बढ़ाने के लिए आप इन प्रभावी 7 टिप्स को अपना सकते हैं।

**डिस्ट्रैक्शन हटाएं**

सी भी चलते हुए काम को रोक कर उससे मन भटकाने में कई प्रकार के डिस्ट्रैक्शन का हाथ होता है, जैसे टीवी, मोबाइल, गॉसिप करना, गेम खेलना आदि। इसलिए कोई काम शुरू करने से पहले इस प्रकार के किसी भी डिस्ट्रैक्शन को अपने सामने से हटाएं और तभी उस काम को करें।

**पने माइंड को मॉनिटर करें**

आपका दिमाग दिन भर तमाम विचारों से भरा रहता है। इसमें से काम के विचारों को अपने दिमाग में स्थान दें और अन्य फिजूल के विचारों को फिल्टर आउट करें। सोचें कि आपके भविष्य के लिए कौन से विचार महत्व रखते हैं और अन्य सभी बातों को तूल न दें। इससे आपका दिमाग काफी हल्का महसूस करेगा और आप अधिक फोकस कर पाएंगे।

**अपने दिमाग को फ्री छोड़ें**

जब तक इंसान जगता है उसका दिमाग अनगिनत ख्यालों में विचरण करता है। लेकिन कुछ देर के लिए डू नथिंग जोन में जाएं और कुछ भी सोचने और करने में दिमाग को व्यस्त न करें। इसे फ्री छोड़ दें। मेडिटेशन या ध्यान लगाएं और शांत हो कर अपने दिमाग को भी कुछ देर रिलैक्स करें। इससे फोकस क्षमता बढ़ती है।

**अपनी उत्सुकता और जिज्ञासा को बढ़ाएं**

नई चीजें सीखें, नई आदतें अपनाएं और ऐसे क्रिएटिव अच्छे काम करें, जिसे आपने कभी न किया हो। इससे आपका दिमाग उत्सुकता और जिज्ञासा में किसी नई चीज को जानने के लिए दिलचस्पी दिखाएगा और आपका फोकस बढ़ाने में मदद करेगा।

**काम को छोटे टुकड़ों में बांटें**

कोई काम बहुत ज्यादा बोझिल लगता है, तभी उस काम के प्रति दिलचस्पी घटने लगती है। इसलिए ऐसे किसी काम को कई छोटे टुकड़ों में बांटें और जब इच्छा हो या फ्रेश महसूस हो तभी उस काम को करें।

**टाइमर का इस्तेमाल करें**

किसी काम को खत्म करने के लिए टाइमर लगा कर उस काम को शुरू करें। इससे एक सीमित समय में काम पूरा करने के दबाव में आप फोकस हो कर जल्दी काम करने की कोशिश करेंगे।

# पुलों का ढहना शासन-तंत्र की भ्रष्टता का प्रमाण



बिहार में एक पखवाड़े के भीतर लगभग एक दर्जन छोटे-बड़े पुलों के ध्वस्त होने की घटनाएं हैरान करने के साथ-साथ चिंतित करने वाली हैं। जैसी खबरें हैं, अकेले बुधवार, यानी 3 जुलाई को ही राज्य के विभिन्न हिस्सों में पांच पुल-पुलिया धराशायी हो गए। इनमें सिवान में छाड़ी नदी पर बने दो पुल शामिल हैं। इससे पहले दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर टर्मिनल-1 पर छत गिरने की घटना से भी हर कोई हैरान है। इस हादसे के कारण अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हुए एवं एक व्यक्ति की मौत हो गई और 8 लोग घायल हुए थे। सभी को इस बात की हैरानी हो रही है कि देश के सबसे प्रमुख हवाईअड्डे पर इस तरह का हादसा कैसे हो सकता है? मुंबई में भी घाटकोपर का होर्डिंग गिरना 14 लोगों की मौत का कारण बना था। इन पुलों के गिरने एवं अन्य सरकारी निर्माणों के ध्वस्त होने की घटनाओं ने एक बार फिर यही साबित किया है कि निर्माण कार्यों में फैले व्यापक भ्रष्टाचार और शासन तंत्र में बैठे लोगों की मिलीभगत के बीच ईमानदारी, नैतिकता, जिम्मेदारी या संवेदनशीलता जैसी बातों की जगह नहीं है। आज हमारी व्यवस्था चाहे राजनीति की हो, सामाजिक हो, पारिवारिक हो, धार्मिक हो, औद्योगिक हो, शैक्षणिक हो, चरमरा गई है, दोषग्रस्त हो गई है। उसमें दुराग्रही इतना तेज चलते हैं कि ईमानदारी बहुत पीछे रह जाती है। जो सद्प्रयास किए जा रहे हैं, वे निष्फल हो रहे हैं। पुल के गिरने से जितने पैसों की बर्बादी हुई, उसकी भरपाई आखिर किससे कराई जाएगी? बिहार में पुल गिरने की ताजा घटनाएं कोई पहली नहीं है। इससे पहले पिछले साल भर में सात पुलों के ढह जाने की खबरें आईं थी।जाहिर है, इन पुलों के ढहने एवं गिरने से कई गांवों का आपस में सीधा संपर्क टूट गया है और मानसून के मौसम में उनकी परेशानियां बढ़ गई हैं। बरसात के मौसम में जर्जर ढांचों के गिरने की घटनाएं ज्यादा घटती हैं और इसीलिए सभी राज्यों में स्थानीय प्रशासन मानसून आने से पहले ही उनकी पहचान कर उनका इस्तेमाल प्रतिबंधित कर देता है। मगर पुल कोई रिहाइशी इमारत नहीं, जिसमें चंद परिवार या कुछ लोग रहते हों, और जिसे एहतियातन खाली करा लिया जाए। ये पुल ग्रामीण लोगों के जीवन की अनिवार्यता एवं जीवनरेखाएं हैं। उच्च तकनीक और प्रौद्योगिकी के मौजूदा समय में उच्च लागत के बावजूद छोटी नदियों और नहरों पर बनने वाले पुल भी यदि चंद वर्षों में या बनते ही धराशायी हो जाएं, तो इसको कुदरती कहर का नतीजा नहीं, आपराधिक मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार एवं सरकारी धन का दुरुपयोग ही मानना चाहिए। बिहार में सिवान की जिस नदी पर दो पुलों के ढहने की घटना घटी है, वह मृत हो चुकी थी और उसे जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत पुनर्जीवित किया गया था। निस्संदेह, इसके लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन सराहना के पात्र हैं। आखिर इस नदी के जिंदा होने से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई को बल मिला है। मगर क्या उसी तंत्र को यह भी नहीं सुनिश्चित करना चाहिए था कि जो पुल जर्जर अवस्था में हैं, उनका विकल्प भी साथ-साथ तैयार किया जाए?

इस तरह बार-बार पुलों का गिरना एवं ध्वस्त होना सरकार में गहरे पैठ चुके भ्रष्टाचार, लापरवाही एवं रिश्वतखोरी को उजागर करता है। आजादी के अमृत-काल में पहुंचने के बाद भी भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, बेईमानी हमारी व्यवस्था में तीव्रता से व्याप्त है, अनेक हादसों एवं जानमाल की हानि के बावजूद भ्रष्ट हो चुकी मोटी चमड़ी पर कोई असर नहीं होता। ये पुल हादसें एवं ध्वस्त होने की घटनाएं बिहार में सरकारी भ्रष्टाचार के चरम पर होने को ही बल देती है। ऐसा नहीं है कि बिहार में ही ऐसे हादसें हो रहे हैं। गुजरात के मोरबी पुल हादसे को लोग अब भी नहीं भूले हैं। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। सात साल पहले कोलकाता में विवेकानंद पुल के ढहने से 26 लोगों की मौत की घटना भी सबको याद होगी। सिर्फ बिहार में पुलों का यूं ढहते जाना ही चिंता की बात नहीं है, दूसरे तमाम राज्यों से भी चमचम सड़कों पर बनते गड्ढ़ों और नए निर्माण के दरकने की खबरें लगभग रोजाना सुर्खियां बटोर रही हैं। इसलिए बेहतर होगा कि तमाम सार्वजनिक निर्माण में पारदर्शिता, ईमानदारी एवं आधुनिक स्थापित मानकों की गारंटी सुनिश्चित की जाए और इसमें किसी किस्म की कोताही बरतने वाले की जिम्मेदारी तय हो। देश भर में तमाम पुराने पुलों की समीक्षा के साथ-साथ उनके रखरखाव या वैकल्पिक पुल के निर्माण को लेकर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

इतना तय है कि ये सभी पुल अगर भरभरा कर गिर रहे हैं तो इनकी डिजाइन गलत होने से लेकर उसमें उपयोग होने वाली सामग्री के घटिया होने का भी साफ संकेत है। लेकिन जिस तरह सरकार इन एवं ऐसे पुलों की गुणवत्ता और जोखिम का अध्ययन करा रही थी, क्या उसके निर्माण के दौरान या उससे पहले डिजाइन सहित उसके हर कसौटी पर बेहतर होने के लिए जांच कराना सुनिश्चित नहीं कर सकती थी? यह तय है कि इन पुलों के निर्माण में व्यापक खामियां थीं और वे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। सवाल है कि जब सरकार किसी कंपनी को पुल निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती हैं, उससे पहले क्या गुणवत्ता की कसौटी पर पूरी निर्माण योजना, डिजाइन, प्रक्रिया, सामग्री, समय-सीमा और संपूर्णता को सुनिश्चित किया जाना जरूरी समझा जाता?देश में भ्रष्टाचार सर्वत्र व्याप्त है, विशेषतः राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार ने देश के विकास को अवरूद्ध कर रखा है। यही कारण है कि पुल या दूसरे निर्माण-कार्यों के लिए रखे गए बजट का बड़ा हिस्सा कमीशन-रिश्वतखोरी की भेंट चढ़ जाता है। इसका सीधा असर निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ता है। निर्माण घटिया होगा तो फिर उसके धराशायी होने की आशंका भी बनी रहती है। हादसों का एक बड़ा कारण जांच में दोषी और जिम्मेदार ठहराए गए अधिकारियों एवं ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का न होना भी है। बिहार, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात हादसों के दोषियों को बचाने के प्रयास भी सबके सामने हुए हैं। हर हादसे के बाद लीपापोती के प्रयास खूब होते हैं।हादसे में मरने वालों के परिजनों को मुआवजा बांटकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी समझने वाली सरकारों को इससे आगे बढ़ना होगा। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रखने की पारदर्शी नीति नियामक केन्द्र बनाने के साथ उस पर अमल भी जरूरी है। विकसित देशों में भी ऐसे हादसे होते हैं, लेकिन अंतर यह है कि भारत में ऐसे हादसों से सबक नहीं लिया जाता। यह प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना देखिये कि ऐसे भ्रष्ट शिखरों को बचाने के लिये सरकार कितने सारे झूठ का सहारा लेती है।

हादसों की जांच से काम नहीं चलने वाला। ऐसे निर्माण कार्यों में कमीशन-रिश्वतखोरी रोकने पर खास ध्यान देने की आवश्यकता है, क्योंकि जब ठेकेदार एक बड़ी राशि कमीशन के तौर पर दे देता है, तो फिर वह निर्माण कार्य में भी गुणवत्ता बनाए रखने के प्रति लापरवाह हो जाता है। लापरवाही की परिणति ऐसे हादसों के रूप में सामने आती है। प्रगतिशील कदम उठाने वाले नेतृत्व ने अगर भ्रष्ट व्यवस्था सुधारने में मुक्त मन से सहयोग नहीं दिया तो कहीं हम अपने स्वार्थी उन्माद एवं भ्रष्टता में कोई ऐसा धागा नहीं खींच बैठें, जिससे पूरा कपड़ा ही उधड़ जाए। राजनीति के क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामले में एक-दूसरे के पैरों के नीचे से फट्टा खींचने का अभिनय तो सभी दल एवं नेता करते हैं पर खींचता कोई भी नहीं। रणनीति में सभी अपने को चाणक्य बताने का प्रयास करते हैं पर चन्द्रगुप्त किसी के पास नहीं है। घोटालों और भ्रष्टाचार के लिए हल्ला उनके लिए राजनैतिक मुद्दा होता है, कोई नैतिक आग्रह नहीं। कारण अपने गिरेबार में तो सभी झांकते हैं वहां सभी को अपनी कमीज दागी नजर आती है, फिर भला भ्रष्टाचार से कौन निजात दिरायेगा? ऐसी व्यवस्था कब कायम होगी कि जिसे कोई ÷रिश्वत÷ छू नहीं सके, जिसको कोई ÷सिफारिश÷ प्रभावित नहीं कर सके और जिसकी कोई कीमत नहीं लगा सके। ईमानदारी अभिनय करके नहीं बताई जा सकती, उसे जीना पड़ता है कथनी और करनी की समानता के स्तर तक। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं।

## संपादकीय

### बड़ी जीत का जश्न

गुरुवार को देश में क्रिकेट प्रेमियों का जश्न पिछले शनिवार से कम नहीं था, जब भारतीय टीम ने बारबाडोस में विश्व कप जीता था। जिसने वर्ष 1983 जीते विश्वकप के जुनून की याद दिला दी। भारत सरकार द्वारा भेजे गए विशेष चार्टेड विमान के जरिये विजयी टीम के खिलाड़ी, परिजन व सहयोगी स्टाफ जब दिल्ली पहुंचे तो तड़के ही क्रिकेट प्रेमियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का प्रधानमंत्री निवास पर स्वागत किया और शानदार जीत के लिये बधाई दी। कप्तान रोहित शर्मा ने प्रधानमंत्री को ट्रॉफी सौंपी। खिलाड़ी कोच राहुल द्रविड़ के साथ प्रधानमंत्री आवास पर दो घंटे तक रहे। प्रधानमंत्री ने शानदार जीत के लिये बधाई दी और हर खिलाड़ी से बात की। इस दौरान बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह भी मौजूद रहे। विजेता टीम के भारत पहुंचने के बाद पूरे देश में खुशी का माहौल नजर आया। यूं तो प्रधानमंत्री ने भारत के टी-20 चैंपियन बनने पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट साझा की थी और टीम के कप्तान व खिलाड़ियों से फोन पर बात की थी। उन्होंने टीम की स्वदेश वापसी पर टीम से मुलाकात से साबित किया कि राजनीति के साथ खेलों को भी वे गंभीरता से लेते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में जब भारतीय टीम वन-डे वर्ल्ड कप के फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गई थी तो प्रधानमंत्री खुद खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने अहमदाबाद के ड्रेसिंग रूम पहुंचे थे। वहीं दूसरी ओर खिलाड़ियों ने भी सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री के साथ फोटो शेयर कर खुशी जाहिर की। इससे पहले बारबाडोस में विश्व विजेता टीम पसोपेश में थी क्योंकि वहां घातक चक्रवात आने वाला था। सोमवार को खिलाड़ियों को खुशी का समाचार मिला कि वे शाम को विशेष चार्टेड फ्लाइट से वतन लौटेंगे। बहरहाल, टी-20 विश्वकप में जीत ने मानसून के उदास मौसम में देश के क्रिकेट प्रेमियों को झूमने को मजबूर कर दिया।

बहरहाल, इस विश्वकप की जीत के बाद धीर-गंभीर रहने वाले कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा व फाइनल में आतिशी बल्लेबाजी से विराट जीत दिलाने वाले विराट कोहली आदि के चेहरों पर मुस्कान देखते ही बनती रही। वर्षों से प्रतीक्षित इच्छा जो पूरी हुई और देश को क्रिकेट का सरताज बनने का मौका मिला। टीम के कोच, कप्तान व सीनियर खिलाड़ियों ने पिछले कुछ वर्षों में बहुत समय व पसीना इस दिन की तैयारी के लिये बहाया था। खिलाड़ियों के चेहरों पर खुशी और संतोष बताता है कि टीम अब अगले मिशन चैंपियंस ट्राफी व वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की तैयारी में जुटने को है। लेकिन वहीं विचारणीय बात यह है कि टीम को अब नये सांचे में ढलना होगा। हम न भूलें कि टी-20 विश्व विजेता टीम के इस प्रारूप से कप्तान रोहित शर्मा, धुंआधार बल्लेबाज विराट कोहली और हरफनमौला रवींद्र जडेजा संन्यास ले चुके हैं। यह इन खिलाड़ियों की महानता है कि अपना लक्ष्य पूरा करके वे नये खिलाड़ियों के लिये राह सुगम बना गए। अन्यथा तमाम आलोचनाओं के बीच आउट ऑफ फॉर्म खिलाड़ी टीम में लंबे समय तक टिके देखे गए हैं। टीम को राहुल द्रविड़ जैसे धीर-गंभीर व अनुशासित कोच की कमी भी खलेगी। हालांकि, बीसीसीआई राहुल द्रविड़ की सलाह को हमेशा तवज्जो देती रही है। बहरहाल, इस यादगार जीत के बाद देश के क्रिकेट प्रेमियों ने पूरी टीम को पलक-पावड़े पर बैठाया। मुंबई में नरीमन प्वाइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक निकाली गई विक्ट्री परेड में दिखा जीत का जश्न इस बात का परिचायक ही है।

एक खास तैयार की गई बस में टी-20 ट्राफी के साथ विश्व विजेता टीम के खिलाड़ी उल्लास में नजर आए। क्रिकेट प्रेमी दो घंटे तक खिलाड़ियों के आने का इंतजार करते रहे। जन सैलाब देखकर लग रहा था कि भारत के लिये क्रिकेट के क्या मायने हैं। लाखों फैन मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक विजेता टीम के खिलाड़ियों के दीदार को खड़े रहे। मायानगरी के लोगों ने दिखाया कि वे फिल्मी सितारों का ही नहीं, खिलाड़ियों का भी भव्य स्वागत करते हैं। भीड़ इतनी थी कि वाहनों की आवाजाही को रोकना पड़ा।

# झारखंड में राजनीति का अप्रत्याशित मोड़ इंडिया ब्लॉक के पक्ष में

## राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से बदल रहे हैं

राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से बदल रहे हैं। इंडिया ब्लॉक समय से पहले चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। यही वजह है कि बुधवार को इंडिया ब्लॉक के विधायकों की सर्वदलीय बैठक में सोरेन को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर उनकी वापसी का रास्ता फ हो गया।

पिछले एक सप्ताह में झारखंड की राजनीति में ऐसा बदलाव आया है जिसकी भाजपा ने कभी उम्मीद नहीं की थी। हेमंत सोरेन जमानत पर जेल से पांच महीने बाद बाहर आ गये हैं, फिर से इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व कर रहे हैं, और मुख्यमंत्री पद पर सत्तारूढ़ हो गये हैं, जिससे भाजपा नेतृत्व काफी निराश है। 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के चुनाव 5 जनवरी, 2025 से पहले पूरे होने हैं, जिस दिन सदन का कार्यकाल समाप्त होना है, जो 2024 के अंत तक हो सकता है।

हेमंत सोरेन ने कहा है कि उन्हें जानकारी है कि भाजपा जल्द ही झारखंड में विधानसभा चुनाव कराने की योजना बना रही है, लेकिन भाजपा का जीतने का सपना महज सपना ही रह जायेगा। विधानसभा चुनाव के बाद झारखंड से भाजपा का सफाया हो जायेगा, उन्होंने भूमि घोटाले और मनीलॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से नियमित जमानत मिलने के अगले दिन ही कहा। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ कई अन्य मामले भी हैं, जिनमें उन्हें गिरफ्तारी का डर है, और इसलिए वह भाजपा के खिलाफ राजनीतिक रूप से आक्रामक हो गये हैं।झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कथित तौर पर उनके खिलाफ साजिश रचने के लिए भाजपा की आलोचना की है। जेएमएम कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि-%साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा% और %झारखंड के लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे%। %भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोंकने का समय आ गया है। आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जायेगा,% उन्होंने कहा। सोरेन ने कहा, %मुझे पता चला है कि वे विधानसभा चुनाव समय से



पहले कराने की योजना बना रहे हैं... मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे जब चाहें चुनाव करा लें... झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने का भाजपा का सपना %मुंगेरीलाल के हसीन सपने% जैसा होगा... भाजपा कई राज्यों में आदिवासियों को मुख्यमंत्री बना रही है, लेकिन वे सिर्फ रबर स्टैंप हैं।%राज्य में राजनीतिक घटनाक्रम उम्मीद से कहीं ज्यादा तेजी से बदल रहे हैं। इंडिया ब्लॉक समय से पहले चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। यही वजह है कि बुधवार को इंडिया ब्लॉक के विधायकों की सर्वदलीय बैठक में सोरेन को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे झारखंड के मुख्यमंत्री के तौर पर उनकी वापसी का रास्ता साफ हो गया। उन्होंने जमीन घोटाले से जुड़े पीएमएलए मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तारी की वजह से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद चंपई सोरेन विधायक दल के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री चुने गये थे, जिन्होंने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया ताकि हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बन जायें। चंपई ने भाजपा पर तीखे हमले करते हुए हाल ही में कहा था कि- भाजपा दलितों और आदिवासियों और उनके समर्थकों को कभी भी शांति से रहने नहीं देगी।झामुमो और इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों के बीच नेतृत्व का स्पष्ट संदेश भेजने के लिए हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री बने हैं। 28 जून को जमानत मिलने के दो दिन बाद ही हेमंत सोरेन ने सामंती ताकतों के खिलाफ विद्रोह का ऐलान कर दिया। यह मौका ब्रिटिश शासन के खिलाफ 1855 के संताल विद्रोह की याद में मनाये जाने वाले हुल दिवस (विद्रोह का दिन) का था। अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह की इसी तर्ज पर मैं झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश से सामंती ताकतों को खदेड़ने के लिए हुल विद्रोह का ऐलान करता हूं।कहने की जरूरत नहीं कि हेमंत सोरेन की जमानत पर रिहाई के बाद झामुमो नेताओं और इंडिया ब्लॉक नेताओं का मनोबल काफी ऊंचा है। %मेरी रिहाई के बाद भाजपा खेमे में दहशत है। भाजपा नेता एक बार फिर मेरे खिलाफ साजिश रच रहे हैं। मुझे झूठे मामलों में फंसाया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल उन लोगों के खिलाफ किया जा रहा है जो सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। झारखंड क्रांतिकारियों की धरती के रूप में जाना जाता है और हम जेल, लाठी या फांसी से नहीं डरते, % श्री सोरेन ने कहा। दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के बीच जनता की प्रतिक्रिया ब्लॉक के लिए बहुत अनुकूल है।दूसरी ओर, भाजपा अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को फिर से हासिल करने की पूरी कोशिश कर रही है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव 2024 में भी पार्टी ने 2019 में जीती गई अपनी 11 में से 3 सीटें खो दी थीं। नवंबर 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में, भाजपा ने 33.37 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 81 में से केवल 25 सीटें जीती थीं।

महागठबंधन, जो अब इंडिया ब्लॉक है, ने 47 सीटें जीती थीं, जिससे वे भाजपा को सत्ता से बाहर करने में सक्षम थे। झामुमो ने 30 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने 16 और राजद ने 1 सीट जीती थी।

भाजपा की सहयोगी नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जद (यू) ने पहले ही भाजपा को विश्वास में लिए बिना झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है, हालांकि वे बिहार और केंद्र में एनडीए सरकार का हिस्सा हैं। यह इस बात का संकेत है कि एनडीए के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है।

झारखंड की राजनीति में एक नया खिलाड़ी भी शामिल हुआ है- झारखंड भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) जिसका नेतृत्व युवा ऊर्जावान नेता जयराम महतो कर रहे हैं। पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ा, जिससे भाजपा की सीटों के नुकसान का मुख्य कारण माना जा रहा है। पार्टी ने 81 विधानसभा क्षेत्रों में से अधिकांश पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है, जिससे आगे और भी उतार-चढ़ाव की संभावना खुल गई है। महतो समुदाय के बीच भाजपा के समर्थन आधार में जेबीकेएसएस की सेंधमारी अवश्यंभावी है, जो पारंपरिक रूप से भाजपा के मतदाता रहे हैं।

# बेस्ट है बैंगनी



रंगों से हमारी दुनिया में जुड़ता है सौंदर्य। बात चाहे फैशन की हो या घर के साज-सज्जा की, रंगों का चयन है बेहद महत्वपूर्ण। फैशन विशेषज्ञों की मानें तो इन दिनों हर ओर बिखरा है बैंगनी रंग का जादू। यह रंग लाल और नीले, दो रंगों से मिलकर बना है। जहां लाल रंग से जुड़ी हैं प्यार और गर्मजोशी की भावनाएं, वहीं नीला रंग माना जाता है शीतलता का अहसास देने वाला कूल कलर। इस तरह दोनों के संयोग से बना बैंगनी माना जाता है आदर्श रंग।

मन की शांति और निराशा से मुक्ति चाहिए तो बिखेरें अपने आसपास बैंगनी रंग की छटा। यह रंग राजसी वैभव का प्रतीक है, इसके साथ ही यह प्रतिबिंबित करता है जादू और रहस्य के मिश्रित भावों को। इन दिनों बैंगनी रंग का पहनावा है हॉट फेवरेट। वेस्टर्न हो या पारंपरिक भारतीय परिधान, दोनों में जंचता है बैंगनी रंग। इतना ही नहीं एक्ससरीज के मामले में भी हिट है यह रंग। आजकल बाजार में बैंगनी शेड्स में बैग, फुटवेयर, घड़ी, बेल्ट, चश्मा, हेयर क्लिप इत्यादि की विभिन्न डिजाइन्स मिल जाएंगी। आप चाहें तो बैंगनी रंग के मोबाइल और लैपटॉप कवर भी खरीद सकती हैं। यह रंग देता है हमारी कल्पनाओं को विस्तार और प्रेरणा। यह इसकी डिमांड का ही असर है कि बाजार में बैंगनी रंग में किचेन के सामान, जैसे टीकोस्टर, स्टोरेज कंटेनर्स टी-सेट इत्यादि से लेकर घरेलू उपयोग एवं अन्य साज-सज्जा की वस्तुओं की व्यापक रेंज उपलब्ध है।

यहां बात सिर्फ फैशन की नहीं, बल्कि इसके मायने कहीं ज्यादा हैं। जीवन में संतुलन को आमंत्रण देता है बैंगनी रंग। अब आप ही तय करें कि किस तरह सजाना चाहती हैं इससे अपनी जिंदगी को।

# सुंदर नाखून स्वस्थ दांत



1. चमकदार सफेद दांतों के लिए हफ्ते में एक बार एक चुटकी बेकिंग सोडा या नमक से दांतों को साफ करें।
2. दांतों का पीलापन दूर करने के लिए कॉटनबूल को हाइड्रोजन पैराऑक्साइड में भिगोकर दांतों पर मलें।
3. चमकदार दांत पाने के लिए हफ्ते में दो बार अपने दांतों को सूखे तेजपत्ते से हलके हाथों से रगड़े।



4. नाखूनों को मजबूत और चमकदार बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा कैल्शियम और जेलेटिन लें। एक टेबल स्पून जेलेटिन प्रतिदिन एक कप ठंडे दूध में मिलाकर लें। अगर आपको कैलरीज की चिंता हो तो फुल क्रीम मिल्क की जगह स्किम्ड मिल्क लें। यह उपचार लगातार एक महीने तक करे।
5. लंबे और मजबूत नाखून पाने के लिए उनको रोज रात में हलके गर्म बादाम के तेल और नीबू के रस के मिश्रण में भिगोएं। अधिकतम लाभ पाने के लिए उसमें दस से पंद्रह मिनट तक भिगोए रखें। फिर हलका मसाज करके उन्हे टिश्यू पेपर से पोंछ लें और दूसरे दिन सुबह पानी से उनको साफ करे। वही तेल आप हर रोज गर्म करके इस्तेमाल कर सकती है।

# बाल है कमाल



बेकनगंज निवासी शहरोज अनवर के बालों की लंबाई उनके शरीर से भी अधिक है। खास बात यह है कि यह किसी कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट का नहीं, नैचुरल **कंडीशनर का है कमाल**

हेयर केयर प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियों के लिए वह परफेक्ट मॉडल तो हैं, लेकिन इन कंपनियों के लिए वह बड़ी चुनौती भी पेश करती है। आखिर उनके मुताबिक बालों की यह लंबाई किसी खास तेल से नहीं, बल्कि बचपन से संतुलित आहार और घर पर बने कंडीशनर के कारण मिली है। हम बात कर रहे है बेकनगंज निवासी शहरोज अनवर की, जिनके बाल उनके शरीर से भी लंबे हैं!

**कद से लंबे बाल**

शहरोज का कद 5 फुट 2 इंच है और उनके बालों की लंबाई है 5 फुट 4 इंच। वह बताती हैं, कद से लंबे बाल होने के कारण इन्हें खुला रखकर सड़क पर नहीं चल सकती। मम्मी इनको खोल कर पार्टी में जाने की परमीशन नहीं देती है। यदि किसी तरह मना भी लूं तो वहां लोग घेरकर इनको छूना शुरू कर देते हैं।

**करनी पड़ती है खास केयर**

शहरोज अपने बालों की खास देखभाल करती हैं। इसके लिए वह सप्ताह में दो बार नारियल तेल से मालिश करती हैं, प्राकृतिक तरीके से बनाए हुए कंडीशनर से बालों को धोती हैं। वह बताती है, बचपन से मम्मी इनकी देखभाल करती थी। इनको साफ रखना, बांधकर रखना, घर पर चायपत्ती, दही, नींबू आदि से कंडीशनर बनाना, नॉनवेज, ऑयली और जंकफूड से परहेज करना, हालांकि पहले यह सब बुरा लगता था, लेकिन तब मुझे नहीं मालूम था कि इसी कारण मैं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहूंगी। मम्मी के उस रूटीन को मैं अब भी नियमित रूप से फॉलो करती हू।

**चलती फिरती हेयर एक्सपर्ट**

एक इंस्टीट्यूट में इंग्लिश की शिक्षिका शहरोज अपने बालों के कारण लोगों के बीच कौतूहल का विषय बनी रहती है। हर कोई उनसे मिलते ही सबसे पहले उनके बाल देखने की ही इच्छा प्रकट करता है। हर कोई लंबे और हेल्दी बालों के टिप्स पूछने लगता है। वह बताती हैं, कहीं घूमने जाओं या फिर पार्टी में लोग पीछे ही पड़ जाते हैं। हर कोई अपने बालों के लिए मुझसे टिप्स मांगने लगता है। कई बार तो क्लास में स्टूडेंट भी पढ़ाई के बीच में बालों पर ही डिस्कस करने लगते हैं।

**पापा की अमानत**

लंबे बाल रखने का कोई खास कारण? के जवाब में शहरोज बताती है, बचपन में मम्मी बाल काट देती थीं, लेकिन पापा को बड़े बाल पसंद थे। वह मम्मी से तो इनकी केयर करने के लिए कहते ही थे, साथ ही खुद भी इनका बहुत खयाल करते थे। अब वह दुनिया में नहीं हैं, इसलिए मैंने उनकी अमानत के रूप में इन्हें संभाल कर रखा है।



**बन जाए रिकॉर्ड**

लंबे बालों के लिए किसी रिकार्ड्स बुक में दर्ज होने का इरादा है? पर शहरोज कहती हैं, मुझे इस रिकार्ड के लिए जरूरी लंबाई की जानकारी नहीं है। फिर भी ऐसा कुछ होता है तो मुझे खुशी ही होगी। हाँ, मुझे मॉडलिंग करने का बहुत शौक है। यदि किसी हेयर केयर प्रोडक्ट के लिए विज्ञापन करने का मौका मिले तो मैं जरूर करूंगी!

**जानकारी**

# वजन घटाने में मददगार है 'स्विमिंग' मगर इन 4 बातों का जरूर रखें ध्यान

तैराकी को हमेशा एक मनोरंजक गतिविधि के रूप में माना जाता है, जिसे लोग अपने खाली समय में और कुछ मौज-मस्ती के लिए पसंद करते हैं। वास्तविकता यह है कि यह गतिविधि आपको बहुत सारी कैलोरी जलाने, आपके शरीर को टोन करने और यहां तक कि वजन कम करने में मदद कर सकती है, बशर्ते आप सही तरीके से सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। तैरना एक कम प्रभाव वाला व्यायाम है जो वजन कम करने में आपकी मदद कर सकता है जैसा कि आप दौड़कर कर सकते हैं और वह भी बिना आपके जोड़ों को चोट पहुंचाए। यह निश्चित रूप से एक मजेदार और स्वस्थ गतिविधि है, जो सभी आयु वर्ग के लोगों द्वारा की जा सकती है। या तो आप अपना वजन कम करने के लिए तैर रहे हैं या अपने शरीर को टोन करने के लिए, यहां 4 चीजें हैं जिन्हें आपको ध्यान में रखना है।



### सही खानपान

इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अगर आप वजन कम करने के लिए जिमिंग या स्विमिंग कर रहे हैं। इसके लिए स्वस्थ भोजन करना भी महत्वपूर्ण है। आप केवल सही व्यायाम करके और सही प्रकार का भोजन खाकर अपना वजन कम कर सकते हैं। पहला, जब आप तैर रहे होते हैं तो बहुत अधिक ऊर्जा की खपत होती है और दूसरी बात यह है कि ठंडा पानी आपकी भूख बढ़ा सकता है। यह आपके स्विमिंग सेशन के बाद आपको उग्र महसूस करवा सकता है। ओवरईटिंग से बचें, वरना आपकी सारी मेहनत बेकार हो जाएगी। खाने में हरी सब्जियां जोड़ें और अपने स्विमिंग सेशन के बाद प्रोटीन शेक पीएं।

### सही स्ट्रोक

अलग-अलग तैराकी के विभिन्न स्वास्थ्य लाभ हैं और कैलोरी की काफी मात्रा को जलाते हैं। लेकिन जो सबसे प्रभावी है वह है बटरफ्लाई स्ट्रोक है। अगर सही तरीके से किया जाए तो यह स्ट्रोक 10 मिनट में 150 कैलोरी जलाने में आपकी मदद कर सकता है। अगला सबसे अच्छा स्ट्रोक फ्रीस्टाइल है, जो आपको एक घंटे में 704 कैलोरी जलाने में मदद कर सकता है।

### अच्छी गति

यदि आपका मकसद वजन कम करना है, तो निश्चित रूप से, आपको कुछ अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। आपकी गति यह निर्धारित करती है कि आप कितनी कैलोरी खोने जा रहे हैं। तो एक राउंड तेज तैरें और फिर अगले में सामान्य रहें। यह आपके वसा जलने की प्रक्रिया को तेज करेगा।

### सही समय

हमेशा नाश्ते से पहले सुबह तैरने की कोशिश करें। सुबह तैरना आपके शरीर को एक उपवास की स्थिति में छोड़ देगा और यह संग्रहीत वसा का अधिक कुशलता से उपयोग करने में सक्षम होगा। शरीर वसा को ऊर्जा के रूप में उपयोग करेगा और आप अधिक वजन कम करने में सक्षम होंगे।



# धूम्रपान है घातक

## इससे होने वाले रोग सीओपीडी का कैंसर से है सीधा संबंध

भारत में हुए अध्ययनों से पता चला है कि देश के महानगरों और बड़े शहरों जैसे दिल्ली, चेन्नई और बेंगलुरु में फेफड़ों के कैंसर के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। फेफड़े का कैंसर का कई बार क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के साथ संबंध होता है। एम्स के डॉ. नबी दर्या वली के मुताबिक, सीओपीडी फेफड़ों से संबंधित एक ऐसा रोग है, जिसमें मरीज की सांस छोड़ने की क्षमता ठीक से काम नहीं कर पाती, इस स्थिति के कारण मरीज को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। लंबे समय तक धूम्रपान करने के कारण यह रोग होता है। सीओपीडी से पीड़ित लोगों में फेफड़ों का कैंसर का विकसित होने की संभावना दोगुनी होती है और इन दोनों स्थितियों के एक साथ होने की संभावना भी काफी अधिक होती है। दरअसल, पूरी दुनिया में कैंसर के सबसे आम रूपों में से एक है, फेफड़े का कैंसर। डॉ. वली कहते हैं, फेफड़ों का कैंसर एक आम बीमारी हो गई है और अभी भी दुनिया भर में कैंसर से होने वाली मौतों के मुख्य कारणों में से एक है। फेफड़े के कैंसर वाले अधिकांश मरीजों का इलाज तब शुरू होता है जब रोग शरीर में फैल चुका होता है। यानी उन्नत चरणों में कैंसर का निदान किया जाता है, इसलिए अब नए चिकित्सीय विकल्पों की पहचान नैदानिक अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है।



### संकेत और लक्षण

हालांकि सीओपीडी और फेफड़ों के कैंसर के समान लक्षण हैं, जैसे खांसी और सांस लेने में कठिनाई, लेकिन इनमें कुछ अंतर भी हैं। थकान, भूख में कमी, अचानक वजन घटना, खांसी के साथ ही कहीं सीने में दर्द, गला बैठना, फेफड़ों में संक्रमण, खांसी और कफ के साथ खून के अलावा लगातार सूखी खांसी आ रही हो तो तत्काल ध्यान देने की जरूरत हो सकती है। यदि कैंसर फैल गया है, तो किसी को सिरदर्द, सुन्नता (नंबनेस), चक्कर आना, पेट में दर्द, पीलिया और हड्डी में दर्द का अनुभव हो सकता है।

### निदान और उपचार

कैंसर के विभिन्न चरणों की पहचान सीटी स्कैन, एमआरआई, पीईटी स्कैन और बोन स्कैन के माध्यम से की जाती है। नैदानिक परीक्षणों में छाती का एक्स-रे, सीटी स्कैन, थूक परीक्षण, ऊतक (टिश्यू) बायोप्सी और ब्रोन्कोस्कोपी शामिल हैं। मरीज सीओपीडी से पीड़ित है या नहीं, फेफड़ों के कैंसर के इलाज के लिए कीमोथेरेपी का उपयोग किया जाता है। सीओपीडी और कैंसर के शुरुआती चरणों के उपचार के लिए सर्जरी, कीमोथैरेपी और रेडियोथैरेपी जैसे विकल्पों का मिश्रण हो सकता है। इम्यूनोथैरेपी और लक्षित दवाओं जैसी नई थेरेपी भी अच्छी तरह से काम करती हैं।

### फेफड़ों के कैंसर को रोकना

डॉ. वली के मुताबिक फेफड़ों से संबंधित रोगों से बचाव रखने के लिए आप ये तरीके अपना सकते हैं- नियमित रूप से व्यायाम करें, हार्ट रेट को बढ़ाने वाली एरौबिक एक्सरसाइज करना सबसे ज्यदा फायदेमंद होता है। पोषक तत्वों से भरपूर भोजन फायदेमंद है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इन्फेक्शन से बचने के लिए अपने हाथों को नियमित रूप से धोते रहें। हाथों से अपने मुंह को ना छुएं (जितना कम हो सके छूने की कोशिश करें)। बीमार लोगों से दूर रहें। नियमित रूप से डॉक्टर से जांच करवाते रहें फेफड़ों के रोगों से जुड़े किसी भी संकेत व लक्षण को नजरअंदाज ना करें। धूम्रपान करने वालों को एक बार में धूम्रपान छोड़ देना चाहिए। धूम्रपान करने वाले व्यक्ति और उसके धुएं से दूर रहें, घर पर या बाहर के प्रदूषण या दूषित हवा में सांस ना लें। फेफड़ों को नुकसान न पहुंचे इसके लिए मास्क जैसे कुछ सुरक्षात्मक साधन पहनकर भी बच सकते हैं। रेडॉन गैसे जैसे रडियो एक्टिव पदार्थ कैंसर को बढ़ावा देते हैं और अपने रहने की जगह ऐसे तत्व वातावरण को खराब तो नहीं कर रहे, यह जानने के लिए घर पर ही रेडॉन लेवल पता करना होता है। लंबे समय तक ऐसे पदार्थों से संपर्क सीओपीडी के साथ ही फेफड़ों के कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। किसी प्रकार के केमिकल, धूल या धुएं आदि में सांस ना लें यदि आप में फेफड़ों के कैंसर का अधिक खतरा है, तो डॉक्टर से इस बारे में बात करें और जांच करवाएं।

**सेहत**

# सर्दियों की स्किन प्रॉब्लम दूर करेंगे ये टिप्स

सर्दियों का मौसम आते ही कई तरह की स्किन प्रॉब्लम होनी शुरू हो जाती हैं। ठंड आते स्किन रूखी, बेजान और अजीब सी होने लगती है। कुछ आसान तरीके अपनाकर आप इस मौसम में होने वाली इन समस्याओं को दूर कर सकते हैं।

### आइब्रो डैंड्रफ

वैसे डैंड्रफ यानी रूसी बालों की समस्या है। लेकिन सर्दियों में डैंड्रफ भौहों में भी हो सकती है। रात में चेहरा धोते समय आइब्रो पर भी फेसवॉश जरूर लगाएं। इससे यहां की डेड स्किन निकल जाएगी। आपकी भौहों से जब तक डैंड्रफ पूरी तरह खत्म न हो जाए, आइब्रो मेकअप न करें।

### नाक की रूखी और फटी स्किन

बाहर की सर्दी और घर के अंदर की गर्मी नाक सूखने लगती है। त्वचा में नमी बरकरार रखने के लिए हाइड्रेटिंग मॉइस्चराइजर या सेरामाइड्स युक्त क्रीम लगाएं। इससे आपकी स्किन रूखी नहीं होगी।



### रूखे हाथ

सर्दियों में सबसे ज्यादा प्रभाव हाथों पर ही पड़ता है। हाथों में ऑयल ग्लैंड बहुत कम होता है। बार-बार हाथ धोने की वजह से भी हाथों की नमी चली जाती है। इसलिए बाहर निकलने से पहले हमेशा ग्लिसरीन वाली हैंड क्रीम लगाएं। ठंड के महीनों में आपके क्यूटिकल भी फट सकते हैं, इसलिए हाथों में बादाम का तेल या कुसुम का तेल लगाएं।

### सूखे और पपड़ीदार पैर

हाथों की तरह पैरों में भी अधिक ऑयल ग्लैंड नहीं होता है और वो जल्दी रूखे दिखने लगते हैं। रूखे पैरों में एक पपड़ीदार स्किन बनने लगती है। ठंड में गर्म पानी से नहाना भी इसकी एक वजह है। हमेशा गुनगुने पानी से नहाएं जिससे आपकी त्वचा की नमी पूरी तरह खत्म न हो। नहाने के बाद बॉडी बटर लगाने से भी त्वचा में नमी रहेगी।

### ऑयली स्किन

सर्दियों में त्वचा की सीबम से प्राकृतिक रूप से तेल निलकता है। इसलिए थोड़ा सा ही मॉइश्चराइजर लगाने से त्वचा तैलीय होने लगती है। स्किन का पीएच संतुलन बनाए रखने के लिए हाइड्रेटिंग फॉर्मूला मॉइश्चराइजर ही लगाएं।

### फटे होंठ

सर्दियों में हर कोई रूखे और फटे होंठों से परेशान रहता है। सबसे पहले तो अगर आपको अपने होंठ चबाने की आदत है तो इसे तुरंत छोड़ दें। होंठों का रूखापन दूर करने के लिए मॉइस्चराइजिंग तेल में चीनी के दानें मिलाएं और इसे होंठों पर लगाएं।

# टाइम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 5005




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**




**काकुरो - 5004 का हल**



## लॉफिंग ज़ोन

मेजर (जवान से) : तुम इतना ज्यादा क्यों पीते हो? तुम्हें खबर है कि अगर तुम्हारा रिकॉर्ड अच्छा होता तो अब तक सूबेदार हो गए होते।

जवान : माफकीजिए सर! आपकी बात तो सोलह आने सच है। मगर बात यह है कि जब दो घूँट मेरे अंदर पहुँच जाते हैं तो मैं अपने आपको कर्नल समझने लगता हूँ।

एक बार रमन जवानों की परेड करवाने में बहुत व्यस्त था, उसने गरज कर कहा- सभी जवान अपना-अपना दायाँ पैर ऊपर उठाएँ।


बस क्या था, एक जवान ने गलती से बायाँ पैर ऊपर उठा दिया।

यह देख कर रमन जोर से चिल्लाया- ये कौन बेवकूफहै, अपने दोनों पैर ऊपर उठा कर खड़ा है?

चमन (रमन से)- यार! कल तो गजब हो गया। प्लेटफॉर्म पर भीड़ में मेरी प्रेमिका न जाने कहाँ खो गई थी। मुझे तो लगा जैसे मेरे तो हाथों के तोते उड़ गए।

रमन- उफयार! यह तो बहुत ही बुरा हुआ। वैसे ये तो बता दे कितने तोते थे?

## फिल्म वर्ग पहेली- 5005



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल से तुझको बेदिली' गीत वाली दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३. राजेश खन्ना, डिम्पल की 'जब दर्द नहीं था सीने' गीत वाली फिल्म-४
६. संजय दत्त, नम्रता की फिल्म-३
७. संजीव, सुचित्रा की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
८. 'आया है मुझे फिर' गीत वाली धर्मेन्द्र, शर्मिला की फिल्म-३
१०. 'हुन हुना रे हुन' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'हंसाती है रूलाती' गीत वाली तुषार, ग्रेसी, अमृता की फिल्म-२
१३. संजीवकुमार, राखी की 'तेरे आँखों के दो' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'निकाह' में दीपक और राज बब्बर के साथ नायिका कौन थी-३
१६. अनिल, पूनम की 'मिली तेरे प्यार की' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुल राय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२१. तुषार कपूर, अंतरा की फिल्म-३
२३. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंन्द्र, रामेश्वरी की फिल्म-३
२४. अभिषेक, अंतरा की 'आवारा मन में' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'ये दुनिया वाले' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२६. 'सुन जरा सोनिये सुन' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता पटेल की फिल्म-२
२८. सुनील शेट्टी, सोमी की 'दिल मेरा यहाँ' गीत वाली फिल्म-२
३०. मनोजवाजपेई, उर्मिला की फिल्म-२
३२. देवानंद, नूतन की 'हम तो जानी प्यार करेगा' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'जाने क्या पिलाय' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. जीतेंद्र, जीनत की 'मेरी उमर का एक लड़का' गीत वाली फिल्म-२,२
२. अमिताभ, शशि, परवीन, नीतू की फिल्म-३
३. 'चलो बुलावा आया' गीत वाली फिल्म-४
४. 'कोई मिल गया' में ऋतिक का नाम था-३
५. 'चल चमेली बाग में' गीत वाली फिल्म-२
७. 'भोर भये पंछी धुन' गीत वाली राजेश खन्ना, रेखा की फिल्म-३
९. सचिन, सुचेता की 'झुमका कजरा बिंदिया गजरा' गीत वाली फिल्म-४
११. ऋषि, चंकी, नीलम की फिल्म-३
१३. राजकपूर डबल रोल, नर्गिस की फिल्म-२
१४. 'जिंदगी ये पल, ये पल जिंदगी' गीत वाली सुष्मिता, सुशांत की फिल्म-३
१५. धर्मेन्द्र वाली 'जब याद किसी की आती है' की नायिका कौन थी?-२
१७. 'ना ये जमीं थी ना आसमां था' गीत वाली विश्वजीत, राजश्री की फिल्म-३
१८. देव आनंद, हेमा की 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली फिल्म-४
१९. दिलीप कुमार, अनिल कपूर, रति की फिल्म-३
२०. प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
२२. 'बाजूबंद खुल खुल जाये' गीत वाली फिल्म-४
२८. अब्बास, शर्बाणी की 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'याईला रे लड़की' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'कोरे कागज पे लिखवाले' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5004**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बै | ग | ग | | स | ड़ | क | | आ | |
| जू | | ज | ह्ला | द | | स | सु | ग | ल |
| बा | द | ल | | मा | लि | क | | ध | |
| व | | | बा | | बा | | बे | ना | म |
| ग | जा | बा | बू | | स | रि | ता | | हा |
| | ल | व | | बे | | | ब | से | ग |
| इ | | र्ची | | खु | द्दा | र | | | जा |
| क | र्ज | | शा | दी | | ख | ली | फा | |
| बा | | गै | र | | दा | वा | | | द |
| ल | ज्जा | | दा | ग | | ला | वा | रि | स |

## 5005


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**5004**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 5005



**बाएँ से दाएँ**

1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली - 5004 हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |

## जीपुर में दंपत्ति समेत परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

एजेंसी

**मऊ।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के नंदगंज क्षेत्र में घर पर सो रहे पति-पत्नी व पुत्र की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि बीती रात कुसुम्हीकला के खिलवा मौजा निवासी मुंशी बिंद (45), उनकी पत्नी देवांती (40) घर के बाहर झोपड़ी में सो रहे थे जबकि बड़ा पुत्र रामाशीष (20) घर के अंदर सो रहा था, जिनकी अज्ञात हमलावरों ने गला रेतकर हत्या कर दी। घटना का पता तब चला जब मृतक मुंशी बिंद का छोटा बेटा आशीष गांव में ही आयोजित एक आर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखकर वापस घर लौटा तो उसने माता-पिता को घर के बाहर लहूलुहान देखा। जब वह घर के अंदर भाग कर बड़े भाई को जगाने गया तो वह भी रक्त रंजित पाया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया सुनियोजित हत्या प्रतीत हो रही है। क्योंकि सभी मृतकों के गले पर ही वार किया गया है। पुलिस घटना के अनावरण के लिए लगी हुई हैं।

## सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**एलुरू।** आंध्र प्रदेश के द्वारकातिरुमाला मंडल के लक्ष्मी नगर में सोमवार को एक कार दुर्घटना में दो महिलाओं और एक बालक सहित एक परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हादसा आज तब हुआ, जब परिवार की एक महिला सदस्य अपने परिवार के साथ सॉफ्टवेयर कंपनी में इंटरव्यू देने के बाद हैदराबाद से साराजावोलू गांव वापस जा रही थीं। उसी दौरान, उनकी कार अनियन्त्रित होकर खड़े ट्रक से टकरा गयी, जिसमें मां, पुत्री और पुत्र की मौत हो गयी तथा कार चला रहे दुर्गा वामशी घायल हो गये। उनको एएसआरआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में राचाबट्टूनी भाग्यश्री (26), उनकी मां बोम्मा कमलादेवी (53) और उनका पुत्र नागा नितिन कुमार (तीन) हैदराबाद से राजावोलू गांव जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मैरी प्रशांति ने घटनास्थल का दौरा किया। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जालंधर में बब्बर खालसा इंटरनेशनल का सदस्य गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में काउंटर इंटेलिजेंस ने सोमवार को बब्बर खालसा इंटरनेशनल के सदस्य को भारी मात्रा में गोला-बारूद और अत्याधुनिक हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए एक अभियान में मुख्य हमलावर सिमरनजीत बबलू को गिरफ्तार किया है, जो 3 अप्रैल, 2024 को एस बी एस नगर में पूर्व आतंकवादी रतनदीप सिंह की घातक गोलीबारी में शामिल था। इस मॉड्यूल को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा और अमेरिका स्थित गोपी नवांशहरिया द्वारा संचालित किया जा रहा था। डीजीपी ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## रोडवेज एवं ट्रेलर में टक्कर में तीन लोगों की मौत, दस से अधिक घायल

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शाहपुरा में आज राजस्थान रोडवेज की बस एवं ट्रेलर की भिडन्त में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई तथा दस से अधिक घायल हो गये। पुलिस के अनुसार दिल्ली से जयपुर जा रही रोडवेज की बस की शाहपुरा में अलवर पुलिया पर सोमवार तडके चार बजे आगे चल रहे ट्रेलर से टक्कर हो गयी। हादसे में दिल्ली निवासी विजय अग्रवाल, उनकी पत्नी टीना अग्रवाल एवं पुत्र प्रीतम की मौत हो गई। हादसे में दस से अधिक यात्री घायल हो गये। घायल यात्रियों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। पुलिस ने मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कुलगाम में दो मुठभेड़ों में बलिदान होने वाले दोनों सैनिकों को सेना ने दी श्रद्धांजलि

**कुलगाम।** भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में बलिदान होने वाले दोनों सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना चिनार कोर ने सोशल मीडियापर पोस्ट कर बताया कि चिनार कोर कमांडर, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव, डीजीपी जम्मू-कश्मीर और अन्य प्रमुख व्यक्तियों और सभी रैंकों ने लांस नायक प्रदीप कुमार और सिपाही प्रवीण जंजाल प्रभाकर को श्रद्धांजलि दी। इन दोनों जवानों ने शनिवार 6 जुलाई को कुलगाम में कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि चिनार योद्धा दोनों बहादुरों की वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। हम शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता में खड़े हैं और उनकी भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि पैरा कमांडो लांस नायक प्रदीप कुलगाम जिले के मोदरगाम में आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में बलिदान हुए थे। दूसरा जवान 1 राष्ट्रीय राइफल्स के हवलदार राज कुमार फ्रिसल क्षेत्र के चिन्नीगाम गांव में हुई मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। इन दोनों मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों के जवानों ने छह आतंकवादियों को ढेर कर किया है।

# 'मासिक धर्म' अवकाश पर केन्द्र और राज्य सरकारें 'आदर्श नीति' बनाने पर विचार कर सकते हैं- सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को 'मासिक धर्म' के दौरान अवकाश देने के लिए केंद्र और सभी राज्य सरकारों को विचार करना है कि क्या वे इस बारे में कोई आदर्श नीति बना सकते हैं।



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़,न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर गौर किया कि क्या इस तरह के अवकाश महिलाओं को कार्यबल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती है या फिर इस तरह की छुट्टी अनिवार्य करने का मतलब महिलाओं को रोजगार से दूर रखना है। पीठ ने कहा, यह वास्तव में सरकार की नीति का पहलू है और अदालतों को इस पर विचार नहीं करना चाहिए। अधिवक्ता त्रिपाठी ने देश भर में छात्राओं और कामकाजी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने-अपने कार्यस्थलों पर मासिक अवकाश की अनुमति देने के लिए अदालत से निर्देश देने की मांग करते हुए जनहित याचिका दायर की है।

शीर्ष अदालत ने केंद्र और राज्यों से इस मुद्दे पर विचार करने को कहा कि क्या वे इस मुद्दे पर एक आदर्श नीति बना सकते हैं या नहीं। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम याचिकाकर्ता को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी के पास इस मुद्दे को ले जाने की अनुमति देते हैं। अदालत ने कहा, हम सचिव से अनुरोध करते हैं कि वे नीति स्तर पर मामले को देखें और सभी हितधारकों से परामर्श करने के बाद निर्णय लें और देखें कि क्या एक आदर्श नीति बनाई जा सकती है।

पीठ ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में कदम उठाने के आड़े नहीं आएगा।

## नार्को-आतंकवादी गठजोड़ मामले में फरार प्रमुख आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर के नार्को-आतंकवादी गठजोड़ मामले में एक प्रमुख फरार आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस फरार आरोपित की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित था। यह मामला पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) से जुड़ा है। एनआईए ने एक आधिकारिक बयान में बताया है कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले का निवासी सैयद सलीम जहांगीर अंद्राबी उर्फ सलीम अंद्राबी जून 2020 से फरार था।

# झूठ बोल रहा इंडी गठबंधन, कांग्रेस 13 राज्यों में खाता भी नहीं खोल पाई : शिवराज

एजेंसी

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलता भाजपा और एनडीए गठबंधन को मिली है। कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में 13 राज्यों में खाता भी नहीं खोल पाई है। इंडी गठबंधन इस चुनाव में पूरी तरह से हारा है, लेकिन कांग्रेस हार के बाद भी जश्न मना रही है। कांगेस देश में गलत नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रही है कि वह वह सफल हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं को यह गलत नैरेटिव सेट नहीं होने देना है।

केन्द्रीय मंत्री चौहान भोपाल के रविंद्र भवन में हुई भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सफलता सिर्फ भाजपा को मिली है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में भी सफलता प्राप्त कर रही है। केरल में पहली बार हमारी पार्टी का खाता खुला। उड़ीसा में चमत्कार हुआ और भाजपा ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। आंध्रप्रदेश में भाजपा के 10 प्रतिशत वोट बढ़े हैं। तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु में भी भाजपा के वोट बढ़े हैं। कर्नाटक



में 28 में 17 सीटें जीतकर भाजपा सफल हुई है। शिवराज ने कहा कि राहुल गांधी ने अग्निवीर को एक करोड़ की आर्थिक सहायता नहीं मिलने का झूठ बोला, एमएसपी को लेकर झूठ बोला। लेकिन जब सदन में एमएसपी के आंकड़े रखे तो चुप हो गए। राहुल गांधी कह रहे हैं कि हमने राम मंदिर आंदोलन को हरा दिया है। बालक बुद्धि राहुल गांधी को कौन समझाए कि हिंदुत्व की परिषाभा क्या होती है। राहुल गांधी और उनका परिवार हिंदुत्व की परिभाषा नहीं जानता।

**साफ छवि, अहंकार रहित नि:स्वार्थ कार्यकर्ताओं की टोली ने दिलाई जीत: भूपेंद्र यादव**

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमने विधानसभा चुनाव में 163 सीटें जीती हैं और लोकसभा चुनाव में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। लेकिन इसका कारण क्या है? अकेली योजनाओं से जीत नहीं मिलती, क्योंकि अगर ऐसा होता तो छत्तीसगढ़, तेलंगाना, तमिलनाडु और उड़ीसा में भी सत्ताधारी दलों की जीत होती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मध्यप्रदेश पार्टी के उन महापुरुषों की धरती है, जिन्होंने संगठन को खड़ा करने के लिए सिर्फ काम किया, अहंकार नहीं किया। हमें जनहित की योजनाओं के साथ साफ छवि और अहंकार रहित निस्वार्थ कार्यकर्ताओं की टोली की बदौलत यह जीत हासिल हुई है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार देश में कई परिवर्तन लाई है। कांग्रेस के जमाने में जहां सिर्फ 15 पैसे गरीब की जेब में पहुंचते थे, आज सरकार की ईमानदारी और नई टेक्नोलॉजी की बदौलत पूरे 100 पैसे खाते में पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, युवा, महिला और किसान हर वर्ग के लिए काम किया है। वहीं, मध्यप्रदेश जनजाति बहुल राज्य है और हमारी सरकार ने पेसा एक्ट लागू करने समेत महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

## मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार, रावत ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ग्रहण की



एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मंत्रिमंडल के विस्तार के तहत श्योपुर जिले के विजयपुर से वरिष्ठ विधायक रामनिवास रावत ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ग्रहण की। श्री रावत को यहां राजभवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। श्री रावत वर्ष 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में विजयपुर से कांग्रेस से छठवीं बार विधायक चुन कर आए हैं। इसके बाद हालिया लोकसभा चुनाव के दौरान वे कांग्रेस छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। वे इसके पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य की पूर्ववर्ती दिग्विजय सिंह सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उन्हें राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के एक बड़े चेहरे के तौर पर देखा जाता है। मध्यप्रदेश में वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समेत 32 मंत्री हैं। इनमें से दो उपमुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल समेत 22 कैबिनेट मंत्री हैं। छह राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और चार राज्यमंत्री हैं। अब मंत्रिपरिषद् में तीन पद रिक्त हैं।

## ठाणे और पालघर जिले में भारी बारिश में फंसे 60 लोगों को एनडीआरएफ ने बचाया

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई से सटे ठाणे और पालघर जिले में भारी बारिश की वजह से फंसे 60 लोगों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम ने बचा लिया है। इनमें ठाणे में जलमग्न रिसॉर्ट से 49 लोगों और पालघर में 16 ग्रामीणों को बचाया गया है। पालघर और ठाणे जिले में जलभराव वाले इलाकों में अब भी राहत और बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार, पिछले दो दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश की वजह से ठाणे जिले की शहापुर तहसील के गांव जलमग्र हो गए हैं। यहा की बाभली नदी में बाढ़ आ गई है और बाढ़ का पानी शहापुर शहर में घुस गया है। इसी वजह से शहापुर के एक रिसॉर्ट में 49 लोग फंस गए थे। रिसॉर्ट में फंसे लोगों को नावों और लाइफ जैकेट का इस्तेमाल कर बचा लिया गया है। इसी तरह, पालघर जिले में दोपहर में एनडीआरएफ और दमकलकर्मियों ने 16 ग्रामीणों को बचाया गया। पालघर जिला आपदा



प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि वसई के साईवान के चालीसपाड़ा इलाके में ग्रामीणों का एक समूह अचानक आई बाढ़ के पानी में फंस गया था। इसकी सूचना मिलते ही आज दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एनडीआरएफ और स्थानीय अग्निशमन दल को मौके पर भेजा गया और दो घंटे में ग्रामीणों (जिनमें आठ महिलाएं थीं) को सुरक्षित निकाल लिया गया। जलभराव वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य जारी है।

# सरकार व संगठन को अपनी-अपनी जिम्मेदारी का अहसास करा गये बी.एल. संतोष

एजेंसी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी(भाजपा)के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) मंत्री बी.एल. संतोष ने लखनऊ के दो दिवसीय दौरे के दौरान सरकार व संगठन को अपनी-अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराने का काम किया। उत्तर प्रदेश में भाजपा को हुए नुकसान के लिए उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से भले ही सरकार व संगठन को जिम्मेदार न ठहराया हो, लेकिन उन्होंने यह अवश्य कहा कि कोई भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता।

बीएल संतोष ने दो दिन के भीतर मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों व अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों के अलावा मीडिया व सोशल मीडिया के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी रणनीति के बिन्दुओं पर अमल करने को कहा। दो दिवसीय उनके प्रवास का मुख्य फोकस प्रदेश कार्यसमिति की तैयारी, विधानसभा उपचुनाव, दलितों को पार्टी से जोड़ने व आगामी कार्यक्रमों व अभियानों पर रहा।

**विपक्ष के षडयंत्रों को बेनकाब करेगी भाजपा**

राष्ट्रीय महामंत्री संगठन ने मीडिया एवं सोशल मीडिया विभाग के साथ बैठक की। बैठक में बीएल संतोष ने कहा कि प्रवक्ता पार्टी का चेहरा होता है। इसलिए चर्चा व डिबेट में पूरी तैयारी के साथ जाएं और दमदारी से आंकड़ों के साथ अपना पक्ष रखें। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ताकत बढ़ी है।




इसलिए हमें हर मोर्चे पर वह चाहे सोशल मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया या प्रिन्ट माध्यम हो उनको जवाब देने के लिए अपने को तैयार रखना होगा। वह झूठ व भ्रम फैलाने का काम करेंगे। इसलिए सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र को ध्यान में रखते हुए उनकी साजिशों का पर्दाफाश भी करना होगा। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावी भूमिका मीडिया विभाग को निभानी है। क्योंकि धरातल पर काम पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी करते हैं, लेकिन वैचारिक लड़ाई लड़ने का काम मीडिया विभाग का है। हमें हर मोर्चे पर विपक्ष के आरोपों का तथ्यों के साथ खंडन करना है।

**विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज कर हताशा दूर करगी भाजपा**

विधानसभा उपचुनाव में जीत दर्ज कर भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की हताशा दूर करने का काम करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव की जीत ही 2027 का मार्ग प्रशस्त करेगी। लोकसभा चुनाव परिणाम से कार्यकर्ताओं में जो निराशा का भाव पैदा हो गया है। इसे तत्काल दूर करना आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि प्रदेश में होने वाले उपचुनाव को मजबूती से लड़कर विजय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा भाजपा सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी, सर्वग्राही एवं सर्वसमावेशी संगठन है। इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं से सम्पर्क व संवाद निरन्तर बना रहना चाहिए है।

# मुंबई में भारी बारिश के बीच 50 से ज्यादा उड़ानें रद्द या डायवर्ट, सड़कें भी डूबीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।।** महाराष्ट्र के मुंबई में पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे ट्रैफिक जाम लग गया। भारी बारिश के कारण रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है। मानसून की स्थिति को देखते हुए स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिया गया है।

मुंबई में रविवार देर रात से ही भारी बारिश जारी है। रात के एक बजे से लेकर सुबह के सात बजे तक कई स्थानों पर 300 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण मुंबई के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। भारी बारिश के कारण दादर सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां सड़कों से लेकर रेलमार्गों तक पानी भरा हुआ है। सड़कों पर खड़ी कारें भी पानी में तैर रही हैं। बृहन्मुंबई नगर पालिक (बीएमसी) ने सरकारी और निजी स्कूलों और



कॉलेजों में पहले सत्र के लिए अवकाश की घोषणा की। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा द्वारा भारी बारिश और कम दृश्यता के कारण रनवे पर परिचालन 2:22 बजे से 3:40 बजे तक स्थगित किया गया। 50 से ज्यादा उड़ानों को या तो रद्द किया गया या फिर अहमदाबाद, हैदराबाद, इंदौर की तरफ डायवर्ट किया गया।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के लिए आपदा नियंत्रण कक्ष में एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मुंबई के संरक्षक मंत्री एमपी लोढ़ा, राहत और पुनर्वास मंत्री अनिल पाटिल भी शामिल थे। बैठक में सीएम शिंदे ने कहा, कल रात से मुंबई में 300 मिमी बारिश हुई।

बारिश के पानी को निकालने के लिए 200 पानी के पंपों और 400 बीएमसी पंपों को काम पर लगाया गया है। सेंट्रल और हार्बर लाइन पर ट्रेनें फिर से शुरू हो गई हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सेना, नौसेना और वायु सेना को अलर्ट पर रखा गया है।

# आईओसी ने की 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' के समापन की घोषणा

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने केरल में 'स्वच्छता पखवाड़ा-2024' के सफल समापन की घोषणा की है।

इस मौके पर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने स्वच्छता पखवाड़ा के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की, जिसमें स्वच्छता की दिशा में एक सतत आंदोलन को बढ़ावा देने और स्वच्छ एवं स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में इसकी भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने हरित पर्यावरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर भी जोर दिया, समुदाय से पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाने का आग्रह किया।

मंत्री ने तिरुवनंतपुरम टेनिस क्लब के सदस्यों तथा इंडियन ऑयल के अधिकारियों सहित सभी उपस्थित लोगों को पौधे वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता शपथ लेने के बाद सभी लोगों की स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की




जिम्मेदारी है। मंत्री ने भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता किट वितरित की। इन किटों में सैनिटाइजर, फेस मास्क, हैंड वॉश और सैनिटरी नैपकिन जैसे आवश्यक व्यक्तिगत स्वच्छता उत्पाद शामिल थे।

मंत्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देना और स्वयंसेवकों की भलाई सुनिश्चित करना है, साथ ही दैनिक जीवन में स्वच्छता मानकों को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डालना है।

## चीनी घुसपैठ पर सरकार की चुप्पी खतरनाक- प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने चीन की घुसपैठ पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि उसने भारतीय सीमा में गांव बसा लिए हैं और हमारी करीब चार हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है, लेकिन मोदी सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि खबर यह भी है कि अरुणाचल प्रदेश में घुसपैठ की अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए चीन अब लद्दाख क्षेत्र में भी बंकर बना रहा है। चीन सीमा पर हमारी पेट्रोलिंग के 65 प्वाइंट थे जिनमें से 26 पर उसका कब्जा हो गया है और अब वह अपनी सैन्य गतिविधि को ज्यादा चुस्त दुरुस्त कर रहा है। उन्होंने कहा, चीन ने भारतीय क्षेत्र में अपने गांव बसा लिए, बंकर भी बना रहा है। भारत की लगभग 4000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है।

# लोकसभा चुनाव जीतकर अब पप्पू यादव क्यों क्षमा मांग रहे; बीमा भारती को हराया था, अब कह रहे यह बात

एजेंसी

**नई दिल्ली।।** पूर्णिया की सियासत पल-पल बदल रही है। बिहार के इकलौते निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने जिन्हें लोकसभा चुनाव में हराया था। आज उनकी के समर्थन में आ गए हैं। इतना ही नहीं वह उनके पक्ष में वोट भी मांग रहे हैं। पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने रुपौली विधानसभा उप चुनाव में महागठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल की उम्मीदवार बीमा भारती को खुलकर समर्थन किया है। इतना ही नहीं जनता और अपने समर्थक से क्षमादान भी मांगा है। सांसद पप्पू यादव ने अर्जुन भवन कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजद उम्मीदवार बीमा भारती के समर्थन का एलान किया।

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि किसी कारण के चलते मेरी प्रत्याशी से भूल हुई हो, तो इसके लिए मैं हाथ जोड़कर क्षमा मांगता हूं। आप सभी से रूपौली की बेटी बीमा भारती के पक्ष में वोटिंग के लिए आग्रह करता हूं। जो लोग कांग्रेस, सोनिया गांधी, राहुल या फिर प्रियंका गांधी की विचारधारा को मानते हैं वह हर परिस्थिति में बीमा भारती के साथ हैं, फिर चाहे सामने कोई भी हो। वैसे लोग जो कभी कभी निर्दलीय तो कभी एनडीए के साथ रहे। वह न कभी मेरे विचारधारा से हैं और न



आगे कभी होंगे।

**खड़े रहकर रूपौली से विकास की शुरुआत करूंगा**

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एनडीए के साथ हैं या फिर निर्दलीय के साथ होंगे। वह किसी भी कीमत पर पप्पू यादव के साथ नहीं हो सकते। क्योंकि हमारी आइडियोलॉजी और विचारधारा कांग्रेस की है। हमारे लोग कांग्रेस के विचारधारा के साथ रुपौली में पूरी मजबूती के खड़े हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि रुपौली कि जनता मेरे लिए हमारे प्रत्याशी की सारी गलती माफ करेगी। जनता से मैं खुद उनकी ओर हाथ जोड़कर क्षमा मांगता हूं। अगर किसी तरह की कोई गलती हुई हो महागठबंधन के कैंडिडेट से तो माफ कर दीजिएगा। आगे उन्होंने कहा वो कुछ करे न करे, जैसे ही चुनाव खत्म होगा, मैं सूद ब्याज के साथ खड़े रहकर रूपौली से विकास की शुरुआत करूंगा। ये खुद आपसे आपके सांसद पप्पू यादव का वादा है। आप मेरे लिए एक बार रूपौली की बेटी के साथ खड़ा रहिएगा।

**समर्थन देने के बाद रूपौली की चुनावी गणित बदल सकती है**

बता दे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के द्वारा बीमा भारती को समर्थन देने के बाद रूपौली की चुनावी गणित बदल सकती है। अब सांसद पप्पू यादव के समर्थन के बाद बीमा भारती के कैडर वोटर गंगोता के के साथ साथ यादव और मुस्लिम वोटर सीधे तौर पर बीमा भारती की ओर शिफ्ट होते दिख रहे हैं। इससे न सिर्फ एनडीए प्रत्याशी कलाधर मंडल बल्कि पूर्व विधायक और निर्दलीय प्रत्याशी शंकर सिंह का रास्ता मुश्किल हो सकती है। साथ ही बीमा भारती सभी पर भारी पड़ सकती है।



# उत्तम औषधि है काजू

मेवे का प्रयोग उत्तम औषधि के रूप में किया जाता है। क्योंकि मेवा स्वाद की नहीं बल्कि सेहत की दृष्टि से भी उतनी ही फायदेमंद हैं। काजू में मैग्नीशियम पाया जाता हैं जो उच्च रक्तचाप को कम करने में और दिल के दौररे को रोकने में मदद करता है। काजू कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी संतुलित रखता है। काजू में प्रोटीन की मात्रा काफी होती है जो बॉडी व हड्डियों को मजबूत बनाती है। चाहे मिठाई में काजू कतली हो या फिर दूसरे पकवानों में काजू का इस्तेमाल। काजू किसी भी आम डिश को शाही बना सकता है। अब जब काजू हमें इतना पसंद ही है तो इससे होने वाले लाभ के बारे में भी जान लेना चाहिए। काजू में प्रोटीन, खनिज लवण, लौह, फाइबर, फोलेट, मेग्नीशियम, फॉस्फोरस, सेलेनियम, और तांबा का अच्छा स्त्रोत है। काजू का तेल, स्कर्वी मस्सा और रिंगवर्म के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आप प्रतिदिन 7 - 10 काजू का सेवन कर सकते हैं। काजू खाने से मसूडों और दांतों को स्वस्थ रखता है। काजू में मोनो सैचुरेटड फैट होता है जो की दिल को स्वस्थ रखता है ओर दिल की बीमारियों के खतरे को कम करते में मदद करता है। काजू में एंटी ओक्सिडेंट भी होते हैं जो कैंसर से बचाव करता है। काजू पाचन शाक्ति को बढ़ाता है। इससे भूख भी कहीं अधिक लगती है। आंतों में भरी गैस कम किया जा सकता है। काजू में पाए जानवाले फाइटो-केमिक्लस कैंसर और दूसरे बीमारियों से सुरक्षा करते हैं। जिन महिलाओं को मेनोपॉज है उन्हें तनाव, स्ट्रेस होनो एक आम सा समस्या है। उन महिलाओं को रोजाना एक काजू खाना चाहिए। काजू में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है। काजू में अधिक एनर्जी होती है और इसमें अधिक मात्रा में फाइबर होता है। इसलिए इसको खाने से शरीर का वजन संतुलित रहता है।





# खीरे में हैं सेहत व सौंन्दर्य के अनगिनत गुण

खीरा सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। ये सेहत के साथ-साथ सौंदर्य में बहुत फायदेमंद होता है। कम फेट व कैलोरी से भरपूर खीरे का सेवन आपको कई रोगो से बचाने में सहायता करता है। खीरे को आप कई तरह से खा सकते हैं, जैसे सलाद, जूस, सैंडवीच, या यूं ही नमक छिडक कर भी खा सकते हैं। खीरे के स्वास्थ्यवद्र्धक और सौन्दर्यवद्र्धक गुण दोनों अनगिनत होते हैं जैसे आयुर्वेद के अनुसार खीरा, पित्त, रक्त पित्त दूर करने वाला तथा रक्तविकार और मूत्र कच्छ नाशक रूचिकर फल है। खीरे के प्रयोग से पेट तथा जिगर की जलन शांत होती है। खीरे का नियमित सेवन से मासिक धर्म में होने वाली समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। खीरा एक ऐसी सब्जी है जिसमें कोलेस्ट्रोल बिल्कुल नहीं होता। यह हृदय रोगी के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। एक अध्ययन के अनुसार खीरा में जो स्टे्रराल नाम का योगिक होता है वह कोलेस्ट्रोल को कम करने में मदद करता है। खीरे में कैलोरी कम और फाइबर उच्च मात्रा में होता है। इसलिए मीडे डे में भूख लगने पर खीरा खाने से पेट देर तक भरा हुआ रहता है। आयुर्वेद के मुताबिक पेट में गर्मी होने के वजह से मुंह से बदबू निकलता है, खीरा पेट को शीतलता प्रदान करने में मदद करता है।





# गर्भाशय में रसौली के लक्षण जान

## इस तरह करें घरेलू उपचार

बिगड़ते लाइफस्टाइल में महिलाओं में कई समस्याएं देखने को मिलती है, इन्ही में से एक फाइब्रॉइड यानी रसौली। फाइब्रॉइड या रसौली की गांठें महिलाओं के गर्भाशय में या उसके आसपास बनती है। इस बीमारी के ज्यादातर लक्षण न होने के कारण महिलाओं को इसका पता नहीं चल पाता। एक शोध के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं रसौली का शिकार होती है। वैसे तो अक्सर यह समस्या 30 से 50 की उम्र में देखने को मिलती है लेकिन गलत खान-पान के कारण यह समस्या इससे कम उम्र में हो जाती है। मोटापे से ग्रस्त महिलाओं का एस्ट्रोजन हार्मोन स्तर ज्यादा होने के कारण उन्हें इसका खतरा सबसे अधिक होता है। इस बीमारी के कुछ सामान्य लक्षणों से इसकी पहचान करके आप इससे बच सकते है। तो आइए जानते है फाइब्रॉइड के लक्षण और इसे दूर करने के कुछ घरेलू उपाय।



### फाइब्रॉइड या रसौली के लक्षण

पीरियड्स के दौरान भारी ब्लीडिंग
अनियमित पीरियड्स
पेट के नीचे के हिस्से में दर्द
प्राइवेट पार्ट से खून आना
कमजोरी महसूस होना
प्राइवेट पार्ट से बदबूदार डिस्चार्ज
पेट में अचानक दर्द कब्ज
पेशाब रुक-रुककर आना

### फाइब्रॉइड या रसौली के घरेलू उपाय

### केस्टर ऑयल

दिन में 2 बार केस्टर ऑयल और अदरक के रस को मिला कर लें। सुबह और रात में सोने से पहले इसका सेवन इस बीमारी को दूर करता है।

### लहसुन

रसौली की समस्या होने पर खाली पेट रोज 1 लहसुन का सेवन करें। लगातार 2 महीने तक इसका सेवन इस समस्या को जड़ से खत्म कर देता है।

### बरडॉक रूट

यह जड़ी-बूटी एस्ट्रोजन को डिटॉक्स कर गर्भाशय फाइब्रॉइड को कम करने में मदद करती है। एंटी-इंफ्लेमेंटरी गुण से भरपूर इस जड़ी-बूटी का सेवन इस समस्या और कैंसर के खतरे को कम करता है।

### सेब का सिरका

गर्म पानी के साथ सुबह शाम सेब का सिरका पीने से फाइब्रॉइड की समस्या दूर होती है। इसके अलावा इसका सेवन फाइब्रॉइड से होने वाले पेट दर्द को भी दूर करता है।

### चेस्टबेरी

यह हर्ब हार्मोन संतुलन करके एस्ट्रोजन के कम स्तर को बनाए रखने और सूजन को कम करने में मदद करता है। चेस्टबेरी हर्ब से बने मिश्रण की 25-30 बूंदों को दिन में दो से चार बार लेने से आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी।

### हल्दी

एंटीबॉयोटिक गुणों से भरपूर हल्दी का सेवन शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकाल देता है। यह फायब्रॉइड की ग्रोथ को रोक कर कैंसर का खतरा कम करता है।



# दांतों में कैविटी की समस्या को

## इन तरीकों से करें दूर

सफेद और सुंदर दांत व्यक्ति की खूबसूरती को और बढ़ादेते हैं। इनके बिना खाना खाने का कोई मजा नही आता। ऐसे में दांतों की सही देखभाल करना बहुत ही जरूरी होता है। कुछ लोग के गलत खान-पान या सही तरीके से दांतों की देखभाल न करने पर इनमें कैविटी यानी कीड़ा लग जाता है। यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। कई बार कीड़ा लगने से इतना दर्द होता है कि उसको सहन करना बहुत मुश्किल हो जता है। इस दर्द से छुटकारा पाने के लिए कई लोग दवाइयां और ट्रीटमेंट का सहारा भी लेते हैं। जो की बहुत महंगा है। ऐसे में आप नैचुरल तरीके से भी दांतों में लगे कैविटी को आसानी से हटा सकते हैं। तो आइए जानते हैं उन तरीकों के बारे में।

### क्या है कैविटी

शक्करयुक्त खाद्य पदार्थो यानि बिस्किट्स, चॉकलेट्स, आलू, केला को खाने से मुंह में अमल बनने लगते हैं। इससे दांतों में धीर-धीरे छोटे-छोटे से छिद्र बन जाते हैं। बाद में इन्हीं छिद्रों में कैविटी या कीड़ा लगत जाता है। इसके अलावा दांतों में संक्रमण होने पर भी कैविटी बन सकती है। इसका इलाज न करावाने पर दांतों के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। पीड़ित व्यक्ति को दांत खोने पड़ सकते हैं।

### ऐसे करे कैविटी से बचाव

मिठाई, कैंडी और चॉकलेट खाना कम करें।
शक्करायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें।
ज्यादा मिठ्ठा फल न खाएं।
सोडा न पीएं। इसमें 12 से 40 ग्राम चीनी की मात्रा होती है जो कि दांतो के लिए बिल्कुल भी ठीक नही होती। खाने के बाद कुल्ला करें।
तेल और मसालेदार भोजन न खाएं।
ज्यादा गर्म या ठंडा खाना खाने से बचें।

### कैविटी लगे दातों का घरेलू इलाज

### नारियल या सूरजमुखी का तेल

कीड़ा लगे दांतों में तेल भरना सबसे बेस्ट घरेलू तकनीक है। इसके लिए आप नारियल तेल या सूरजमुखी का तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 चम्मच तेल को अपने मुंह में कम से कम 20 मिनट तक रखें। इसके बाद कुल्ला करें और ब्रश कर लें। कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपको खुद ही फर्क दिखाई देने लगेगा।

### फ्लोराइड


यह एक तरह का प्राकृतिक खनिज पदार्थ है। यह दांतों में किसी भी प्रकार का रोग नहीं होने देता है। दातों को सुरक्षित रखने के लिए उस पानी का इस्तेमाल करें जिस में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा हो। इसके साथ ही टूथ पेस्ट से रोजाना दो बार ब्रश करें।

### हींग

हींग का इस्तेमाल करने से भी दांतों के कीड़े खत्म हो जाते हैं। हींग के पाउडर को पानी में डालकर उबा लें। इसके ठंडा होने पर इस पानी से कुल्ला करें। रोजाना ऐसा करने से दांत के कीड़े खत्म हो जाएंगे। इसके साथ ही दांतों में होने वाले दर्द से भी छुटकारा मिलेगा।

### प्याज के बीज


दांतों के कीड़े को नष्ट करने के लिए प्याज के बीजों का इस्तेमाल करें। इसके बीजों को चबाने से कीड़े जल्द ही खत्म हो जाते हैं। आप चाहें तो प्याज को बारिक काट कर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। एक कटोरे बारिक कटा प्याज डालकर उसमे इसमें थोड़ा-सा तेल डालकर कम आंच पर गर्म करें। इससे निकलने वाले धुएं को मुंह में लेने से भी कीड़े मर जाते हैं।





# खट्टे-मीठे बेर में समाएं कई गुण

आयुर्वेद के अनुसार बेर दिल की सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी है। बेर खाने से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रहता है, जिससे दिल से जुछी बीमारियां होने की आशंका कम हो जाती है। बरे खाने से बार-बार प्यार लगने की शिकायत भी दूर होती है। खट्टे-मीठे बेर में पोटैशियम, कॉपर, आयरन, फॉस्फोरस और खनिज पदार्थ आदि भी होते हैं। इन सभी तत्वों से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है और शरीर में रोगों से लडने की क्षमता बढती है। गर्मियों में पौधे सुषुप्तावस्था में प्रवेश कर जाते हैं व उस समय पत्तियां अपने आप ही झड जाती हैं तब पानी की आवश्यकता नहीं के बारबर होती है। इस तरह बेर अधिक तापमान तो सहन कर लेता है लेकिन शीत ॠतु में पडने वाले पाले के प्रति अतित संवेदनशील होता है। क्योंकि इसमें कम पानी व सूखे से लडने की विशेष क्षमता होती है। जिस तरह नींबू और संतरे में विटामिन सी प्रचुर मात्रा पाई जाती हैं उसी तरह बेर में भी। बेर में अन्य फलों के मुकाबले विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से त्वचा बढती उम्र तक जवां बनी रहती हैं। इसमें विटामिन सी की मात्रा खट्टे फलों से 20 गुना तक अधिक होती है। बेर की गुठली को घिसकर आंखों में काजल की तरह लगाने से कनीनिका प्रदाह ठीक हो जाता है। आंखों से बहने वाला पानी भी बंद हो जाता है। बेर के पत्तों को पानी में काफी समय तक उबालकर काढा बनाकर छानकर पीने से शरीर की बढती चर्बी कंट्रोल हो जाती है। चेचक में बेर के पत्तों का रस भैंस के दूध के साथ रोगी को देने से रोग का वेग कम होता है। बेर में 6 ग्राम पत्तों के चूर्ण को 2ग्राम गुड के साथ मिलाकर रोगी को खिलाने से भी 2-3 दिन में चेचक खत्म होने लगता है।



## मैं हमेशा अपनी हिटिंग क्षमता पर विश्वास करता हूं : अभिषेक शर्मा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि यह मेरा अच्छा प्रदर्शन था। कल हमें जो हार मिली थी, उसको पचाना हमारे लिए आसान नहीं था। लेकिन आज मुझे पिच पर लगा कि यह मेरा दिन है। इसके बाद मैंने खेलना शुरू किया। मुझे लगता है कि टी20 गति के बारे में है और मैं इसे अंत तक लेकर गया। आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए कोचों, कप्तानों का धन्यवाद।



अभिषेक ने कहा कि मैं हमेशा महसूस करता हूं कि एक युवा के रूप में यदि आपका दिन है तो आपको बस खुद को अभिव्यक्त करना होता है। आज मैच में मैं ऋतुराज से हर ओवर के बाद बात कर रहा था। उसने मुझे आक्रमक रुख अपनाने को कहा। मैं हमेशा अपनी हिटिंग क्षमता पर विश्वास करता हूं। अगर स्थितियां अनुकूल रहती हैं तो भले ही पहली गेंद ही क्यों न हो मैं शॉट लगाने से नहीं हटता।

## सुपरयूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज: गुकेश और विदित पर होगी नजरे

**जागरेब , क्रोसिया।** ग्रांड चैस टूर के तीसरे पड़ाव सुपरयूनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज का मुक़ाबला 9 जुलाई से 14 जुली के बीच खेला जाएगा , जिसमें दुनिया के दिग्गज 10 खिलाड़ी राउंड रॉबिन आधार पर पहले तीन दिन रैपिड और फिर अगले दो दिन ब्लिट्ज़ के मुक़ाबले खेलेंगे । भारत से फीडे कैंडिडैट विजेता डी गुकेश और विदित गुजराती इसमें प्रतिभागिता करेंगे , गुकेश जहां इस वर्ष ग्रांड चैस टूर के नियमित चयनित खिलाड़ी है तो विदित इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से खेलेंगे । अन्य खिलाड़ियों में यूएसए के विश्व नंबर 2 फबियानों करूआना , वेसली सो , रूस के यान नेपोमनिशि , फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा और मकसीम लागरेव , नीदरलैंड के अनीश गिरि, यूएसए के लेवोन अरोनियन और मेजबान क्रोशिया से इवान सारिक भाग लेंगे । प्रतियोगिता की कुल पुरूस्कार राशि 175000 यूएस डॉलर होगी ।

## ओलंपिक गेम्स पेरिस-2024 में उत्तर पश्चिम रेलवे की निशा व अर्जुन बाबूटा करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

**जयपुर।** भारतीय रेल खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। ओलंपिक गेम्स पेरिस-2024 में भारतीय रेलवे के खिलाड़ी भी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रेलवे में खिलाड़ियों की भर्ती नियमित आधार पर की जाती है तथा विभिन्न खेल आयोजनों के लिए रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड द्वारा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के आयोजन किए जाते हैं। अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे के दिशा निर्देशानुसार खेलों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन और मनोबल को बढ़ाने के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे हैं इसी क्रम में हाल ही में उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष प्रतिभा वाले खिलाड़ियों की नियुक्ति भी की गई है इन खिलाड़ियों को टैलेंट स्काउटिंग कोटा के तहत बिना ट्रायल के नियुक्ति प्रदान की गई है। इसी चयनित प्रक्रिया के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे में नियुक्त निशा, कुश्ती प्लेयर तथा अर्जुन बाबूटा, निशानेबाज पेरिस में आयोजित ओलंपिक गेम्स 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार निशा, कुश्ती प्लेयर को बीकानेर मंडल में टैलेंट स्काउटिंग कोटा के तहत टिकट परीक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। निशा ने 2021 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में सिल्वर, 2022-23 में एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर तथा 2021-24 सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में तीन गोल्ड व एक सिल्वर मैडल प्राप्त किया है।

## लॉर्ड्स में शर्ट उतारने से लेकर, पाक में पहली टेस्ट सीरीज जीत तक, ऐसा रहा गांगुली का करियर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने क्रिकेट के क्षेत्र में कई शानदार योगदान दिए और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक के रूप में भी अपना योगदान जारी रखा। बाएं हाथ के बल्लेबाज 52 साल के हो गए हैं। गांगुली का जन्म कोलकाता के परगना जिले के बेहाला में 1972 में हुआ था। आइए उनके लगभग दो दशक लंबे करियर के कुछ पलों को याद करते हैं। गांगुली की राय को ध्रुवीकृत करने की क्षमता ने भारतीय क्रिकेट में सबसे आकर्षक नाटकों में से एक को जन्म दिया। हालांकि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि वह भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान थे जिन्होंने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के समूह से एक विजयी टीम का नेतृत्व किया और वह इतिहास के सर्वश्रेष्ठ वन-डे बल्लेबाजों में से एक हैं। भले ही वह एक बल्लेबाज थे जो शालीनता और सर्जिकल सटीकता दोनों के साथ खेल सकते थे, लेकिन 1996 में लॉर्ड्स में अपने डेब्यू पर शानदार शतक लगाने तक उनका करियर लगभग रुक गया था। उस वर्ष बाद में उन्हें एकदिवसीय क्रम में शीर्ष पर रखा गया और उन्होंने और सचिन तेंदुलकर ने मिलकर इतिहास में सबसे शक्तिशाली ओपनिंग जोड़ी बनाई।

## टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी ने बताई पाकिस्तान क्रिकेट टीम की 'मुख्य समस्या'

एजेंसी
**लाहौर।** पाकिस्तान के रेड-बॉल क्रिकेट कोच जेसन गिलेस्पी ने अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले टीम की मुख्य समस्या के रूप में निरंतरता की कमी को बताया। पिछले साल भारत में वनडे विश्व कप के समापन के बाद से पाकिस्तान ने सभी प्रारूपों में जीत हासिल करने के लिए संघर्ष किया है। तब से व्हाइट-बॉल क्रिकेट में, बाबर की अगुवाई वाली टीम यूएसए, आयरलैंड, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, भारत और अन्य टीमों के खिलाफ हार का सामना कर रही है। पाकिस्तान की बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज 21 अगस्त को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट 30 अगस्त को नेशनल स्टेडियम कराची में खेला जाएगा।

रेड-बॉल क्रिकेट में पिछले साल के अंत में उन्होंने शान मसूद के नए शासन के तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली। ऑस्ट्रेलिया ने एशियाई दिग्गजों पर दबदबा बनाया और रेड-बॉल क्रिकेट में अपने अजेय अभियान को बरकरार रखा, जो 1996 से चली आ रही है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान पाकिस्तान की परेशानियों के बावजूद गिलेस्पी ने उनके प्रदर्शन के सकारात्मक



पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया।

गिलेस्पी ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में पाकिस्तान ने सीरीज 3-0 से गंवाई थी, लेकिन उन्होंने अच्छा खेला। सीरीज में कुछ ऐसे पल भी आए जब वे विरोधियों पर हावी हो गए।' उन्होंने टीम में प्रतिभा होने के बावजूद निरंतरता की कमी को मुख्य समस्या बताया। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट टीम बहुत प्रतिभाशाली है, लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी मुख्य समस्या है। हम देखेंगे कि हम प्रदर्शन में निरंतरता और स्थिरता कैसे ला सकते हैं। पिछले कुछ सालों से निरंतरता के अलावा पाकिस्तान की फील्डिंग भी आलोचना का विषय रही है। हाल ही में संपन्न टी20 विश्व कप में कैच छूटना और मिसफील्डिंग उनके प्रदर्शन में आम बात थी। गिलेस्पी ने कहा, आम तौर पर माना जाता है कि पाकिस्तान की फील्डिंग उनकी कमजोरी है, इसलिए यह मेरी प्राथमिकता होगी। मेरे लिए लक्ष्य यह देखना है कि हम गुणवत्ता वाली टीमों के खिलाफ कैसे खेलते हैं।

## अभिषेक शर्मा ने जड़ा टी20 में भारत के लिए तीसरा सबसे तेज शतक

एजेंसी
**हरारे।** टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2024 में धूम मचाने के बाद टी20 इंटरनेशनल में भी शाानदार शुरूआत की है। अभिषेक भले ही पहले टी20 में 0 पर आऊट हो गए थे लेकिन उन्होंने दूसरे टी20 में महज 46 गेंदों पर शतक जड़कर अपना लोहा मनवा लिया। अभिषेक इसी के साथ भारत की ओर से टी20 में सबसे तेज शतक लगाने की सूची में संयुक्त तौर पर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। अभिषेक ने 7 चौके और 7 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। वह शतक पूरा करने के बाद मस्कादजा का शिकार हे गए लेकिन तब तक टीम मजबूत स्थिति में पहुंच चुकी थी।

**भारत के लिए सबसे तेज टी20 शतक**
- 35 गेंद - रोहित शर्मा बनाम श्रीलंका, 2017
- 45 गेंद - सूर्यकुमार यादव बनाम श्रीलंका, 2023
- 46 गेंद - अभिषेक शर्मा बनाम जिमबाब्वे, 2024
- 46 गेंद - केएल राहुल बनाम विंडीज, 2016
- 48 गेंद - सूर्यकुमार यादव बनाम इंग्लैंड, 2022
- 48 गेंद - यशस्वी जायसवाल बनाम नेपाल, 2023
- 52 गेंद - ऋतुराज गायकवड़ बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2023
- 53 गेंद - केएल राहुल बनाम इंग्लैंड, 2018

**पहले टी20 में बनाया था शर्मनाक रिकॉर्ड**

हरारे में ही जिमबाब्वे के खिलाफ पहले टी20 से अभिषेक शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल में अपना डैब्यू किया था लेकिन वह 0 पर



आऊट होकर शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर गए। वह भारत के लिए टी20 डैब्यू पर 0 पर आऊट होने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले 2006 में महेंद्र सिंह धोनी, 2016 में केएल राहुल, 2021 में पृथ्वी शॉ भी डैब्यू मैच में 0 पर आऊट हो गए थे।

**आईपीएल 2024 में चला था खूब बल्ला**

अभिषेक के लिए आईपीएल में यह साल काफी अच्छा रहा था। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए उन्होंने 16 मैचों में ही 484 रन बनाए थे। इस दौरान उनके बल्ले से 36 चौके और 43 छक्के निकले थे। वह सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर भी रहे। आईपीएल की इस परफार्मेंस के कारण ही उन्हें टी20 इंटरनेशनल में डैब्यू करने का मौका मिला और उन्होंने किसी को निराश नहीं किया।

## जिमबाब्वे ने 100 रन से गंवाया 2nd T20i, मुकेश-अवेश को 3-3 विकेट

एजेंसी
**हरारे।** टीम इंडिया ने हरारे के मैदान पर जिमबाब्वे टीम को दूसरे टी20 मुकाबले में 100 रन से करारी हार दी है। पहली मैच में 13 रन से हारने के बाद टीम इंडिया ने दूसरे टी20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए जोरदार शुरूआत की थी। शुभमन के जल्द आऊट होने के बाद अभिषेक शर्मा ने 47 गेंदों पर शतक जड़कर बड़ी राहत दी। इस दौरान एक छोर संभाले खड़े ऋतुराज गायकवड़ ने भी 47 गेंदों पर 77 रन बनाए। रिंकू सिंह ने 22 गेंदों पर 5 छक्कों की मदद से 48 रन बनाकर स्कोर 234 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी जिमबाब्वे की टीम 134 रन पर ऑलआऊट हो गई। भारत की ओर से मुकेश कुमार ने 37 रन देकर 3 तो अवेश खान ने 15 रन देकर 3 विकेट लीं। इसी के साथ पांच टी20 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है।



**भारत : 234-2 (20 ओवर)**

**शुभमन गिल फ्लॉप :** दूसरे टी20 में भारतीय कप्तान शुभमन गिल कुछ खास नहीं कर पाए और दूसरे ही ओवर में महज 2 रन बनाकर आऊट हो गए। शुभमन ने पहले टी20 में अपने विकेट गंवाने पर अफसोस जताया था लेकिन दूसरे टी20 में वह इससे सबक नहीं ले सके। इसी बीच अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवड़ ने स्कोर आगे बढ़ाया। अभिषेक जरूरत आक्रमक रूप में दिखे लेकिन पिच धीमी होने के कारण वह भी गेंद को सही कनेक्ट करने में संघर्ष करते नजर आए।

**टीम इंडिया ने पारी में 14 छक्के लगाए :** रिंकू ने अंत के ओवरों में ताबड़तोड़ छक्के लगाए और टीम का स्कोर 234 तक पहुंचा दिया। इस तरह ऋतुराज गायकवड़ 47 गेंदों पर 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 77 रन तो रिंकू सिंह 22 गेंदों पर 2 चौके और 5 छक्कों की मदद से 48 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। भारतीय बल्लेबाज की ओर से पारी में 14 छक्के लगाए गए। इसमें अभिषेक ने 8, ऋतुराज ने 1 तो रिंकू सिंह ने 5 छक्के लगाए।

## रिंकू सिंह ने जड़ा 104 मीटर का छक्का, गेंद गई स्टेडियम से बाहर

एजेंसी
**मुंबई ।** हरारे के मैदान पर जिमबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में भारतीय ऑलराऊंडर रिंकू सिंह ने 104 मीटर का छक्का लगाकर सबको हैरान कर दिया।



बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जिमबाब्वे के ब्लेसिंग मुजारबानी को आड़े हाथों लिया जिन्होंने मैच में अपने फेंके पहले दो ओवर में केवल एक ही रन दिया था। मुजाराबानी 19वें ओवर में फिर से गेंदबाजी करने आए थे तब रिंकू सिंह ने उन्हें आड़े हाथों ले लिया। ओवर की चौथी गेंद पर रिंकू ने घुटना नीचे लगाते हुए लॉन्ग-ऑफ पर बड़ा शॉट मारा जोकि मैदान से बाहर चल गया। मैच में रिंकू ने 22 गेंदों पर 48 रन बनाकर टीम इंडिया को 234 रन तक पहुंचाया जहां जिमबाब्वे की टीम पहुंच नहीं पाई।

## मेरे लिए पहली 15 गेंदें टफ थी, लेकिन अभिषेक ने स्पिनरों को अच्छे से लिया : ऋतुराज

एजेंसी
**हरारे।** टीम इंडिया ने हरारे के मैदान पर जिमबाब्वे टीम को दूसरे टी20 मुकाबले में ऋतुराज के लिए शुरूआती ओवर अच्छे नहीं गए थे। उन्होंने इस पर बात करते हुए कहा कि पिच काफी कठिन थी। पहली 15 गेंदें मैंने खेलीं, मैंने एक भी गेंद को बीच में नहीं डाला। विकेट थोड़ा कठिन था, मैंने और अभिषेक ने बात की कि हमें अपना समय लेना चाहिए और फिर अपने शॉट्स लगाने चाहिए और यह काम कर गया। ऋतुराज ने कहा कि अभिषेक ने स्पिनरों का बहुत अच्छे से सामना किया, हमने अपने शॉट्स खेलते समय अपना आकार बनाए रखने के बारे में बात की। विकेट दो-गति वाला था। कुछ गेंदें स्किड हो रही थीं और कुछ रुकी हुई थीं। मुझे लगता है कि हमें सख्त लेंथ पर टिके रहने की जरूरत है, अच्छी लेंथ पर टिके रहने की जरूरत है, टेस्ट मैच की लेंथ पर टिके रहने की जरूरत है, इसे सरल रखें और टॉप ऑफ पर हिट करने की कोशिश करें, यह काम आता है।

**सूर्यकुमार ने की तारीफ**

मैच में ऋतुराज की पारी देखकर सूर्यकुमार यादव



बहुत खुश हुए। उन्होंने अपनी खुशी सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने एक्स पर ऋतुराज के लिए पोस्ट कर लिखा- ऋतुराज गायकवाड प्योर क्लास।

## रोहित शर्मा पत्नी रितिका और बेटी समायरा के साथ छुट्टियों के लिए रवाना

एजेंसी
**मुंबई।** आईपीएल के बाद टी20 विश्व कप खेलने के बाद आखिरकार रोहित शर्मा अपनी पत्नी रितिका और बेटी समायरा के साथ छुट्टियां मनाने के लिए निकल गए। रोहित ने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। टीम इंडिया अभी जिमबाब्वे में पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलने है, इससे तमाम सीनियर्स को राहत मिली है।

शुभमन गिल की कप्तानी में युवाओं की नई टीम जिमबाब्वे भेजी गई है। सीनियर्स के इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ होने वाली वनडे और टी20 सीरीज के लिए दोबारा टीम से जुड़ने की आशंका



है। ऐसे में बचे समय में सीनियर्स अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना चाह रहे हैं। इसी बीच रोहित को मुंबई के एयरपोर्ट पर परिवार के साथ देखा गया जहां से वह छुट्टियां मनाने के लिए आगे निकल गए।

## भारत ने हासिल की जिमबाब्वे के खिलाफ सबसे बड़ी जीत, कप्तान शुभमन बोले- आज मैं खुश हूं

एजेंसी
**हरारे।** अपनी कप्तानी में शुभमन गिल को आखिरकार हरारे के मैदान पर जिमबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी20 में जीत मिल ही गई। मैच जीतने के बाद भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं, फिर से जीत की लय में लौटकर बहुत अच्छा लग रहा है। अभिषेक और रुतु ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वो अच्छा था। आज पावरप्ले में गेंद घूम रही थी, खेलना आसान नहीं था लेकिन अभि और रुतु ने शानदार ढंग से पारी बनाई।



शुभमन ने कहा कि कल, यह दबाव को संभालने में सक्षम नहीं होने के बारे में अधिक था, यह एक युवा पक्ष है और उनमें से कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के लिए नए हैं। पहले गेम में दबाव में होना वास्तव में अच्छा था और हम जानते थे कि इस गेम में क्या होने की उम्मीद है। हमें अभी 3 मैच खेलने हैं और हम उनका इंतजार कर रहे हैं। विकल्प न होने की बजाय अधिक विकल्प होना हमेशा अच्छा होता है।वहीं, रवि बिश्नोई ने मैच के बाद कहा कि कल हमने निराशाजनक प्रदर्शन किया था। खुशी है कि हमने आज अच्छा खेला। हम आम तौर पर इसी तरह की क्रिकेट खेलते हैं। मैं जीत से संतुष्ट हूं। आज पिच ज्यादा टर्न नहीं कर रहा था, लेकिन गेंद डेक पर फिसल रही थी। वह (टी20 विश्व कप जीत) जश्न लंबे समय तक चलेगा, वह हमारे लिए एक विशेष जीत थी। वह नहीं रुकेगा।

## दूसरा टी20 बारिश के करण रद्द, अब आखिरी मुकाबला जीतना जरूरी

एजेंसी
**चेन्नई।** भारत की 3 मैच की श्रृंखला में वापसी करने और दक्षिण अफ्रीका की अजेय बढ़त बनाने की उम्मीदों पर बारिश ने पानी फेर दिया जिसके कारण इन दोनों टीम के बीच दूसरा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच रविवार को यहां रद्द करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका में पहला मैच 12 रन से जीता था और इस तरह से वह 3 मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। तीसरा और अंतिम मैच मंगलवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद तेजमिन ब्रिट्स के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से 6 विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

भारतीय पारी शुरू होने से पहले ही बारिश आ गई जो थमी नहीं और अंपायरों ने आखिर में स्थानीय समयानुसार रात 10 बजकर पांच मिनट पर मैच रद्द करने की घोषणा की। इससे पहले ब्रिट्स ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर 39 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल है। उनके अलावा अन्नेका बोश ने 32 गेंद पर 6 चौकों की मदद से 40 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से अनुभवी स्पिनर दीप्ति शर्मा (20 रन देकर 2 विकेट) और पूजा वस्त्राकर (37 रन देकर 2 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रही। ऑफ स्पिनर सजीवन सजना ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका की जीत की नायिका रही ब्रिट्स को टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला मैच खेल रही उमा छेत्री के हाथों स्टंप आउट करा दिया था लेकिन भारतीय विकेटकीपर ने गेंद को स्टंप के आगे से पकड़ा था जिससे यह नोबॉल हो गई और दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज को जीवनदान मिल गया। ब्रिट्स ने इस ओवर में तीन चौके लगाए जबकि कप्तान लौरा वुलफार्ट (12 गेंद पर 22 रन) ने अरुंधति रेड्डी के अगले ओवर में लगातार तीन चौके जड़े। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 25 गेंद पर 43 रन की साझेदारी की।

## जय शाह का दावा- रोहित की कप्तानी चैंपियन्स ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतेंगे !

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा। कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

**पाकिस्तान जाने पर अभी भी अड़ा पेंच**

शाह ने एक वीडियो संदेश में कहा कि अगला चरण डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियन्स ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में



चैंपियन बनेंगे। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी का आयोजन 8 साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह 'हाईब्रिड मॉडल' लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मै श्रीलंका में खेले थे।

**रोहित जारी रखेंगे कप्तानी**

शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे? रोहित जब तक कप्तानी नहीं छोड़ते तब तक भारत को एक बार फिर अलग-अलग प्रारूपों में दो कप्तान देखने को मिलेंगे। रोहित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट में अगुआई करते रहेंगे जबकि हार्दिक पंड्या के टी20 प्रारूप में कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीसी और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था।

**हम एक साल में 3 फाइनल खेले**

शाह ने टी20 विश्व कप में भारत की जीत को खिताब हासिल करने के बाद संन्यास लेने वाले तीन क्रिकेटरों और निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस जीत को कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को समर्पित करना चाहता हूं। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि यह पिछले एक साल में हमारा तीसरा फाइनल था। हम जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारे। नवंबर 2023 में हमने 10 जीत के साथ दिल जीता लेकिन खिताब नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि हम जून 2024 में दिल भी जीतेंगे और कप भी और अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे, हमारा कप्तान भारतीय ध्वज लहराएगा।

## धोनी ने जन्मदिन पर काटा केक, पत्नी साक्षी ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को उनके 43वें जन्मदिन पर पत्नी साक्षी धोनी ने पार्टी दी। साक्षी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की जिसमें धोनी केक काटते हुए नजर आ रहे हैं और इस दौरान साक्षी पति धोनी के पैर छूती हुई भी नजर आ रही हैं। उक्त वीडियो पर भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव, ऋतुराज गायकवड़ के अलावा बॉलीवुड अभिनेत्री बिपाशा बसु ने भी टिप्पणियां कीं। साक्षी की उक्त पोस्ट पर 21 घंओं के बीच ही 70 लाख से ज्यादा लाइक आ चुके थे। फैंस अपने पसंदीदा क्रिकेटर को बधाई देने के लिए कमेंट सेक्शन में तत्पर दिखे। इंटरनेशनल क्रिकेट से 2020 में ही संन्यास लेने वाले धोनी अभी भी आईपीएल में सक्रिय है। वह चेन्नई को मुंबई इंडियंस के बराबर पांच खिताब दिला चुके हैं। हालांकि उन्होंने अभी तक संन्यास नहीं लिया है। उनके खेलने के बाबत सीएसके के सीईओ कासी विश्वनाथन ने मई में खुलासा किया था कि केवल धोनी ही जानते हैं कि वह अगले सीजन में आईपीएल खेलना जारी रखेंगे या नहीं। विश्वनाथन ने यूट्यूब पर सीएसके द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में कहा था कि यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर केवल एमएस ही दे सकता है। हमारे लिए सवाल यह है कि हमने हमेशा एमएस द्वारा लिए गए फैसलों का सम्मान किया है, हमने इसे उन पर छोड़ दिया है।



## 20 साल बाद

# मल्लिका शेरावत

## संग लड़ाई पर Emraan Hashmi ने तोड़ी चुप्पी , कहा- कुछ बातें उन्होंने कही थीं...



इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावतने रोमांस थ्रिलर मर्डर में साथ काम किया था, जिसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। यह फिल्म जितनी हिट हुई थी, उससे ज्यादा चर्चा इमरान और मल्लिका के इंटीमेट सीन ने बटोरे थे इस फिल्म की रिलीज के बाद इमरान हाशमी ने करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में मल्लिका को बैड किसर बताया था। यह बयान खूब सुर्खियों में रहा था। कहा जाता है कि इसके बाद दोनों के बीच अनबन हो गई थी। हालांकि, अप्रैल महीने में दोनों एक पार्टी में 20 साल बाद मिले। दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया और उनकी तस्वीरें और वीडियोज खूब वायरल हुए।

**20 साल बाद मिलने पर बोले इमरान**

अब इमरान हाशमी ने मल्लिका से सालों बाद मिलने और उनके साथ झगड़े को लेकर चुप्पी तोड़ी है। अब न्यूज 18 के साथ बातचीत में इमरान ने कहा, यह मुलाकात बहुत गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण थी। मैंने उसे बहुत लंबे समय के बाद देखा। मुझे नहीं लगता कि मर्डर की रिलीज के बाद मैं उससे दो-तीन बार मिला था, उसके बाद हमारी कभी ऐसी मुलाकात नहीं हुई थी।

**मल्लिका संग लड़ाई पर बोले इमरान**

टाइगर 3 स्टार इमरान हाशमी ने मल्लिका शेरावत के साथ लड़ाई पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा, उस समय हम जवान और बेवकूफ थे। जिंदगी में एक ऐसा दौर आता है जब आपके फैसले लेने की शक्ति बहुत सीमित होती है और आप बहुत आवेगी होते हैं। कुछ बातें उन्होंने कही थीं, कुछ मैंने कही थीं। वे मतलबी थे। मुझे लगता है कि यह बस बीती बातें हैं और हमने भी बहुत पहले ही इसे भूला दिया था। उसे देखकर बहुत अच्छा लगा। वह बहुत गर्मजोशी से भरी थीं, मैं भी ।बात करें इमरान हाशमी के वर्क फ्रंट की तो वह इन दिनों वेब सीरीज शोटाइम में नजर आ रहे हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रसारित हो रही सीरीज में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है।

# मानुषी छिल्लर

## कर रही हैं सारा अली खान के एक्स बॉयफ्रेंड को डेट? इस वीडियो ने दी अफवाहों को हवा



बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की संगीत सेरेमनी की कई फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। कुछ वीडियो में जस्टिन बीबर के साथ उनके गानों पर सेलेब्स मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं, तो कुछ बादशाह और करण औजला के गाने पर थिरक रहे हैं।अब इस पार्टी से मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर और वीर पहाड़िया का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने दोनों की डेटिंग की अफवाहों को हवा दे दी है। यूजर्स भी इस वीडियो पर अपने-अपने रिएक्शन देते हुए नजर आ रहे हैं।

**वायरल हुआ मानुषी-वीर का ये वीडियो**

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो अनंत-राधिका की संगीत सेरेमनी नाईट का है। इस वीडियो में करण-बादशाह मिलकर चुन्नी मेरी रंग दे ललारिया सॉन्ग गाते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, अर्जुन कपूर, अनन्या पांडे, मानुषी छिल्लर और वीर पहाड़िया उनके साथ थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

**मामेरु फंक्शन में साथ आए थे नजर**

बता दें कि संगीत सेरेमनी में मानुषी ने सिल्वर लहंगा पहना था। वहीं, वीर ने हाई एंड फैशन ब्रांड का शॉर्ट कुर्ता पहना, जिसमें वह हैंडसम भी लग रहे थे। सिर्फ इतना ही नहीं, इन दोनों को अनंत और राधिका की मामेरु सेरेमनी में भी एंटीलिया साथ में पहुंचते हुए देखा गया था।

**पहले वीर ने किया था सारा को डेट**

कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, वीर पहाड़िया पहले एक्ट्रेस सारा अली खान को डेट कर चुके हैं।

हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अपने इस रिश्ते पर बात नहीं की और फिर इनकी राहें अलग हो गई। वीर पहाड़िया जाह्नवी कपूर के ब्वॉयफ्रेंड शिखर पहारिया के भाई हैं।

**एक्टिंग में डेब्यू करेंगे वीर ?**

रिपोर्ट्स के अनुसार, वीर भी जल्द एक्टिंग में डेब्यू कर सकते हैं। खबरों की माने तो वह अक्षय की फिल्म स्काई फोर्स में एक कोच की भूमिका निभाते हुए दिखाई दे सकते हैं।

## गुनगुनाती दिखीं प्रियंका चोपड़ा की बेटी मालती मैरी, लोग बोले, अपने डैड की तरह...



प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी बेटी के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करती दिखती हैं. वो अक्सर अपनी बेटी की फोटो और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं. इस समय प्रियंका चोपड़ा अपनी अपकमिंग फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग में बिजी हैं. वो फिल्म के सेट से भी मालती की तस्वीरें करती रहती हैं. अब उन्होंने मालती का नया वीडियो शेयर किया है. इसे देखकर लोग मालती की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक पा रहे हैं. इस वीडियो में मालती गुनगुनाती हुई नजर आ रही हैं.प्रियंका चोपड़ा ने मालती का वीडियो अपने इंस्ट्राग्राम पर शेयर किया है. उनके शेयर करते ही ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. इस वीडियो की शुरुआत प्रियंका के कार में बैठने से होती है, जिसमें 'द ब्लफ' के सेट की झलक दिखाई देती है. इसके बाद निक और प्रियंका का प्यारा सा मोमेंट दिखाया गया है. वीडियो में निक को मालती के साथ खेलते और उसे शॉपिंग पर ले जाते हुए दिखाया गया है. एक तस्वीर में मालती बीच पर मस्ती करती नजर आ रही हैं. वीडियो के एंड में बैकग्राउंड में हल्की आवाज में गाने बज रहे हैं, जिसके साथ-साथ मालती भी गुनगुना रही हैं.

**लोगों ने लुटाया प्यार**

उनके इस वीडियो पर कुछ ही घंटों में लाखों लाइक्स आ गए हैं. लोग मालती पर खूब प्यार लुटा रहे हैं. इसके साथ ही लोग प्रियंका चोपड़ा की भी तारीफ कर रहे हैं कि उन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ और पर्सनल लाइफ को कितनी अच्छी तरह से बैलेंस किया हुआ है. एक यूजर ने लिखा, मुझे लगता है कि उनकी आवाज बहुत अच्छी होगी. उसका गुनगुना बहुत प्यारा है, जिसने मेरे दिल को खुशी से भर दिया है.दूसरे यूजर ने लिखा, "OMG वो बहुत अच्छी लगती है, बिल्कुल अपने डैड की तरह. एक ने लिखा, एक बॉस की तरह काम और अपने मां होने के फर्ज को बैलेंस करना. मैं 2007 से जोनस ब्रदर्स की फैन हूं और मुझे बहुत खुशी है कि निक आप जैसी महिला से मिले. आप कमाल हैं, आप शानदार हैं.'द ब्लफ' एक अमेरिकी फिल्म है. इसे फ्रैंक ई. फ्लावर्स डायरेक्ट कर रहे हैं. इसमें प्रियंका चोपड़ा के साथ कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज़ कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांत नायडू जैसे एक्टर्स नजर आएंगे. इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा फरहान अख्तर की 'जी ले जरा' में भी नजर आएंगी. हालांकि अभी उन्होंने इस पर काम शुरू नहीं किया है.

## हिंदू-मुस्लिम शादी नहीं कर सकते? सोनाक्षी-जहीर पर 'शक्तिमान' ने कही ऐसी बात



बॉलीवुड और टीवी की दुनिया का जाना-माना नाम रहे मुकेश खन्ना हर एक मुद्दे पर खुलकर बात करना पसंद करते हैं और अपना ओपिनियन बहुत मजबूती के साथ रखते हैं. हाल ही में बॉलीवुड एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी और एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने शादी की. उन्होंने मुस्लिम धर्म के जहीर इकबाल के साथ शादी की. शादी आपसी सहमति से हुई. वहीं कई अफवाहें ये भी आईं कि सोनाक्षी के घरवाले इस शादी से खुश नहीं हैं. हालांकि बाद में पूरी फैमिली ने अपना क्लरिफिकेशन दिया. खुद शत्रुघ्न सिन्हा ने इस खबर को अफवाह बताया. अब सुपरहीरो शो शक्तिमान करने वाले एक्टर मुकेश खन्ना ने सोनाक्षी का समर्थन किया है.

मुकेश खन्ना ने कहा कि- सोनाक्षी और जहीर की शादी को हिंदू-मुस्लिम के एंगल से मत देखिए. ये एंगल अब नहीं चलेगा. जो सोनाक्षी ने किया वो कोई अचानक लिया हुआ फैसला नहीं था. वे शादी के 6-7 साल पहल से साथ रह रहे थे. आज लोग इसे लव जिहाद कह रहे हैं. लव जिहाद तब होता है जब कोई जोर-जबरदस्ती होती है. क्या एक हिंदू और मुस्लिम शादी नहीं कर सकते हैं? बहुत लोगों ने हमारे समय में भी किया और आज अच्छे से जीवन बिता रहे हैं. शादी का विषय पूरी तरह से उनका घरेलू विषय है.

**सलमान खान ने की शिरकत**

सोनाक्षी सिन्हा ने 7 साल रिलेशनशिप में रहने के बाद 23 जून 2024 को जहीर इकबाल से शादी कर ली. दोनों ने कोर्ट मैरिज की और फिर ग्रैंड रिसेप्शन पार्टी रखी. इस दौरान हनी सिंह समेत सोनाक्षी के करीबी दोस्त शामिल हुए. कड़ी सुरक्षा के बीच सलमान खान ने भी शादी अटेंड की और खूब एंजॉय किया. शादी के दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं और उन्हें हर तरफ से बधाई मिली. जहीर इकबाल की बात करें तो वे एक बड़े बिजनेसमैन के बेटे हैं और बॉलीवुड फिल्में भी कर चुके हैं.